# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

रविवार, 15 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 45, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## दुर्घटनाएं रोकने में मदद कर रहा एआई

भारत में 64 लाख किलोमीटर लंबी सड़कों पर होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं को कम करने में अब एआई का भी बखूबी इस्तेमाल किया जा रहा है। } 14

## लोगों को गुमराह कर भ्रम पैदा कर रहे हैं राहुल : शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह कर भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। } 16

# भारत-पाक के बीच हाई वोल्टेज मैच आज

### टी-20 वर्ल्डकप : श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में बढ़ायी गयी सुरक्षा

एजेंसी




कोलंबो। श्रीलंका पुलिस ने शनिवार को कहा कि रविवार को कोलंबो में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले से पहले विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान रविवार को यहां स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगे।

श्रीलंका के अधिकारियों ने कहा कि मैच के आयोजन की सुरक्षा के मामले में कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता एफ टी वूटलर ने संवाददाताओं से कहा हमने (श्रीलंका पुलिस) ने एक विशेष यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की है। यह मुकाबला कई हफ्तों की अनिश्चितता के बाद हो रहा है। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के समर्थन में मैच के बहिष्कार की घोषणा की थी। इस मुद्दे पर फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी), बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच गहन बातचीत हुई। श्रीलंका सरकार ने भी पाकिस्तान से अपील की थी कि वह अपना निर्णय बदले क्योंकि टूर्नामेंट के सह-मेजबान के रूप में पहले से की गई तैयारियों में भारी नुकसान हो सकता था। राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को फोन कर अपनी टीम को मैच खेलने के लिए कोलंबो भेजने की जरूरत पर बात की।

(विस्तृत खबर भीतर)

# नौकरी की गारंटी होगी प्रदेश के वानिकी विश्वविद्यालय की डिग्री : योगी

घनश्याम कुमार

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कैम्पियरगंज में बनने जा रहे प्रदेश के पहले वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय (फॉरेस्ट्री एंड हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी) की डिग्री नौजवानों के लिए नौकरी की गारंटी होगी। इस विश्वविद्यालय से डिग्री और डिप्लोमा लेकर निकलने वाले युवाओं के लिए देश और दुनिया में रोजगार के व्यापक अवसर होंगे। साथ ही यह विश्वविद्यालय अन्नदाता किसानों की आमदनी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सीएम योगी शनिवार को जंगल कौड़िया ब्लॉक में पुनर्निर्मित बीडीओ कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कैम्पियरगंज में बने गिद्धराज जटायु संरक्षण केंद्र का उल्लेख करते हुए कहा कि कृतज्ञता ज्ञापित करना हमारी भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। हमारे लिए किसी ने कुछ किया तो उसके प्रति कृतज्ञ होना हमारी जीवनशैली का हिस्सा है।



गिद्धराज जटायु की मानव जाति पर बड़ी कृपा रही। माता सीता का हरण कर ले जा रहे रावण का पहला प्रतिकार गिद्धराज जटायु ने किया था। वह सृष्टि के पालनकर्ता भगवान विष्णु की सवारी भी हैं। आज केमिकल और पेस्टिसाइड्स के इस्तेमाल के चलते गिद्धराज ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पुलवामा हमले के शहीदों को सीएम ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2019 में इसी दिन पुलवामा आतंकी हमले में जान गंवाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को शनिवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। आदित्यनाथ ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में लिखा, पुलवामा में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारत माता के सभी वीर सपूतों को नमन। हमारे अमर जवानों का बलिदान भारतीय शौर्य के उस अजेय संकल्प का उद्घोष है, जो हमें आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने हेतु सदैव प्रेरित करता है। जय हिंद। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हिंदी में एक पोस्ट में कहा, पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए भारत माता के सभी वीर सैनिकों ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### दिल्ली में ओवरडेटेड वाहन होंगे जब्त

नयी दिल्ली। दिल्ली परिवहन विभाग ने शनिवार को एक सार्वजनिक सूचना जारी कर कहा कि समयसीमा समाप्त हो चुके किसी भी पुराने वाहन को, चाहे वह सड़क पर चल रहा हो या खड़ा हो, बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त कर लिया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के मानदंडों को सख्ती से लागू करना है। दस वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहन और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहन एंड ऑफ लाइफ व्हीकल्स (ईओवी) की श्रेणी में आते हैं। अपने नोटिस में परिवहन विभाग ने ईओवी के मालिकों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने और अपने वाहनों को राष्ट्रीय राजधानी से बाहर स्थानांतरित करने के लिए कहा है। नोटिस में कहा गया है, सार्वजनिक स्थानों पर चल रहे या खड़े बीएस-3 और उससे नीचे के उत्सर्जन मानकों वाले पुराने वाहनों को कानून के अनुसार बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त कर कबाड़ कर दिया जाएगा।

### हाथी के हमले में मां की मौत, दो बेटे घायल

बहराइच। बहराइच में शनिवार को कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के बिछिया-मिहीपुरवा मार्ग पर जंगली हाथी के हमले में महिला की मौत हो गई, जबकि, उसके दो बेटे घायल हो गए। यह लोग बाइक से निकल रहे थे। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटना की जानकारी ली। मूल रूप से लखीमपुर खीरी जिले के पारस पुरवा गांव निवासी मुन्नी देवी (45) पत्नी विक्रम निषाद अपने दो बेटों करन (17) और अर्जुन (15) के साथ बाइक से इलाज के लिए मिहींपुरवा के खालेपुरवा गांव गई थीं। दोपहर बाद करीब 3.00 बजे तीनों मिहीपुरवा-बिछिया हाईवे से होकर वापस घर लौट रहे थे। निशानगाड़ा और बिछिया के बीच सड़क पर अचानक एक टस्कर हाथी सामने आ गया।

# कांग्रेस ने असम में उग्रवाद को दिया बढ़ावा : मोदी

### पीएम मोदी ने 3,030 करोड़ रुपये की लागत से ब्रह्मपुत्र नदी पर बने पुल का किया उद्घाटन

एजेंसी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने और अपने शासनकाल के दौरान असम में उग्रवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है और असम में उसके कार्यकाल के दौरान भय और असुरक्षा का माहौल बना रहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बने छह लेन वाले पुल का उद्घाटन किया। यह पूर्वोत्तर में निर्मित पहला एक्स्ट्राडोज्ड प्रीस्ट्रेस्ड कंक्रीट (पीएससी) पुल है। 3,030 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित कुमार भास्कर वर्मा सेतु गुवाहाटी को उत्तरी गुवाहाटी से जोड़ेगा। उद्घाटन के बाद मोदी ने पुल पर चहलकदमी की। इस अवसर पर असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य और मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कांग्रेस ने ध्रुवीकरण और वोट बैंक की राजनीति में लिप्त होकर ऐसे निर्णय लिए, जिनसे इन चीजों को बढ़ावा मिला। मोदी ने कहा देश का विभाजन मुस्लिम लीग के कारण हुआ था, लेकिन अब एमएमसी - माओवादी, मुस्लिम लीग, कांग्रेस - हैं और लोगों को इनके बारे में जागरूक होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया, लेकिन भाजपा अवैध अप्रवासन को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसलिए अगले पांच साल राज्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि असम में 10 वर्षों से सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस सत्ता में रहने के समय से भी अधिक खतरनाक हो गई है और यह बात उसके नेताओं द्वारा दिये गये जहरीले बयानों से स्पष्ट है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने सात दशकों में ब्रह्मपुत्र नदी पर केवल तीन पुलों का निर्माण किया, लेकिन भाजपा सरकार ने 10 वर्षों में पांच पुलों का निर्माण किया। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के प्रयासों से असम में चौतरफा विकास हो रहा है। उन्होंने कहा भाजपा असम की पहचान और उसकी परंपराओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने जगीरोड स्थित टाटा समूह के संयंत्र का जिक्र करते हुए कहा कि असम चाय के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन अब यह राज्य अपने सेमीकंडक्टर चिप के लिए विश्व स्तर पर ख्याति प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि 2014 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्वोत्तर के पहले आपातकालीन लैंडिंग स्थल पर उतरा प्रधानमंत्री का विमान

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ जिले में स्थित पूर्वोत्तर की पहली आपातकालीन लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) पर सी-130जे विमान से शनिवार को ऐतिहासिक लैंडिंग की। प्रधानमंत्री मोदी ने चाबुवा हवाई क्षेत्र से उड़ान भरी और वह राष्ट्रीय राजमार्ग-37 स्थित मोरान के ईएलएफ पर उतरे। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह बेहद गर्व की बात है कि पूर्वोत्तर को एक आपातकालीन लैंडिंग सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा रणनीतिक दृष्टि से और प्राकृतिक आपदाओं के समय, यह सुविधा अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि 100 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित ईएलएफ मोरान बाईपास पर 4.2 किलोमीटर लंबी पट्टी है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री ने किया। यह वायु सेना के लड़ाकू विमानों और परिवहन विमानों के लिए एक रणनीतिक और बहुउद्देशीय हवाई ...शेष पृष्ठ 14 पर

## प्रधानमंत्री, गृहमंत्री समेत पूरे देश ने पुलवामा हमले के शहीदों को दी श्रद्धांजलि

नयी दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 2019 में आज ही के दिन हुए आतंकी हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि दुनिया ने देखा है कि सरकार ने सात साल पहले हुए हमले पर कैसे प्रतिक्रिया दी थी।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुडुचेरी में एक रैली को संबोधित करते हुए आतंकवाद के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक और इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर जैसी निर्णायक कार्वाई के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा की। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सीआरपीएफ जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा। एक आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी, 2019 को विस्फोटकों से लदे वाहन से सीआरपीएफ जवानों की बस को टक्कर मार दी थी जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। कुछ दिनों बाद भारत ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आतंकवाद को जड़ से खत्म करना जरूरी

### राष्ट्र सुरक्षा के लिए दृढ़ता और संकल्प के साथ कार्य करती रहेगी सीआरपीएफ

एजेंसी

पुलवामा। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) प्रमुख ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने देश से आतंकवाद के हर स्वरूप के समूल उन्मूलन के लिए शनिवार को बल की प्रतिबद्धता दोहरायी। सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ राष्ट्र की सुरक्षा के लिए पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ कार्य करती रहेगी तथा आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जाएगा।

दक्षिण कश्मीर के लेथपोरा जिले में आज ही के दिन 2019 में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले सीआरपीएफ के 40 जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सिंह ने पत्रकारों से कहा, सीआरपीएफ देश से आतंकवाद के सभी स्वरूपों को मिटाने के लिए




सीआरपीएफ प्रमुख ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह

कर्तव्यबद्ध है। सीआरपीएफ के शीर्ष अधिकारियों ने सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शहीद सीआरपीएफ जवानों को पुष्पांजलि अर्पित की। सीआरपीएफ महानिदेशक सिंह ने कहा हमने इस दिन अपने 40 बहादुर जवान खो दिए। हम यहां (हमले के) स्थल के पास शहीदों को श्रद्धांजलि देने आए हैं। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि सीआरपीएफ परिवार और सीआरपीएफ परिवार कल्याण संस्था शहीदों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं।

उन्होंने कहा इस दौरान हमने शहीदों के परिवारों को कई संसाधन उपलब्ध कराए हैं। जहां जरूरत थी, वहां आवास आवंटित किए गएअ कुल 19 परिवारों को घर दिए गए हैं और संबंधित राज्य सरकारों के समन्वय से कई अन्य परिवारों को जमीन दी गई है। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और सीआरपीएफ परिवार कल्याण संस्था इन परिवारों के बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च उठा रहे हैं और आगे भी ऐसा करते रहेंगे। सिंह ने कहा सभी बच्चों को वयस्क होने पर ...शेष पृष्ठ 14 पर

# राष्ट्र निर्माण में ज्ञान व कौशल का इस्तेमाल करें युवा : धामी

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने दीक्षांत समारोह में 1001 छात्र छात्राओं को बांटी डिग्रियां

प्रमुख संवाददाता

जॉलीग्रांट (देहरादून)। स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा मुख्य अतिथि तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दोनों नेताओं ने विभिन्न संकायों के 1001 छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्र और राज्य की शक्ति युवाओं में समाहित है। वे राष्ट्र निर्माण के पथ पर चलते हुए सेवा और मानवता को अपने जीवन का आधार बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे



अपने ज्ञान, कौशल और संवेदनशीलता को समाज व राष्ट्रहित में समर्पित करें, ताकि उनके कार्यों में सेवा, करुणा और मानवता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड के तीसरे दशक की परिकल्पना का उल्लेख करते हुए राज्य में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने रिवर्स पलायन को प्रोत्साहन, जल-जंगल संरक्षण, दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क, बिजली व इंटरनेट कनेक्टिविटी, पर्यटन विस्तार, सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) में सुधार, मत्स्य क्षेत्र के उन्नयन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलावों को राज्य की उपलब्धियां बताया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह केवल डिग्री प्राप्ति का अवसर नहीं, बल्कि जीवन के नए दायित्वों की शुरूआत है। अमृतकाल के आगामी 25 वर्षों को विकसित भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल बताते हुए उन्होंने कहा कि आज के युवा इस परिवर्तन के केंद्र में हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपनी शिक्षा का उपयोग समाज ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 25.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 10.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- आत्मनिर्भर यूपी के निर्माण को गति देगी एआई (पृष्ठ-02)
- अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ढाई गुना (पृष्ठ-02)
- सिग्नेचर ग्लोबल 7,500 करोड़ का करेगा निवेश (पृष्ठ-14)
- दुर्घटनाएं रोकने में मदद कर रहा एआई (पृष्ठ-14)
- 500 अरब डॉलर पहुंचेगा भारत-अमेरिका का व्यापार (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कई महत्वपूर्ण निर्णयों पर लगायी मुहर

# शहरी अवसंरचना के लिए एक लाख करोड़ मंजूर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी अवसंरचना को बड़ा प्रोत्साहन देते हुए शनिवार को एक लाख करोड़ रुपये की कुल केंद्रीय सहायता के साथ अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) शुरू करने को मंजूरी दे दी।

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा कि इस योजना के तहत केंद्र सरकार परियोजना लागत का 25 प्रतिशत हिस्सा वहन करेगी, बशर्ते कि परियोजना के लिए कम से कम 50 प्रतिशत धन बाजार से जुटाया गया हो। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इस पहल से अगले पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में कुल चार लाख करोड़ रुपये का




निवेश होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, यह कदम भारत के शहरी विकास दृष्टिकोण में एक बड़े बदलाव का प्रतीक है, जिसके तहत अब अनुदान-आधारित वित्तपोषण के बजाय बाजार से जुड़े, सुधार-आधारित और परिणाम-उन्मुख बुनियादी ढांचे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## नोएडा मेट्रो एक्सटेंशन कॉरिडोर पर केंद्र की मुहर

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नोएडा मेट्रो रेल परियोजना के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक 11.56 किलोमीटर लंबे एक्सटेंशन कॉरिडोर को मंजूरी दे दी है। इस नए एलिवेटेड कॉरिडोर में कुल 8 स्टेशन होंगे। इसके संचालन में आने के बाद नोएडा और ग्रेटर नोएडा में मेट्रो नेटवर्क की कुल लंबाई बढ़कर 61.62 किलोमीटर हो जाएगी। यह कॉरिडोर नोएडा से ग्रेटर नोएडा की यात्रा भी सुगम बनाएगा। इस फैसले को उत्तर प्रदेश में शहरीकरण और औद्योगिक विकास के अनुरूप सार्वजनिक परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया जा रहा है।

योगी आदित्यनाथ सरकार के शहरी विकास और निवेश प्रोत्साहन मॉडल में मजबूत कनेक्टिविटी को आधार स्तंभ माना गया है और यह परियोजना उसी रणनीति का विस्तार मानी जा रही है। यह नया कॉरिडोर नोएडा के सेक्टर-142 से बॉटनिकल गार्डन तक जाएगा, जहां दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन और मैजेंटा लाइन से इंटरचेंज की सुविधा मिलेगी। इससे नोएडा व ग्रेटर नोएडा के निवासियों को सीधे दिल्ली और अन्य प्रमुख ट्रांजिट हब से जुड़ने का लाभ मिलेगा। इससे दिल्ली एयरपोर्ट, प्रमुख रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को समय पर इलाज के लिए पीएम राहत योजना

एजेंसी

नयी दिल्ली। सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली प्रदान कराने के उद्देश्य से सरकार ने शनिवार को पीएम राहत योजना की शुरुआत की। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी संख्या में मौतें होती हैं, जिनमें से कई मौतें समय पर चिकित्सा मुहैया कराने से रोकी जा सकती हैं।

**1.5 लाख रुपये तक मिलेगा कैशलेस इलाज**

मंत्रालय ने अध्ययनों का जिक्र करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को सड़क दुर्घटना के पहले घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती कराया जाए तो सड़क दुर्घटना में होने वाली लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। मंत्रालय ने कहा प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ भवन में स्थानांतरित होने के बाद अपने पहले निर्णय में प्रधानमंत्री ने पीएम राहत (सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए अस्पताल में भर्ती और सुनिश्चित इलाज) योजना शुरू करने की मंजूरी दी। यह योजना सरकार के उस दृष्टिकोण को दिखाती है, जिसमें कमजोर नागरिकों के लिए सेवा, करुणा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाती है। मंत्रालय के मुताबिक, इस योजना के तहत किसी भी सड़क दुर्घटना में पात्र ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आत्मनिर्भर यूपी के निर्माण को गति देगी एआई कौशल क्रांति

## प्रदेश सरकार लाखों युवाओं के लिए शुरू करेगी एआई और इमर्सिव तकनीकों का व्यापक प्रशिक्षण अभियान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने बीते कुछ वर्षों में विकास की जिस नई कार्यसंस्कृति को स्थापित किया है, उसका केंद्र बिंदु केवल आधारभूत संरचना का निर्माण नहीं, बल्कि ह्यूमन कैपिटल (मानव पूंजी) का सशक्तीकरण भी है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा टेक युवा-समर्थ युवा योजना की शुरूआत की गई है। यह योजना प्रदेश में 25 लाख युवा शक्ति को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑगमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी और एक्सटेंडेड रियलिटी जैसी आधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित कर उत्तर प्रदेश को भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करने का व्यापक अभियान है।

योगी सरकार का स्पष्ट मत है कि 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि कौशल की है। प्रदेश में पहले चरण में डिजिटल अवसंरचना को मजबूत किया गया। बड़ी संख्या में युवाओं को टैबलेट उपलब्ध कराए गए, ताकि डिजिटल पहुंच सुनिश्चित हो सके। अब उसी आधार को मजबूत करते हुए सरकार इन उपकरणों को कौशल विकास के प्रभावी माध्यम में बदल रही है। एप्लिकेशन आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से युवाओं को व्यावहारिक और उद्योगोन्मुख शिक्षा दी जाएगी, जिससे वे सीधे रोजगार या कारोबार से जुड़ सकें। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह प्रावधान केवल बजट का आंकड़ा नहीं, बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। योगी सरकार युवाओं को केवल डिग्रीधारी नहीं, दक्ष और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था में एआई और उन्नत तकनीकों की मांग बढ़ रही है। ऐसे में उत्तर प्रदेश अपने युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना रहा है।

- भविष्य के रोजगारों की ठोस रणनीति और तैयारी के साथ आगे बढ़ने को तैयार उत्तर प्रदेश

सरकार का यह प्रयास व्यापक आर्थिक रणनीति से जुड़ा हुआ है। प्रदेश में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। डिफेंस कॉरिडोर, डेटा सेंटर पार्क और विभिन्न औद्योगिक परियोजनाओं के साथ अब आवश्यकता कुशल मानव संसाधन की है। टेक युवा-समर्थ युवा योजना इसी आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जब स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित युवा उपलब्ध होंगे तो उद्योगों को भी गति मिलेगी और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। इस योजना की विशेषता यह है कि इसका लाभ केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहेगा। ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के युवा भी डिजिटल माध्यम से उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे। इससे क्षेत्रीय असमानता कम करने में मदद मिलेगी और प्रदेश के हर हिस्से में समान अवसर उपलब्ध होंगे। योगी सरकार की सबका साथ सबका विकास की अवधारणा इसी प्रकार की योजनाओं के माध्यम से साकार हो रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में रोजगार का स्वरूप तकनीक आधारित होगा। ऐसे में यदि राज्य स्तर पर बड़े पैमाने पर कौशल उन्नयन किया जाता है तो यह बेरोजगारी की चुनौती को काफी हद तक कम कर सकता है। योगी सरकार का यह कदम युवाओं में आत्मविश्वास पैदा करेगा और उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा।

### भविष्य में इसके लाभ

- युवाओं की तकनीकी दक्षता बढ़ेगी, जिससे वे उभरते एआई आधारित उद्योगों में सीधे रोजगार पा सकेंगे
- प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध होगा, जिससे औद्योगिक विकास को गति मिलेगी
- स्वरोजगार और स्टार्टअप की संभावनाएं बढ़ेंगी, क्योंकि तकनीकी रूप से दक्ष युवा नवाचार की दिशा में आगे बढ़ सकेंगे
- ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों के युवाओं को भी समान अवसर मिलेंगे, जिससे क्षेत्रीय असमानता कम होगी

एआई और उन्नत डिजिटल तकनीकों में 25 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करना केवल कौशल विकास कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव की शुरूआत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार का ये कदम प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अगले दशक के लिए रीडिफाइन करने वाला है। इससे प्रदेश की युवा शक्ति नौकरी तलाशने वाली भीड़ नहीं, बल्कि इनोवेशन और निवेश को आकर्षित करने वाली दक्ष कार्यशक्ति में बदलेगी।

**मनिन्द्र अग्रवाल,** डायरेक्टर, आईआईटी, कानपुर

# यूपी की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी ढाई गुना से ज्यादा

विशेष संवाददाता (vol)

- 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में महिला श्रम भागीदारी 13% से बढ़कर 36% पहुंची
- जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर 2026-27 में 36 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने की ओर अग्रसर



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की तेज रफ्तार अर्थव्यवस्था के पीछे महिलाओं की बढ़ती भागीदारी सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में राज्य में महिला श्रम बल भागीदारी दर 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गई है। जिससे उत्तर प्रदेश के विकास को नई गति मिल रही है। इसी अवधि में प्रदेश के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी हुई है। वर्ष 2017 में करीब 13 लाख करोड़ रुपये तक सीमित रही जीएसडीपी 2026-27 में बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये की ओर अग्रसर है।

महिला श्रम बल भागीदारी दर में हर 1 प्रतिशत की वृद्धि से सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 0.5 से 1 प्रतिशत तक अतिरिक्त उछाल आता है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अर्थशास्त्र का यह सिद्धांत व्यवहार में साबित होता दिख रहा है। यही नहीं, महिला कार्यबल बढ़ने से उत्पादन क्षमता, श्रम उत्पादकता और राज्य के टैक्स बेस तीनों में समानांतर विस्तार हुआ है।

**महिलाएं बनीं ग्रोथ मल्टीप्लायर :** महिलाओं की आय बढ़ने से घरेलू उपभोग में वृद्धि हुई है, जिससे एमएसएमई गतिविधियों और सेवा क्षेत्र को लगातार गति मिल रही है। ग्रामीण स्वयं सहायता समूह, डेयरी और कृषि आधारित उद्योगों से लेकर शहरी सेवा क्षेत्र तक महिलाएं अब ग्रोथ मल्टीप्लायर की भूमिका निभा रही हैं।

**ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह आसान करेंगी महिलाएं :** नीतिगत स्तर पर महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और स्वरोजगार से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए उत्तर प्रदेश में आर्थिक भागीदारी का दायरा तेजी से बढ़ रहा है। यदि यही रफ्तार बनी रही तो उत्तर प्रदेश की ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की राह में महिलाओं की भूमिका निर्णायक रहेगी।

# तीर्थ स्थलों के लिए बजट में विशेष जोर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के धार्मिक पर्यटन स्थलों की विकास परियोजनाओं के लिए बजट 2026-27 में विशेष प्रावधान किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य काशी, अयोध्या, प्रयागराज की तर्ज पर नैमिषारण्य, चित्रकूट, देवीपाटन, विन्ध्यवासिनी धाम और शुकतीर्थ जैसे तीर्थस्थलों के विकास कार्यों को गति प्रदान करना है। प्रदेश के तीर्थ स्थलों में पहले से ही विभिन्न विकास परियोजनाएं चल रही हैं, इस राशि के उपयोग से विकास कार्य को गति मिलेगी, साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रदेश सरकार के इस कदम के बारे में मोतिहारी सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर शिरीष मिश्रा का कहना है कि ₹धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बजट में मिली राशि योगी सरकार की धार्मिक विरासत के संरक्षण के साथ आर्थिक विकास की नीति का हिस्सा है। इस धनराशि के उपयोग से एक ओर यूपी में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधाओं में वृद्धि होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेश की पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा।

**नैमिषारण्य तीर्थ स्थल के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान :** सीतापुर जनपद में स्थित नैमिषारण्य तीर्थ स्थल में पर्यटन अवस्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। 88 हजार ऋषि-मुनियों की तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध नैमिषारण्य तीर्थस्थल में पहले से ही 38 परियोजनाएं चल रही हैं। जिनमें से नौ का काम लगभग पूरा हो चुका है। बजट में स्वीकृत धनराशि से शेष परियोजनाओं का निर्माण तेज गति से पूरा किया जा सकेगा। इस क्रम में नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र में घाटों का सुंदरीकरण, मार्गों का चौड़ीकरण, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। यह तीर्थ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों एवं तीर्थ स्थल में रहने वाले साधु- संतों को भी सुविधा प्रदान करेगा।

**काशी और अयोध्या की तर्ज पर विकसित हो रहा है चित्रकूट धाम :** योगी सरकार की मंशा चित्रकूट धाम को भी काशी और अयोध्या की तर्ज पर प्रमुख धार्मिक पर्यटन केंद्र बनाने की है। इस दिशा में चित्रकूट धाम तीर्थ विकास परिषद के लिए बजट में 50 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे धाम क्षेत्र में कामदगिरि परिक्रमा मार्ग का सौंदर्यीकरण, देवांगना एयरपोर्ट के पास पर्यटन सुविधा केंद्र का निर्माण, राम वनगमन मार्ग के पड़ाव स्थलों पर सुविधाओं का विकास किया जाएगा। साथ ही मंदाकिनी नदी के रामघाट, तुलसीदास की जन्मस्थली राजापुर और महर्षि वाल्मीकि आश्रम के सौंदर्यीकरण का कार्य भी शामिल है।

**विंध्यवासिनी धाम में बनेगा त्रिकोणीय परिक्रमा मार्ग :** मिजार्पुर के विंध्यवासिनी धाम में विकास कार्यों के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। जिससे तीर्थ क्षेत्र के प्राचीन मंदिरों में मार्गों के चौड़ीकरण, लाइट, पार्किंग व्यवस्था के साथ आश्रय स्थल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही गंगा जी के पास पक्के घाटों का निर्माण किया जाएगा।

# विकास का मॉडल बन चुका है गोरखपुर

विशेष संवाददाता (vol)

- सीएम योगी ने किया पांचवें कल्याण मण्डम का लोकार्पण



**लखनऊ/गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कैसे होता है, आज गोरखपुर उसका मॉडल बन चुका है। विकास कैसे होना चाहिए, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश यह साबित कर रहा है। आज गोरखपुर में सब कुछ है और उत्तर प्रदेश में भी। सीएम योगी शनिवार को वार्ड नंबर-22 जंगल तुलसीराम के बिछिया कॉलोनी में बने शहर के पांचवें कल्याण मंडपम का लोकार्पण करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। यह कल्याण मंडपम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विधायक निधि से गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा 2.47 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

कल्याण मंडपम के लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को देवाधिदेव महादेव की उपासना के महापर्व महाशिवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज विकास के कार्य हर स्तर पर किए जा रहे हैं। अभी केंद्र और प्रदेश सरकार के बजट में युवाओं, महिलाओं सहित समाज के प्रत्येक तबके के लिए ढेर सारी स्कीम आई हैं। ये ढेर सारी स्कीम समय-समय पर प्रारंभ होगी तो उसका लाभ प्रदेशवासियों के साथ गोरखपुरवासियों को भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने कल्याण मंडपम की आवश्यकता और इसके महत्व को समझाते हुए कहा कि आज से 15-20 साल पहले तक लोग शादी-विवाह के लिए सड़क पर टेंट लगाकर आयोजन करते थे। तब आबादी कम थी, यातायात के साधन कम थे तो कोई समस्या नहीं होती थी। लेकिन, अब घराती हो या बराती, सबको ऐसा स्थान चाहिए, जिससे किसी को असुविधा न हो। हर व्यक्ति महंगे होटल या मैरिज हाउस का खर्च नहीं उठा सकता। अब होटल और मैरिज हाउस जैसी अत्याधुनिक सुविधा कल्याण मंडपम में मिनिमम यूजर चार्ज पर उपलब्ध हो रही है। इतना ही नहीं, कई बार एक ही दिन में हजारों शादियां होने से भी कल्याण मंडपम की उपयोगिता बढ़ रही है। सीएम योगी ने बताया कि गोरखपुर महानगर में पांच कल्याण मंडपम बन गए हैं। इसके अलावा पांच अन्य मंडपम जंगल बेनी माधव, बशारतपुर, नकहा नम्बर दो, महादेव झारखंडी और सेमरा में बन रहे हैं। अधिकतर में उन्होंने अपनी विधायक निधि से धनराशि दी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज लोकार्पित बिछिया के कल्याण मंडपम के लिए उन्होंने दो करोड़ रुपये अपनी विधायक निधि से दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक कार्यों के लिए नगर निगम, विकास प्राधिकरण की निधि के साथ ही पार्षद, महापौर, विधायक और सांसद निधि का भी इस्तेमाल हो रहा है। कल्याण मंडपमों से वास्तविकता में गरीबों का कल्याण होगा और रोजगार का सृजन भी होगा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हर तबके को आवास की सुविधा मिल रही है। राप्तीनगर विस्तार में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स भी बन रहा है और हर तबके के लिए आवास की सुविधा भी दी जा रही है। ऐसे ही आवास की सुविधा अन्य जगहों पर भी उपलब्ध करवाई जा रही है।

**आज सबकुछ है गोरखपुर में :** सीएम योगी ने कहा कि आज गोरखपुर में सबकुछ है। यहां एम्स आ गया है, मेडिकल कॉलेज सुदृढ़ हो गया है। फर्टिलाइजर कारखाना चल गया है। यहां हर तरफ अच्छी सड़कें और फोरलेन की कनेक्टिविटी है। गोरखपुर से लखनऊ, वाराणसी, नेपाल, देवरिया, कुशीनगर के लिए फोरलेन सड़कें हैं। यहां बाईपास भी बन रहे हैं। अब जाम नहीं लगने पाएगा। जाम से जड़ता आती है, इसलिए गोरखपुर को जाम से मुक्त बनाना है। इसके लिए गोरखपुर के लोग लगातार सहयोग कर अपना योगदान देते हैं। इसके चलते ही विकास के अच्छे परिणाम सामने आते हैं।

**पिछली सरकारें बेईमानी करती थीं, बीमारी लाती थीं :** अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोगों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि पिछली सरकारें बेईमानी करती थीं और बीमारी लाती थीं। हम लोगों ने बेईमानी को रोका है और बीमारी को पूरी तरह से समाप्त कर दिया। आज इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारी नहीं है। लेकिन, यह हम सबका दायित्व है कि शुद्धता और स्वच्छता पर ध्यान दें। गंदगी न होने दें, कूड़ा सड़क या नाली में न फेकें। सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें।

**पर्यावरण बचाएंगे तभी आपको पर्यावरण बचाएगा :** मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण की सीख देते हुए कहा कि आप पर्यावरण को बचाएंगे तभी पर्यावरण आपको बचाएगा। दिल्ली की हालत देखिए, वहां घुटन भरी जिंदगी हो गई है। ऐसा लगता है कि जैसे गैस चैंबर में हों। एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी खराब स्थिति में है। आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत होती है। डॉक्टर बुजुर्गों, बीमार लोगों और बच्चों को घर से बाहर जाने से मना करते हैं, जबकि गोरखपुर में कितना शानदार माहौल है। कहीं कोई दिक्कत नहीं, कहीं कोई दमघोंटू माहौल नहीं।

# श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण कार्य में तेजी

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ में तीन, गौतमबुद्धनगर में चार व गाजियाबाद में एक का हो रहा निर्माण
- प्रत्येक छात्रावास की क्षमता 500 की होगी, कुल 4,000 महिलाओं को मिलेगा लाभ

**लखनऊ।** शहरी क्षेत्रों में रोजगार की तलाश में आने वाली कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित और किफायती आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से योगी सरकार ने आठ श्रमजीवी महिला छात्रावासों के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। कुल स्वीकृत धनराशि का 66 प्रतिशत प्रथम किस्त के रूप में जारी किया जा चुका है। इससे निर्माण कार्य को गति मिली है। भारत सरकार की एसएएससीआई योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में यह परियोजना संचालित की जा रही है, जिसके लिए कुल 382 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**सीएंडडीएस को दी गई जिम्मेदारी :** प्रदेश सरकार ने अप्रैल 2025 में सीएंडडीएस को इस परियोजना का कार्यदायी संस्थान नामित किया है। विभागीय स्तर पर भूमि चिन्हांकन की प्रक्रिया पूरी कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित कर दी गई है। लखनऊ में तीन, गौतमबुद्धनगर में चार और गाजियाबाद में एक समेत कुल आठ छात्रावासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। प्रत्येक छात्रावास की क्षमता 500 महिलाओं की होगी। इस प्रकार कुल 4,000 कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित आवास सुविधा उपलब्ध कराई जा सकेगी।

**सुरक्षा और स्वच्छता पर जोर :** इन छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, भोजनालय, सामान्य बैठक कक्ष तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उद्देश्य यह है कि रोजगार के लिए शहरों में आने वाली महिलाओं को सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

**महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम :** गाजियाबाद के सूर्यनगर क्षेत्र में प्रस्तावित छात्रावास के लिए आवश्यक अनुमति के लिए प्रक्रिया जारी है। संबंधित प्राधिकरणों से स्वीकृति प्राप्त होते ही वहां भी निर्माण कार्य पूर्ण गति से शुरू किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न उद्योगों, सेवा क्षेत्रों, निजी संस्थानों और असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हैं। आवास की कमी और सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उनके सामने बड़ी समस्या बनती हैं। इस परियोजना के माध्यम से सरकार न केवल सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करा रही है, बल्कि महिला सशक्तीकरण की दिशा में ठोस कदम भी उठा रही है।

**महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर :** यह योजना केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। योगी सरकार का फोकस स्पष्ट है कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भागीदारी बढ़े और उन्हें कार्यस्थल के साथ-साथ आवासीय सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। परियोजना को चरणबद्ध तरीके से समयसीमा के अंदर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण कार्य की नियमित निगरानी की जा रही है ताकि गुणवत्ता और तय समयसीमा का पालन सुनिश्चित हो सके।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से प्रदेश के शहरी श्रमबल को मजबूती मिलेगी और कामकाजी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिलेगी। सुरक्षित और किफायती छात्रावास व्यवस्था महिलाओं को रोजगार के अवसरों से जुड़ने में सहायक सिद्ध होगी।

# विकास, व्यवहार और नेतृत्व को मजबूती देगी कार्यशाला

## प्रशिक्षण राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का महायज्ञ : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भाजपा द्वारा उत्तर प्रदेश में शुरू किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान की प्रदेश कार्यशाला शनिवार को बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय, लखनऊ स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के राष्ट्रीय सहसंयोजक ओमप्रकाश धनखड़, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह, प्रशिक्षण महाभियान के उत्तर पूर्व क्षेत्र (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार) के क्षेत्रीय प्रभारी, पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अमर पाल मौर्य, उत्तराखंड के पूर्व महामंत्री राजू भंडारी ने उपस्थित प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण महाभियान को लेकर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन किया। कार्यशाला का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण अभियान के प्रदेश संयोजक अनूप गुप्ता ने किया। पार्टी ने तय किया है कि बूथ स्तर तक प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जायेंगे।

पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री एंव प्रशिक्षण महाभियान के राष्ट्रीय संयोजक ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रशिक्षण तरासने की प्रक्रिया है। जो सीखता है वह बढ़ता है, जो सीखना बंद कर देता है वो बढ़ना भी बंद कर देता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। धनखड़ ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठन सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदम बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को विचार, व्यवहार और नेतृत्व तीनों स्तरों पर समृद्ध करेगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और सेवा भाव से ओत-प्रोत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प को सुदृढ़ करने का महायज्ञ है।

उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है और प्रशिक्षण से उसकी क्षमता, दक्षता और वैचारिक स्पष्टता में वृद्धि होती है। यह महाअभियान संगठन की मजबूती, विस्तार और अंत्योदय के लक्ष्य की प्राप्ति में मील का पत्थर सिद्ध होगा। पंकज चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि इस प्रशिक्षण वर्ग को पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और आत्मचिंतन के साथ आत्मसात करें तथा स्व. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों को अपने आचरण में उतारते हुए संगठन और राष्ट्र सेवा के पथ पर और अधिक दृढ़ता से आगे बढ़ें।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान को संगठनात्मक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्यकुशलता को नई दिशा देगा।

# 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम के साथ होगा सांस्कृतिक महासंगम

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** बुंदेलखंड के बांदा जनपद की ऐतिहासिक धरती पर 15 से 17 फरवरी तक तीन दिवसीय कालिंजर महोत्सव 2026 का आयोजन होगा। 'इतिहास की गूंज, संस्कृति की आत्मा' थीम पर आधारित यह महोत्सव उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक परंपराओं और कलात्मक उत्कृष्टता का अद्भुत उत्सव होगा। महोत्सव का आयोजन जिला पर्यटन-संस्कृति परिषद तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से कटरा कालिंजर मेला ग्राउंड में किया जाएगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कालिंजर महोत्सव में बुंदेली लोकनृत्य, आल्हा गायन, भजन और लोकगीतों सहित विविध प्रस्तुतियां होंगी, जो क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को मंच प्रदान करेंगी। तीन दिवसीय महोत्सव में जहां एक ओर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की छटा बिखरेगी, वहीं खेल महोत्सव से युवाओं की ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को मंच मिलेगा। 'बांदा गॉट टैलेंट' के जरिए स्थानीय प्रतिभाओं को कला प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा, तो 'आज की शाम कालिंजर के नाम' के अंतर्गत विभिन्न विधाओं के खिलाड़ी, कलाकार, गायक अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। महोत्सव स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर की झलक के साथ परंपरा और नवाचार का उत्सव बनकर उभरेगा।

- खेल महोत्सव में होगा खो-खो, कबड्डी एवं दंगल
- तृप्ति शाक्या एंड ग्रुप, साधो द बैंड और ममता शर्मा सजाएंगी सुरमयी शाम

महोत्सव के तहत मंडलीय सरस मेले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की प्रदर्शनी व विभागीय स्टॉल लगाए जाएंगे। मेले में सम्मेलन एवं गोष्ठी भी होगी।

### खेल महोत्सव और 'बांदा गॉट टैलेंट'

खेल महोत्सव प्रतिदिन प्रातः आठ से अपराह्न चार बजे तक होगा, इसमें 15 फरवरी को खो-खो, 16 फरवरी को कबड्डी तथा 17 फरवरी को दंगल होगा। 'बांदा गॉट टैलेंट' प्रतिदिन अपराह्न एक बजे से तीन बजे तक किया जाएगा। इसके अंतर्गत 15 फरवरी को विद्यालय स्तरीय, 16 फरवरी को महाविद्यालय स्तरीय तथा 17 फरवरी को सांस्कृतिक उत्सव 2025-26 के जनपद स्तरीय विजेता विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे।

### 'आज की शाम कालिंजर के नाम' से सजेगा मंच

कालिंजर महोत्सव में 15, 16 व 17 फरवरी को अपराह्न चार बजे से सायं छह बजे तक 'स्थानीय सांस्कृतिक धरोहर' के अंतर्गत बुंदेली लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां होंगी। इनमें बुंदेली लोकनृत्य, बुंदेली लोक गायन, वीर रस से ओत-प्रोत आल्हा गायन, भजन एवं लोक गीतों के माध्यम से क्षेत्र की समृद्ध परंपरा की झलक देखने को मिलेगी। 'आज की शाम कालिंजर के नाम' के अंतर्गत महोत्सव में प्रतिदिन शाम छह बजे से रात्रि 10 बजे तक सांस्कृतिक संध्या होगी। 15 फरवरी को तृप्ति शाक्या एंड ग्रुप अपनी प्रस्तुति से माहौल को सुरमयी बनाएगा। 16 फरवरी को साधो द बैंड एंड ग्रुप तथा राधा श्रीवास्तव एंड ग्रुप दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। 17 फरवरी को ममता शर्मा एवं राजा रेन्चो अपनी प्रस्तुति से शाम को यादगार बनाएंगे। अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने बताया कि 'कालिंजर महोत्सव-2026 बुंदेलखंड की ऐतिहासिक चेतना और जनभागीदारी का सशक्त उत्सव है। प्रदेश सरकार ने गणतंत्र दिवस की झांकी में भी कालिंजर किला को प्रमुखता से प्रदर्शित कर उसकी वैश्विक पहचान को नई ऊंचाई दी थी। पर्यटन विभाग का प्रयास है कि बुंदेलखंड के चर्चित एवं विरासत स्थलों को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर सशक्त रूप से स्थापित किया जाय। यह आयोजन पर्यटन संवर्धन, स्थानीय अर्थव्यवस्था के सशक्तीकरण और सांस्कृतिक पहचान के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।'

# ट्रांसफॉर्मेशन : 1500 गांवों की महिलाओं ने किया साढ़े आठ सौ करोड़ का कारोबार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिला शक्ति नई ऊर्जा बनकर उभरी है। छह जिलों की महिलाओं ने संगठित डेयरी मॉडल के जरिए न केवल अपनी आय बढ़ाई है, बल्कि गांवों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति दी है। प्रदेश के अयोध्या, सुल्तानपुर, रायबरेली, अमेठी, प्रतापगढ़ और कानपुर नगर के करीब 1500 गांवों की एक लाख महिला सदस्यों ने सामर्थ्य मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के माध्यम से अब तक लगभग 850 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस नेटवर्क से जुड़ी महिलाएं प्रतिदिन करीब पौने चार लाख लीटर दूध का संग्रहण कर रही हैं, जिससे ग्रामीण डेयरी सेक्टर में स्थायी आय का मॉडल विकसित हुआ है। जो महिलाएं कभी सिर्फ घरेलू कामकाज तक सीमित रहती थीं, वे अब अपने पूरे परिवार की जिम्मेदारी भी सफलतापूर्वक उठा रही हैं।

इन छह जिलों में डेयरी से जुड़ी महिलाओं की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सबसे महत्वपूर्ण बात ये है कि इस काम से जुड़कर 14,500 महिलाएं लखपति दीदी भी बन चुकी हैं। इससे न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला नेतृत्व भी मजबूत हुआ है। डेयरी से जुड़ी महिलाओं को अब तक करीब 14 करोड़ रुपये का लाभांश वितरित किया जा चुका है। नियमित भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था ने महिलाओं का भरोसा बढ़ाया है और डेयरी को स्थायी आजीविका के रूप में स्थापित किया है।

इस पहल का मूल उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए गांवों में आय के नए स्रोत खड़े करना है। महिला-आधारित डेयरी नेटवर्क का यह मॉडल आने वाले समय में प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और गति देगा तथा महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनेगा।

संक्षेप

## पति समेत ससुरालीजनों पर उत्पीड़न का केस

**प्रतापगढ़।** दहेज उत्पीड़न को लेकर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बुआ का पुरवा बेलहा गांव की रोली पुत्री यशपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीते वर्ष पन्द्रह मई 2024 को उसका विवाह राहुल पुत्र प्यारेलाल निवासी भैरवपुर थाना महेशगंज के साथ हुआ। पीडिता का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति समेत ससुरालीजनों ने बीती बीस जनवरी को मारपीट कर उसे घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## छात्रा गायब, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** स्कूल के लिए गई छात्रा गायब हो गयी। अनहोनी की आशंका जताते हुए पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर दी। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित पिता का आरोप है कि बीती ग्यारह फरवरी को सुबह उसकी पुत्री क्षेत्र के एक डिग्री कालेज में पढ़ने गयी थी। उसके घर न लौटने पर परेशान परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कहीं पता नही चला। थक हारकर पीड़ित पिता ने गांव के ही प्रिंस पटेल पुत्र उदेश पटेल पर संदेह जताते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

## नशे में युवक 4 घंटे टावर पर चढ़ा

**सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र स्थित पकड़ी चौराहे पर शुक्रवार को एक युवक नशे की हालत में मोबाइल टावर पर चढ़ गया। वह करीब चार घंटे तक टावर पर रहा और नीचे उतरने को तैयार नहीं था। प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम के लगातार प्रयासों से उसकी जान बचाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक अचानक टावर पर चढ़ गया। शुरुआत में लोगों को लगा कि वह कोई कर्मचारी है, लेकिन जब वह काफी देर तक नीचे नहीं उतरा, तो पुलिस और प्रशासन को सूचना दी गई। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र की घेराबंदी कर सुरक्षा सुनिश्चित की। सूचना मिलते ही एसडीएम विवेकानंद मिश्र, क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी और शोहरतगढ़ के प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस सेवा भी तैनात की गई। प्रशासनिक टीम लगभग चार घंटे तक मौके पर मौजूद रही। युवक की पहचान ग्राम बैदौली निवासी 35 वर्षीय परशुराम उर्फ चुल्हई के रूप में हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि वह नशे का आदी है और अक्सर चौराहे के आसपास देखा जाता है। आशंका है कि नशे की हालत में ही वह टावर पर चढ़ गया था। एसडीएम विवेकानंद मिश्र ने माइक के जरिए युवक को लगातार समझाया। उन्होंने शांत स्वर में उसे नीचे उतरने के लिए प्रेरित किया और उसकी सुरक्षा का आश्वासन दिया। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी और प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह भी स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार समन्वय बनाए हुए थे। समय बीतने के साथ अधिकारियों की चिंता बढ़ती जा रही थी। प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर ब्रिगेड टीम को पूरी तैयारी के साथ तैनात रखा था। आखिरकार देर शाम प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह और फायर ब्रिगेड के जवान टावर पर चढ़े। काफी समझाने-बुझाने और धैर्यपूर्ण बातचीत के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया।

# सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण के लिए आवेदन शुरू

## एफपीओ को मिलेगा 85 हजार रुपये तक अनुदान



**सिद्धार्थनगर।** जिले में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को सशक्त बनाने और किसानों को बेहतर मड़ाई सुविधा प्रदान करने के लिए कृषि विभाग ने सामुदायिक थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण की प्रक्रिया शुरू की है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन योजना के तहत एफपीओ से 14 फरवरी से एक सप्ताह तक ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। उप कृषि निदेशक राजेश कुमार ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य दलहन फसलों की समय पर मड़ाई सुनिश्चित करना है। इससे किसानों को खुले और सुरक्षित स्थान पर फसल की मड़ाई करने की सुविधा मिलेगी, जिससे फसल की गुणवत्ता बनी रहेगी और नुकसान की संभावना कम होगी। एफपीओ के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर इन थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण कराया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक किसान इसका लाभ उठा सकें।

योजना के तहत थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण 20 मीटर लंबा और 10 मीटर चौड़ा आयताकार या 8 मीटर अर्द्धव्यास के गोलाकार आकार में किया जाएगा। इसे जमीन की सतह से एक फीट ऊंचाई पर बनाया जाएगा, ताकि बारिश या नमी से फसल प्रभावित न हो। एक थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण की कुल लागत 1.70 लाख रुपये निर्धारित की गई है। इसमें से 50 प्रतिशत राशि संबंधित एफपीओ को वहन करनी होगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 85 हजार रुपये का अनुदान कृषि विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा। आवेदन के समय एफपीओ को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी और 2500 रुपये की जमानत धनराशि जमा करनी होगी। चयन प्रक्रिया ई-लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। जिन एफपीओ का चयन नहीं होगा, उनकी जमानत राशि वापस कर दी जाएगी। चयन होने के बाद संबंधित एफपीओ को निर्माण सामग्री खरीद की रसीदें, निर्माण स्थल की तस्वीरें और अन्य आवश्यक अभिलेख निर्धारित समय सीमा के भीतर जमा करने होंगे। कृषि विभाग ने सभी पात्र एफपीओ से समय रहते आवेदन करने और इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है, ताकि किसानों को आधुनिक मड़ाई सुविधा मिल सके और दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिल सके।

## थाना समाधान दिवस में 24 शिकायतें, 5 निस्तारित

**श्रावस्ती।** आज दिनांक 14 फरवरी 2026 को जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की।



इसी क्रम में थाना नवीन मॉडर्न पर उपजिलाधिकारी इकौना पीयूष जायसवाल एवं क्षेत्राधिकारी इकौना भरत पासवान की उपस्थिति में थाना समाधान दिवस आयोजित हुआ, जहां आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। थाना समाधान दिवस के दौरान जनपद के विभिन्न थानों पर कुल 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें अधिकांश मामले राजस्व से संबंधित रहे।

**प्राप्त प्रार्थना पत्रों का विवरण इस प्रकार रहा–** थाना हरदत्त नगर गिरंट में 01 प्रार्थना पत्र (राजस्व), थाना इकौना में 03 (राजस्व), थाना मल्हीपुर में 02 (राजस्व), थाना सिरसिया में 03 (राजस्व), थाना कोतवाली भिनगा में 06 (05 राजस्व, 01 पुलिस), थाना सोनवा में 04 (राजस्व) तथा थाना गिलौला में 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 04 राजस्व एवं 01 पुलिस से संबंधित रहा। कुल प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 05 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों के त्वरित और प्रभावी समाधान हेतु राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर कार्यवाही की जा रही है, ताकि फरियादियों को शीघ्र न्याय मिल सके। थाना समाधान दिवस के आयोजन से आमजन में विश्वास बढ़ा है और प्रशासन द्वारा समस्याओं के समयबद्ध समाधान का संदेश दिया गया है।

## पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**प्रतापगढ़।** पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देश के वीर जवानों की स्मृति में जगह जगह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। लालगंज के अझारा स्थित पं0 नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में विद्यालय के बच्चों ने शिक्षकों के साथ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसके बाद शहीदों की याद में रैली निकाली गयी। रैली के द्वारा संगम चौराहे तक भ्रमण कर लोगों में राष्ट्रभक्ति की अलख जगायी। विद्यालय के संस्थापक सेवानिवृत्त आईएएस रमेशचंद्र मिश्र, प्रबन्धक सुनीता मिश्रा, प्रकाशचंद्र मिश्र, एचआर हेड गौरव मिश्र, शैक्षणिक नियंत्रक रीमा मिश्रा ने बच्चों में राष्ट्रभक्ति का जोश भरा। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर हिमांशु शुक्ला, अनीता द्विवेदी, श्यामशंकर मिश्र, शरद मिश्र, रवीन्द्र शुक्ल, मनोज शुक्ल, सरिता तिवारी, विनीता मिश्रा, शिवानी दुबे, प्रदीप शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, सात घायल

**प्रतापगढ़।** अलग अलग दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत हो गयी। वहीं सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। उधर घायलो को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अगई गांव के पास शनिवार को दोपहर करीब बारह बजे मैजिक डाला व पिकप में जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में पिकप चालक पैतीस वर्षीय पवन कुमार दुबे पुत्र ओमप्रकाश दुबे निवासी रामपुर कसिहा थाना उदयपुर की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मैजिक डाला चालक तीस वर्षीय विश्वनाथ यादव पुत्र बालकराम यादव निवासी गोकुलपुर सधवापुर फौरीघाट बहराइच, बीस वर्षीय शिव प्रकाश पुत्र राजेन्द्र बहादुर निवासी तेजा का पुरवा उदयपुर, पैंतालिस वर्षीय रामप्रकाश पुत्र राम अधार निवासी गौरांग रानीगंज उदयपुर घायल हो गये। दूसरी दुर्घटना रायपुर तियाई क्षेत्र में हुई। यहां लालगंज की ओर आ रहे ईरिक्शा को पीछे से डम्पर वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे ईरिक्शा पर सवार उदयपुर थाना क्षेत्र के कसिहा रामपुर गांव की पचपन वर्षीया अजीमुलनिशा पत्नी रशीद, पचास वर्षीय बिटटन पत्नी निहाल, बछवल निवासी अठारह वर्षीय अभ्युदय सिंह पुत्र उमेश तथा ईरिक्शा चालक छब्बीस वर्षीय मनोज मिश्र पुत्र स्व0 जटाशंकर मिश्र निवासी नया का पुरवा खजुरी लालगंज घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेंटर भेजवाया गया। यहां गंभीर हालत देख मैजिक डाला सवार घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर दी गयी जानकारी

**गोल्हौरा इंटवा, सिद्धार्थनगर।** जिले के गोल्हौरा कंपोजिट विद्यालय में बालिकाओं को जागरूक किया गया। सिद्धार्थनगर पुलिस ने संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को जनपद सिद्धार्थनगर के थाना गोल्हौरा क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, एंटी रोमियो गतिविधियों पर नियंत्रण और साइबर अपराध से सुरक्षा प्रदान करना था। अभियान के दौरान कंपोजिट विद्यालय गोल्हौरा में बालिकाओं को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र के विभिन्न स्थलों पर एंटी रोमियो चेकिंग अभियान भी संचालित किया गया ताकि सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी इटवा प्रवीन प्रकाश के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रामदेव के निर्देशन में उपनिरीक्षक दीनदयाल सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार एवं महिला कांस्टेबल चांदनी मिश्रा द्वारा अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यालय की छात्राओं को महिला अपराधों से बचाव, साइबर अपराध से सुरक्षा, आत्मरक्षा के उपायों और कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान से ब्लॉक को-ऑर्डिनेटर बांसी ज्योति सिंह ने बाल संरक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और महिलाओं से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी प्रदान की गई। इनमें 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा, 14567 एल्डर हेल्पलाइन और 1930 साइबर क्राइम हेल्पलाइन शामिल थे। कार्यक्रम में 65 से अधिक लोगों की सहभागिता रही, और टीम के सदस्यों के अनुसार अभियान के दौरान किसी भी व्यक्ति द्वारा कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई।

## बीएसए ग्राउंड में 267 जोड़ों का सामूहिक विवाह



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को बीएसए ग्राउंड में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 267 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल, कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन और एसपीडॉ. अभिषेक महाजन सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

कुल 358 पंजीकृत जोड़ों में से 267 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। इनमें 195 हिंदू, 55 बौद्ध और 31 मुस्लिम जोड़े शामिल थे। मुस्लिम समुदाय के 16 जोड़ों का निकाह हुआ, जबकि 15 जोड़े अनुपस्थित रहे। सभी विवाह उनके संबंधित धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराए गए। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार से, मुस्लिम जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा और बौद्ध अनुयायियों का विवाह उनकी परंपरा के अनुसार हुआ। इस आयोजन में नौगढ़, बर्डपुर, उस्का बाजार, लोटन, जोगिया, शोहरतगढ़ और बढ़नी विकास खंडों के साथ-साथ नगर पंचायत क्षेत्रों के जोड़े भी शामिल हुए। जिलाधिकारी केनेतृत्व में कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं की निगरानी की, ताकि नवविवाहित जोड़ों और उनके परिवारों को कोई असुविधा न हो। डीएम ने बताया कि प्रत्येक वधू के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से 60 हजार रुपये दिए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 25 हजार रुपये की गृहस्थी सामग्री और 15 हजार रुपये बारात स्वागत पर खर्च किए गए हैं। सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों के लिए लाभकारी है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 6060 जोड़ों का विवाह इस योजना के तहत कराया जा चुका है। सांसद ने नवदंपतियों को आशीर्वाद देते हुए रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की भी घोषणा की।

## मथुरा का मयूर नृत्य और प्रताप फौजदार का होगा आज महोत्सव में धमाल

**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि को राष्ट्रीय एकता महोत्सव की शुरुआत सुबह की बेला में परम्परागत सदभावना सभा से होगी। सांस्कृतिक महोत्सव में प्रातः नौ बजे सदभावना सभा मे प्रख्यात भजन एवं लोकगीत गायक एवं श्रीराम द्विवेदी की विशेष प्रस्तुति श्रद्धालुओं में विशेष आकर्षण होगी। सदभावना सभा में बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आयेंगे। इसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना करेंगी। इसके बाद शाम छः बजे से महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ होगा। महाशिवरात्रि की सांस्कृतिक संध्या में जानेमाने हास्य कलाकार प्रताप फौजदार के साथ मथुरा का मयूर नृत्य वंदनाश्री प्रस्तुत करेंगी। वहीं संस्कृति विभाग द्वारा शिव ताण्डव व देशभक्ति तथा दिल्ली के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा लेजर शो तथा लखनऊ के इण्डियन परफार्मिंग आर्ट सेण्टर के कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी।

## रिटायर्ड कर्नल को दी गयी श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़।** शोक सभा कर रिटायर्ड कर्नल को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। सांगीपुर के देउम पूरब निवासी रिटायर्ड कर्नल स्व0 राधेश्याम मिश्र के निधन को लेकर शनिवार को रिटायर्ड कैप्टन अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित हुई। शोक सभा में आईएएस आशुतोष मिश्र, समाजसेवी धनंजय मिश्र, भाजपा नेता अभिषेक मिश्र, पूर्व पैराट्रूपर कमाण्डो सुधीर मिश्र, मनोज सिंह, गंगाराम तिवारी, विशाल मिश्र, राकेश सिंह, महेन्द्र तिवारी आदि ने कहा कि स्व0 मिश्र के निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है।

## खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दमखम

**प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी नर्सिंग महाविद्यालय में शनिवार को दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक समापन हुआ। प्रतियोगिता में कबड्डी, बैडमिंटन, खो खो, रस्साकसी, भाला फेंक दौड़ आदि में छात्र छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेता एवं उपविजेता को महाविद्यालय के प्रबंधक व पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो0 शिवाकांत ओझा ने शील्ड व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को स्वस्थ रहने के लिए खेल की आवश्यकता भी जरूरी है। कार्यक्रम में सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 अमित सिंह, नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 सूर्यकांत तिवारी, निदेशक डॉ0 संदीप कुमार मिश्र ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर डॉ0 डीसी शुक्ला, डॉ0 शालिनी दुबे, डॉ0 रविकांत कौशल, कविता, सुषमा, कुसुम, डब्लू ओझा, सागर तिवारी आदि मौजूद रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन में खोया 3 वर्षीय मासूम

- मोहाना थाना पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया, परिवार ने पुलिस टीम की सराहना की



**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान भीड़ में बिछड़े एक तीन वर्षीय मासूम को मोहाना थाना पुलिस ने सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम की सराहना की। घटना शनिवार को बीएसए ग्राउंड में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई। इस आयोजन में बड़ी संख्या में वर-वधू, उनके परिजन और आम लोग शामिल हुए थे। बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र के पिरैला गरीब निवासी अमरेश का तीन वर्षीय पुत्र आरव भी अपने परिवार के साथ कार्यक्रम में आया था। कार्यक्रम स्थल पर अत्यधिक भीड़ होने के कारण आरव अचानक अपने परिजनों से बिछड़ गया। काफी देर तक जब बच्चे का पता नहीं चला तो परिजन घबरा गए। उन्होंने आसपास उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। मौके पर ड्यूटी में तैनात उपनिरीक्षक सुनील सिंह को बच्चे के गुम होने की सूचना मिली। उन्होंने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए बच्चे की खोज शुरू कर दी। उपनिरीक्षक सिंह ने कार्यक्रम स्थल, मंच के आसपास और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश कराई और लोगों से भी पूछताछ की।

पुलिस टीम के त्वरित प्रयासों से कुछ ही देर में बच्चे को सुरक्षित अवस्था में बरामद कर लिया गया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक जानकारी लेकर बच्चे की पहचान सुनिश्चित की और उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। बच्चे को सकुशल देखकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने मोहाना थाना पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस की तत्परता और जिम्मेदारी के कारण उनका बच्चा सुरक्षित मिल सका। कार्यक्रम में मौजूद अन्य लोगों ने भी पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

## साइबर फ्रॉड में 3 वांछित आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जनपद में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली भिनगा की साइबर टीम को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर, अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा और क्षेत्राधिकारी अपराध आलोक कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भिनगा राज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में साइबर टीम प्रभारी मनोज कुमार यादव एवं टीम ने साइबर फ्रॉड से जुड़े मुकदमे में तीन वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोलू उर्फ तेज प्रकाश पुत्र पंकज निवासी सुजानडीहया, रामजस पुत्र सतगुरु प्रसाद निवासी मनका चौक तथा ननके उर्फ रमेश शर्मा पुत्र बच्चाराम निवासी टेपरा, सभी थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती के निवासी हैं। अभियुक्तों को भिनगा रेंजरी के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई। मामले में वादी ओमकार पुत्र कमलेश निवासी ग्राम संहनिया ने शिकायत दर्ज कराई थी कि अभियुक्तों ने मनरेगा के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए खाता खुलवाकर उसकी पासबुक व एटीएम कार्ड अपने पास रख लिए। कार्य करने के बावजूद खाते में धन न आने पर मांग करने पर गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से तीन पासबुक, एक एटीएम कार्ड व 1500 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

## महाशिवरात्रि पर विभूतिनाथ मंदिर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़

**श्रावस्ती।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जनपद में कानून-व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में सुरक्षा तैयारियों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने थाना सिरसिया क्षेत्र स्थित पांडवकालीन बाबा विभूतिनाथ मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंदिर परिसर में तैनात पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश व निकासी मार्ग, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के प्रबंधों की गहन समीक्षा की गई। अपर पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग, प्रभावी ट्रैफिक प्रबंधन तथा विशेष सतर्कता बरती जाएगी। भीड़ पर नजर रखने के लिए सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी।

## आज सभा को संबोधित करेंगे प्रमोद व मोना

**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर परम्परागत सदभावना सभा आज प्रातः नौ बजे होगी। सदभावना सभा को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। सभा की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना करेंगी। इसके बाद राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक मोना सायं छः बजे बाबा धाम में एकता महोत्सव के पहले दिन के सांस्कृतिक महोत्सव में शामिल होगे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–टेन्डिरंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी0)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
ई–निविदा सूचना सं0:–एनईआर–बीएसबी–2025–146, कार्य का नामः माधोसिंह–प्रयागराज की तरफ मुख्य लाइन के समानान्तर शटिंग नेक सीएसएल 750 मी की व्यवस्था। अनुमानित लागतः ₹1,12,07,656/– बिड सिक्योरिटीः ₹2,06,000.00, निविदा बन्द होने की तिथिः 17.03.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 08 माह।
निविदा सूचना सं:–एनईआर–बीएसबी –2025–146 दिनांक 17.03.2026 को 14.30 बजे तक ऑनलाइन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा के प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मंडल रेल प्रबंधक/(इंजी)
मुजाधि/डब्लू–461 वाराणसी
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# जय हो भोलेनाथ बाबा घुइसरनाथ लीला तोहार न्यारी बा..

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने बाबा धाम के महोत्सव को बताया एकता की मजबूती का संदेश

जिला संवाददाता (vol)




**प्रतापगढ़।** बाबा घुइसरनाथ धाम में इक्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव को लेकर शनिवार को प्रथम संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महाशिवरात्रि पर बाबा का जलाभिषेक करने के लिए ठहरे शिवभक्तों के साथ श्रद्धालुओं ने प्रथम दिवस के कार्यक्रम को देख आनंदित हो उठे। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए इन्हें सम्मानित भी किया। शनिवार की शाम बाबा धाम में सई किनारे भव्य सांस्कृतिक रंगमंच से भजन व संकीर्तन के मध्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नेहरू युवा केंद्र तथा स्थानीय लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखी। एनवाईके से आयी लोकगायिका खुशबू सिंह के सांस्कृतिक दल ने एक से बढ़कर एक मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी। खुशबू सिंह के साथ लोक कलाकार नीरज व विकास तथा राका के द्वारा शिवताण्डव की मनमोहक प्रस्तुति पर श्रद्धालु भावविभोर दिखे। लोक गायक परशुराम क्रोधी के भी लोकगीत व शिवभक्ति को लेकर प्रस्तुत भजनों पर देवाधिदेव महादेव का जयकारा गूंजता दिखा। बिरहा गायक जगन्नाथ यादव का भजन जय हो भोलेनाथ बाबा घुइसरनाथ लीला तोहार न्यारी बा। लोकगायक चंद्रकांत पाण्डेय तथा मनोज मिडिल के भी भजन श्रद्धालुओं को मनभाया। वहीं कलाकारों द्वारा शिव ताण्डव तथा राधा कृष्ण भाव नृत्य की भी समां बांधी। पहले दिन की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते हुए विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पिछले तीस वर्षो से लगातार बाबा घुइसरनाथ की कृपा से यहां राष्ट्रीय एकता महोत्सव देश की एकता तथा अखण्डता को मजबूत पैगाम देता आ रहा है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुतियां देने वाले स्थानीय कलाकारों को महोत्सव आयोजन समिति की ओर से माल्यार्पण करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। नेहरू युवा केंद्र के ब्लाक समन्वयक हरिकृष्ण यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, दृगपाल यादव, डा0 अमिताभ शुक्ल, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, रामकृपाल पासी, आशीष उपाध्याय आदि रहे।

## समाधान दिवस में छः शिकायतों में 1 निपटी

**प्रतापगढ़।** थाना समाधान दिवस में अफसरो ने फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। कोतवाली परिसर में समाधान दिवस पर सुनवाई करते हुए सीओ आशुतोष मिश्र ने लंबित शिकायतों के मौके पर निस्तारण कराये जाने के कड़े दिये। समाधान दिवस पर कुल छः शिकायतें आयी। जिनमे से मौके पर एक शिकायत का निस्तारण कराया गया। समाधान दिवस का संयोजन प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने किया।

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश
कुप्रशासन
प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील
भ्रष्टाचार
उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–
पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com
सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

संक्षेप

## विवाहिता ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**इटावा।** जंक्शन स्टेशन से कुछ दूरी पर स्थित माल गोदाम के पास घटी घटना, शुक्रवार की सुबह एक विवाहिता ने गोमती एक्सप्रेस के आगे लेटकर आत्महत्या कर ली, मृतका फ्रेंड्स कालोनी थानांतर्गत सद्भावना कालेज स्थित अड्डा पाय में रहने वाले प्राइवेट शिक्षक जनवेद शाक्य की पत्नी 28 वर्षीय संगीता थी,इस घटना से स्वजन में कोहराम मच गया, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है, मृतका के परिवार ने बताया कि वह कुछ समय से मानसिक तनाव में थी, उसका इलाज भी चल रहा था, लेकिन उसने ऐसा कदम उठा लिया जिससे सभी हैरान हैं, पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

## बाइक की टक्कर से जीजा-साले घायल

**बकेवर, इटावा।** इटावा से बाइक पर सवार होकर आ रहे जीजा साले को आगरा कानपुर नेशनल हाइवे परशुपुरा के सामने अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल किया दोनो घायलो एम्बुलेंस चालक इलाज के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर लेकर पहुँचा। मैनपुरी जनपद घिरोर थाना क्षेत्र के ग्राम भैसामई निवासी विनय कुमार पुत्र दलवीर सिंह शनिवार की दोपहर इटावा से अपने साले संदीप कुमार निवासी ग्राम नगला रमन थाना बकेवर को बैठाकर अपनी ससुराल नगला रमन जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक बकेवर थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे ग्राम परशुपुरा के सामने पहुँचा कि उसी समय इटावा की ओर से तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक मे टक्कर मार दी जिससे जीजा साले घायल हो गए। घटना की जानकारी जैसे ही राहगीरो को हुई तो उन लोगो ने एम्बुलेंस बुलाकर घायल जीजा साले को इलाज के लिए 50 शैया अस्पताल बकेवर भिजवाया जहां इमरजेंसी मे डियूटी पर तैनात डाक्टर सत्येन्द्र शाहू ने इलाज किया जहाँ जीजा विनय कुमार की गम्भीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## जिला अस्पताल में युवक की जेब से चोरी

**इटावा।** डॉ. भीमराव अंबेडकर संयुक्त चिकित्सालय जिला अस्पताल में ओपीडी के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लाइन में लगे एक युवक की जेब से 4900 रुपये चोरी हो गए। युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए आरोपी वृद्ध को पकड़ लिया और रुपये भी बरामद कर लिए, लेकिन अस्पताल के सुरक्षा कर्मियों और पीड़ित ने पुलिस को सूचना नहीं दी। बाद में आरोपी को वहीं से छोड़ दिया गया।

## जाम नाली से अहीर टोला बेहाल

**जसवन्तनगर, इटावा।** नगर के वार्ड नंबर 19 स्थित अहीरटोला क्षेत्र में जाम नालियों और फैली गंदगी को लेकर स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समस्या से परेशान वार्ड सभासद संजीव कुमार ने नगर पालिका प्रशासन की कथित अनदेखी के विरोध में स्वयं सड़क पर उतरकर सफाई अभियान चलाया। उन्होंने फावड़ा उठाकर नाली की सफाई कराई और जमा कचरे को हटवाया। सभासद का कहना है कि क्षेत्र में बनी पुलिया अत्यंत संकरी है, जिसके कारण नाली में अक्सर कचरा फंस जाता है और पानी की निकासी बाधित हो जाती है। नतीजतन गंदा पानी गलियों में भरकर बहने लगता है। इससे न केवल राहगीरों को दिक्कत होती है, बल्कि आसपास रहने वाले लोगों को भी दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बना रहता है। कई बार नगर पालिका अधिकारियों को लिखित और मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन अब तक पुलिया चैड़ीकरण या नई पुलिया निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थानीय निवासी दिनेश कुमार मोनू, शिव सिंह मास्टर, घनश्याम यादव, गोविंद यादव, कल्लू यादव, दीपू यादव, योगेश यादव और पंकज यादव ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है श्रावस्ती से इकौना थाना क्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी के कार्यालय के कैंपस में हरे पीपल के पेड़ की नीलामी उप जिला अधिकारी इकौना महोदय व पुलिस क्षेत्र अधिकारी इकौना की उपस्थिति में पीपल के पेड़ की नीलामी की जाएगी जिसकी तिथि 18 फरवरी 2026 होगी जिसमें लकड़ी के ठेकेदार द्वारा 18 फरवरी 2026 को परिसर में थाना इकौना में उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

# गलत जांच रिपोर्ट लगाने वालों पर दर्ज हो प्राथमिकी : योगी




**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसी मामले में जांच के दौरान यदि गलत रिपोर्ट लगाई जाती है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि हर मामले की निष्पक्ष जांच करके ही उसका निस्तारण होना चाहिए। किसी भी प्रकरण में लापरवाही या शिथिलता अक्षम्य होगी। इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं और प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को ये निर्देश दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का प्रभावी निस्तारण होगा। उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें।

जनता दर्शन में कुछ मामले ऐसे भी आए, जिनमें यह शिकायत की गई कि प्रकरण में गलत रिपोर्ट लगा दी गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसका पता लगाकर गलत रिपोर्ट लगाने वाले के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ितों की मदद में शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनता की समस्याओं के समाधान में किसी तरह की हीलाहवाली हुई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई भी तय है। किसी पीड़ित की समस्या के समाधान में अगर कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर निराकरण कराया जाए और किसी स्तर पर जानबूझ कर प्रकरण को लंबित रखा गया है तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जाए। उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधिसम्मत कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए। इस बार भी जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द अस्पताल के खर्च का ब्योरा लेकर शासन को उपलब्ध कराया जाए तथा इलाज के लिए मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पर्याप्त मदद की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया के वर्तमान ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव के कार्यों की सराहना की। कहा कि उन्होंने सवा करोड़ रुपये की ब्लॉक निधि और विकसित भारत जीरामजी योजना का बेहतर उपयोग किया है। ब्लॉक भवन में वातानुकूलित सभागार बनवाया है, साथ में सोलर पैनल की भी व्यवस्था की है। विकास के पैसे का ऐसा ही इस्तेमाल हो तो हर ब्लॉक चमकता दिखेगा। सीएम योगी ने भरोहिया ब्लॉक के विकास की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जंगल कौड़िया के लोगों के साथ वह हमेशा खड़े हैं। विकास की हर मांग को वह पूरा करने के लिए तैयार हैं। सीएम योगी ने सभी लोगों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व शुभता का प्रतीक है।

**मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गोसेवा :** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान शनिवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दिनचर्या परंपरागत रही। गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने तथा अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की प्रतिमा समक्ष शीश झुकाने के बाद वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। मंदिर की गोशाला में पहुंचकर उन्होंने गोसेवा की। गायों और गोवंश को स्नेहिल भाव से अपने हाथों से गुड़ खिलाया।

**सीएम ने पूर्व प्रमुख रामपति यादव को किया याद :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जंगल कौड़िया के पूर्व ब्लॉक प्रमुख स्वर्गीय रामपति यादव को भी श्रद्धापूर्वक याद किया। कहा कि 1952 से आजीवन गोरक्षपीठ से जुड़े रहे रामपति यादव 1962 में जंगल कौड़िया के प्रमुख बने और तभी इस ब्लॉक मुख्यालय की स्थापना हुई थी। उन्होंने शालीनता और सहजता के साथ लंबे समय तक लोगों की सेवा की।

# सीएम योगी को संत की उपाधि किस संस्था ने दी : अखिलेश



**इटावा।** शनिवार शाम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जमकर हमला बोला। अखिलेश यादव ने मुख्यमंत्री के संत होने के दावे पर सवाल उठा। उन्हें मुख्यमंत्री को मिस्टर बिष्ट साहब कहते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा- केवल गेरुआ वस्त्र पहन लेने से कोई संत नहीं हो जाता। उन्होंने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के बयान का हवाला देते हुए बीजेपी और चुनाव आयोग पर भी गंभीर आरोप लगाए। शनिवार शाम शहर में पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री बलराम सिंह यादव के बेटे अजय कुमार यादव के निधन पर शोक जताने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने मीडिया के सवालों के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को संत बताते हैं, लेकिन यह केवल दावा है। उन्होंने कहा कि जनता सब समझ रही है और केवल पहनावे से कोई संत नहीं बन जाता। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जब आईने में देखते होंगे तो उन्हें भी लगता होगा कि वे संत नहीं हैं। उन्होंने सवाल किया कि उन्हें संत की उपाधि किस संस्था ने दी और कब दी। अखिलेश यादव ने शहर पक्का तालाब चैराहे पर स्थापित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके बाद अन्य कार्यक्रमों में भी हिस्सा लिया। शोक संवेदना के समय तेजप्रताप यादव विधायक, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, एसआईआर प्रभारी उदयभान यादव, सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, विक्की गुप्ता, रविपाल सिंह यादव, धर्मवीर यादव बिट्ठू, फरहान शकील, डॉ. आशीष दीक्षित, अरविंद सेंगर, आलोक दीक्षित, उमेश राजपूत डुल्ले, प्रवीण कुशवाहा, पप्पन सिंधी, राजेश कुमार, ईशान यादव, दानिश खां उपस्थित रहे।

## महादेव झारखंडी व मुक्तेश्वरनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना

**चरगांवा, गोरखपुर।** देवाधिदेव महादेव की आराधना के विशेष पर्व महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महादेव झारखंडी और मुक्तेश्वरनाथ स्थित शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की। विधि विधान से पूजा करने के साथ उन्होंने भगवान भोले शंकर का दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। शनिवार शाम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले महादेव झारखंडी स्थिति शिव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने भगवान शिव को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बेलपत्र, पुष्प, विविध प्रकार की पूजन सामग्री अर्पित की। दुग्धाभिषेक और जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजन अनुष्ठान संपन्न किया। इसके बाद वह मुक्तेश्वरनाथ शिव मंदिर आए। यहां भी उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन करने के साथ दूध और जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने देवाधिदेव से लोक मंगल और सभी नागरिकों के जीवन में खुशहाली की प्रार्थना की।

## एमसीए के बच्चों ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला स्थित एमसीए पब्लिक स्कूल पर शनिवार को पुलवामा शहीदों की याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय परिवार समेत छात्रों ने मौन रखने के साथ कैंडल जलाकर अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मौन रखकर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों को याद किया और उनके साहस, त्याग एवं राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। उक्त अवसर पर विद्यालय की शिक्षा निदेशिका रत्ना सिंह, प्रधानाचार्य एसके मिश्रा, उप प्रधानाचार्य राहुल यादव समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अवारा कुत्ते ने 7 वर्षीय बच्ची को किया काटकर घायल

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ब्रम्हपुर के टोला अवरहिया निवासी घर के बाहर खेल रही एक सात वर्षीय बच्ची को एक अवारा कुत्ते ने काट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ब्रम्हपुर पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चलें कि झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा ब्रम्हपुर के टोला अवरहिया निवासी विजयलाल गुप्ता की सात वर्षीय बच्ची अनु शनिवार को घर के पास खेल रही थी। अचानक एक अवारा कुत्ते ने बच्ची के उपर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

## गोला में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग को लेकर प्रदर्शन



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला में इंडोर स्टेडियम बनाने की मांग के लेकर युवाओं ने प्रदर्शन किया। साथ ही इन लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से शीघ्र स्टीमेंट बनाकर टेंडर निकाल कर इंडोर स्टेडियम के निर्माण प्रक्रिया चालू करवाने की मांग की है।

सभासद प्रतिनिधि वरिष्ठ भाजपा नेता शत्रुघ्न कसौधन का कहना है कि उपनगर में 2012 से जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। स्थान के आभाव में किसी लॉन में कराया जाता है। इस परिस्थिति में पिछले दिनों बोर्ड की बैठक में बैडमिंटन के लिए डाक बंगला के पास पर्याप्त जमीन होने के चलते इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए प्रस्ताव दिया गया। ईओ ने उपनगर के युवाओं को डॉक बंगला में खेलने के लिए मौखिक स्वीकृति तो दे दिया है। लेकिन इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए अभी कोई प्रक्रिया शुरू नहीं किया है। जिसको लेकर उपनगर के युवाओं में असंतोष है। ऐसी परिस्थिति में इंडोर स्टेडियम के निर्माण प्रक्रिया पूरी करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नौशाद आलम अनिल कुमार संजय गुप्ता मो आरिफ निखिल सोनकर अभिषेक कुमार कमाल खान पंकज गुप्ता राम नेवास मौर्य विक्रांत साहनी विकास जायसवाल अहमद खान जिशान अहमद ऋषि वर्मा तुषार वर्मा राहुल कुमार किशन सोनकर हर्ष वर्मा सहित आदि शामिल रहे।

## इंटरकॉलेज में विदाई समारोह आयोजित

**गोला, गोरखपुर।** आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज में वार्षिक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 12वीं की छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन छात्राओं के जीवन का एक महत्वपूर्ण पल है, जो उनके भविष्य की दिशा में एक नए अध्याय का आरंभ करेगा। समारोह के दौरान, जूनियर छात्राओं ने कक्षा 12वीं की छात्राओं का तिलक लगाकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। 12वीं की छात्राओं ने अपने अनुभव और यादें जूनियर छात्राओं के साथ साझा कीं, जिससे समारोह में उपस्थित सभी छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस अवसर पर छात्राओं ने कविता पाठ, गीत और सामूहिक नृत्य जैसी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने समारोह को और भी रोमांचक बना दिया।

## दो सड़क हादसों में बालक सहित पांच घायल

**जसवंत नगर।** क्षेत्र में गुरुवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बालक सहित पांच लोग घायल हो गए। एक हादसा ग्राम धनुआ के समीप हुआ, जबकि दूसरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेयर हाउस के पास फ्लाईओवर पर घटित हुआ। पहली दुर्घटना दोपहर करीब 2.15 बजे धनुआ के पास हुई। नगर के व्यवसायी बाइक सवार राजकिशोर गुप्ता उर्फ किशोर कुमार (70) निवासी महलई टोला जसवंत नगर तथा जितेंद्र उर्फ छुल्ले (46) निवासी नगला इंछा को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दूसरा हादसा करीब 3 बजे बेयर हाउस के समीप फ्लाईओवर पर हुआ। एत्मादपुर (आगरा) से इटावा बारात में जा रहे विजय प्रताप तोमर (37), उनके पुत्र सम्राट (11) व भाई मनोज प्रताप तोमर (32) गन्ने का रस बेचने वाली जुगाड़ ने अपनी चपेट में लेकर पीछे से टक्कर मारने से घायल हो गए। बच्चे के पैर में गंभीर चोट आई है।हाइवे इंसिडेंट मैनेजर सुनीत चैहान ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पहुंचाया। थानाध्यक्ष कमल भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों का इलाज अपनी देख रेख में कराया।

## सिद्धनाथ मंदिर पर दंगल की तैयारियां पूर्ण

चकरनगर, इटावा। तहसील चकरनगर के गांव सहसों के समीप चंबल नदी किनारे स्थित महाभारत कालीन ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर पर विशाल दंगल व मेला की तैयारियां पूर्ण कर ली गई। यहां 16 व 17 फरवरी को विशाल दंगल में सैकड़ो पहलवान मल्लयुद्ध लड़ेंगे एवं 18 व 19 को महिलाओं का मेला लगेगा। मंदिर कटान से हादसे की आशंका भांपते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने श्रद्धालुओं के मंदिर पर जाने से रोक लगा दी। महाभारत कालीन ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर पर लगभग सौ वर्ष से निरंतर शिवरात्रि के अगले दिन से लगातार दो दिन तक विशाल दंगल एवं फिर आगे के दो दिन तक महिलाओं के मेले का आयोजन संपन्न कराया जाता है। दंगल में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश तथा ईरान तक के पहलवान मल्लयुद्ध के लिए आते है, जो अपनी कौशल कला का प्रदर्शन कर जनता को कला के साथ साथ अपनी ताकत भी दिखाते है और जीत हार के अनुसार पहलवानों को उचित ईनाम भी दिया जाता है। भारतीय उपमहाद्वीप की एक अत्यंत प्राचीन, पारंपरिक व सांस्कृतिक युद्ध कला को बचाने के लिए मेला आयोजक आलोक दुबे सहित उनकी पूरी टीम जुटी है। उक्त दंगल को सरल व सुगम बनाने के लिए दिल्ली से लेकर इटावा तक के धार्मिक लोग हजारों रुपये का चंदा के रूप में सहयोग करते है, जिससे उक्त दंगल का आयोजन संपंन कराया जाता है।

## 21 जोड़ों का शिवभक्त जत्था सिंगी रामपुर रवाना



**इटावा।** लालपुरा वार्ड स्थित प्राचीन नीलकंठ मंदिर से सोमवार को 21 जोड़ों के शिवभक्तों का भव्य जत्था सिंगी रामपुर के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु बाबा नीलकंठ मंदिर पहुंचकर पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे और भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। प्रस्थान से पूर्व मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किया गया। सभी शिवभक्तों को भोलेनाथ का पवित्र दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्य अतिथि प्रतिनिधि सभासद अरविंद यादव ने हरी झंडी दिखाकर शिवभक्तों के जत्थे को रवाना किया। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं की मंगलमय यात्रा की कामना करते हुए कहा कि भगवान शिव की कृपा से क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि बनी रहे।कार्यक्रम में शिवनाथ यादव, पुजारी भूरे वर्मा, वीके यादव, महंत राजा यादव, छोटू यादव, सनी यादव, आजाद यादव, सुधीर यादव, शिवम यादव, शिवम जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने भोलेनाथ से प्रार्थना की कि हर श्रद्धालु की मनोकामना पूर्ण हो और समाज में आपसी भाईचारा एवं सद्भाव बना रहे। भक्तों का यह जत्था गंगाजल अर्पित कर विधि-विधान से पूजा संपन्न करेगा और पुनः लालपुरा लौटेगा।

**व्यापारियों ने कांवड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा :** महाशिवरात्रि पर शहर से निकल रहे कांवड़ियों पर आज साबित गंज चौराहे पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने पुष्प वर्षाकर अभिनंदन किया, जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित के नेतृत्व में एकत्रित हुए व्यापारियों में ज्यादातर मुस्लिम समाज के व्यापारी मौजूद रहे, जिसमें जिलाउपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, हाजी अजीम वारसी, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, युवा जिलाउपाध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, मु, तैय्यब आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## सीएम योगी ने दिल्ली की हवा की तुलना गैस चैंबर से की

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) की तुलना गैस चैंबर से करते हुए शनिवार को कहा कि उप्र में तेजी से विकास हो रहा है, इसके बावजूद घुटन भरा माहौल नहीं है। गोरखपुर में एक कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण नुकसान की है। आप देखिए यहां का पर्यावरण कितना अच्छा है, कोई प्रदूषण नहीं है। अगर प्रदूषण नहीं है, तो कोई बीमारी भी नहीं है। जब भी प्रदूषण होगा, तो यह फेफड़ों को भी नुकसान पहुंचाएगा। अगर ऑक्सीजन आपूर्ति करने वाली मशीन खराब हो जाती है, तो पूरा शरीर खराब हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के विकास खंड जंगल कौड़िया में पुनर्निर्मित विकास अधिकारी कार्यालय के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दिल्ली में वायु गुणवत्ता मानक पर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि आप दिल्ली जाइए। क्या हालत है? ऐसा लगता है कि वहां गैस चैंबर है। हालत खराब है। आप हवा में सांस नहीं ले पाएंगे और आंखों में जलन होगी। वहां के डॉक्टर का कहना है कि जिन्हें अस्थमा और दूसरी बीमारियां हैं, बुजुर्ग और बच्चे, उन्हें घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। क्या यही जिंदगी है? सीएम ने कहा कि जब भी पर्यावरण के साथ कोई छेड़छाड़ होगी, ऐसी ही स्थिति पैदा होगी। हम खुशकिस्मत हैं कि यहां विकास तो है, लेकिन दम घुटने वाला माहौल नहीं है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह नौ बजे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का एक्यूआई 214 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है।

## मुख्यमंत्री ने किया ताल रिंग रोड फेज टू का निरीक्षण

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि ताल रिंग रोड के किसी भी स्थान पर संकुचन (कंजेशन) नहीं दिखना चाहिए। इसे लेकर अगर कहीं भी दिक्कत या अवरोध है तो उसे समय रहते दूर करा दिया जाए। सड़क पर पानी न जमा न होने पाए, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए। सीएम योगी शनिवार शाम मोहद्दीपुर से सहारा इस्टेट तक रामगढ़ताल के किनारे 28.60 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन 4.20 किलोमीटर लंबे ताल रिंग रोड का निरीक्षण कर रहे थे। इसका निर्माण गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की ओर से कराया जा रहा है। शनिवार को निर्माण की प्रगति का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने ले आउट, ड्राइंग मैप और वीडियो का अवलोकन कर सड़क के बारे में हर पहलू की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सीएम ने निर्माण के शुरूआती ठिकाने पर कंजेशन दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क के किनारे नाले को टैप करने और ड्रेनेज सिस्टम को ठीक करने की भी हिदायत दी। निर्माण की प्रगति पूछे जाने पर अफसरों ने सीएम को बताया कि रिंग रोड का निर्माण कार्य मई 2026 तक पूरा कर लिया जाएगा। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि रिंग रोड से कनेक्ट सहारा इस्टेट के पास एक नई जेटी भी बनाई जाएगी। रिंग रोड पर 13.33 करोड़ रुपये की लागत से रोड के किनारे रिटेनिंग वाल, ड्रेन, एयरवाल्व चैंबर और मेनहोल की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य भी कराया जा रहा है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबन्द "खुली निविदा" वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **नि० सूचना संख्याः** 15 वर्ष 2026, **कार्य का विवरणः** STP स्टेशन और BUW स्टेशन पर मौजूदा ट्रैक सर्किट के अतिरिक्त MSDAC की व्यवस्था। **अनुमानित लागतः** ₹ 3,20,22,236.25, **बयाना राशिः** ₹ 3,10,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः**– Rs. 00.00, **कार्य समापन अवधीः** 06 माह, **(1) निविदाओं के बन्द होने की अंतिम तिथि एवं समयः**– 12.03.2026 को 15.00 बजे। **नोटः**– इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नही किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।

वमसिदूई/पूउरे/लखनऊ
मुजाधि/सिगनल–103
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/ निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है। **क्र० सं०–1, ई–प्रापण निविदा संख्या :** उप मु०इं०–नि०–पुल–जीकेपी–02–2026 दिनांकः 10.03.2026, **कार्य का नाम** – एन.ई. रेलवे के लखनऊ डिवीजन के सहजनवा–दोहरीघाट नई लाइन प्रोजेक्ट के संबंध में, मगहर–सहजनवा–जगतबेला– बांसगांव सेक्शन के बीच, जून/2016 के RDSO के स्पेसिफिकेशन और लेटेस्ट करेक्शन स्लिप के अनुसार डाला, बिल्ली, झांसी सोर्स से मशीन से तोड़ी हुई ट्रैक बैलास्ट की मैन्युफैक्चरिंग, सप्लाई और स्टैकिंग का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य : 26,49,76,440.00, बयाना राशि (रू०) : 14,74,900.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रू०) : –, कार्य पूर्ण करने की अवधि : 24 (चौबीस) माह ● बिड प्रारम्भ करने की तिथि– दिनांक 24.02.2026 ● उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि – दिनांक 10.03.2026 15.00 बजे तक। ● उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि – दिनांक 10.03.2026 15.00 बजे। ● निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। ● निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य इन्जी०/ निर्माण/पुल
मुजाधि/डब्ल्यू – 462 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## ज्ञानस्थली में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**भरथना, इटावा।** देवों के देव महादेव के पावन पर्व महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में ज्ञानस्थली एकेडमी में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बा के मुहल्ला शुक्लागंज स्थित विद्यालय परिसर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में एक दिन पूर्व शनिवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारम्भ प्रधानाचार्य मनोज सिंह सेंगर ने ज्ञान की देवी माँ सरस्वती व भोलेनाथ के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया। तदुपरान्त आकर्षक शिव-पार्वती वेशभूषा में सजे छात्राओं वैष्णवी, कंचन, आस्था, तन्वी, शैली ने शिव तांडव नृत्य में आकर्षक व मनमोहक प्रस्तुति दी। वहीं बम लहरी भजन पर आनन्दी, सृष्टि, दीपांशी, खुशी, परी, आशमी, अग्रिमा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस दौरान पुष्पेन्द्र कुमार, नीतू सेंगर, असित कुमार, आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

# सनातन धर्म की मजबूती के लिए एकता जरूरी

**मेरठ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में वसुंधरा पार्क, वसुंधरा कॉलोनी( प्रवेश बिहार ) में एक विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया ' जिसमें सनातन धर्म को मजबूत करने के लिए हिंदू समाज से एकजुट होने का आह्वान किया गया ' हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि डॉक्टर दयाशंकर विद्यालंकर ( योग गुरु एवं वैदिक विश्वविद्यालय संस्थापक ) व साध्वी रजनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके वह पुष्पांजलि अर्पित करके किया ' कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में श्री सुरेंद्र जी (प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) रहे ' उन्होंने सभी को संघ की स्थापना से लेकर 100 वर्ष पूर्ण होने तक संघ के इतिहास के बारे में विस्तार से बताया ' दूसरे मुख्य वक्ता श्री अरुण जिंदल जी ( प्रांत सद्भाव संयोजक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ) ने संघ के पांच तत्व की महत्ता जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वयं का बोध और नागरिक कर्तव्य के बारे में विस्तार से बताया ' मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए डॉक्टर दयाशंकर जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति हिंदुओं की पहचान है क्योंकि इसमें हमारी आस्था का समावेश है हम मंदिरों व मठ को पूजते हैं क्योंकि उनसे हमारी आस्था जुड़ी है ' हमें सनातन धर्म मजबूत करना होगा जिसके लिए हमें जाति की ऊँच नीच व भेदभाव को मिटाकर सभी को एकजुट रहना होगा ' तभी हम सब मिलकर सनातन धर्म को मजबूत बना सकते हैं ' साध्वी रजनी ने भी सनातन धर्म की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया ' उन्होंने सम्मेलन में आई सभी महिलाओं को हिंदू धर्म की रक्षा के लिए जीजाबाई जैसी माता बनकर शिवाजी जैसे पुत्र बनाने का आह्वान किया ' इस




अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्राओं ने धार्मिक सांस्कृतिक व देशभक्ति से परिपूर्ण मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये ' कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति की अध्यक्ष श्रीमती मंजू बाला शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया ' कार्यक्रम का सफल संचालन श्री भगत सिंह जी ( प्रधानाचार्य, पद्मावती उमेश चंद सरस्वती शिशु मंदिर, मेघराजपुर ) ने किया ' कार्यक्रम को सफल बनाने में आदेश शर्मा, चिराग, कपिल त्यागी, सागर पोसवाल, डॉक्टर सुशील, जय भगवान वर्मा, का विशेष योगदान रहा '

संक्षेप

## मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लखरावां में मकान निर्माण के दौरान मिट्टी डलवाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि चार लोगों ने मिलकर एक परिवार के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम लखरावां निवासी रंजीत पुत्र डालचन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि वह अपने मकान का निर्माण करा रहा था और घर में भराई के लिए मिट्टी मंगाई थी। इसी बात को लेकर अरविन्द पुत्र रामकुमार प्रजापति, रमेश प्रजापति पुत्र रामबिलास प्रजापति, विशाल प्रजापति पुत्र कुशीराम और दीपू पुत्र रामकिशोर ने एक राय होकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे रंजीत, उसके भाई संदीप कुमार और पत्नी फूलकली घायल हो गए। तहरीर में पथराव और महिला के साथ घर से खींचकर मारपीट किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सर्व समाज की पार्टी है एआईएमआईएम

जौनपुर। एआईएमआईएम के बारे में ये आख्यान रच दिया गया है कि एआईएमआईएम सिर्फ मुस्लिम समाज की पार्टी है जोकि पूर्ण रूप से गलत है। एआईएमआईएम हिंदुस्तानियों की पार्टी है। उक्त बातें एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष इमरान बंटी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही इन्होंने कहा कि देश में सभी समाज के लोगों का अपना नेतृत्व है, परन्तु अगर कोई मुस्लिम समाज का व्यक्ति अपने समाज की आवाज बन कर उभरने का प्रयत्न करता है तो उसे तथाकथित धर्मनिरपेक्ष दल वोट काटने का आरोप लगा कर जनता को भ्रमित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश में मुस्लिम समाज सामाजिक-राजनीतिक तौर पर हासिये पर है। संवैधानिक पद पर बैठे हुए लोग और देश की सबसे बड़ी पार्टी के नेतागण आए दिन अल्पसंख्यक समाज के बहुसंख्यक वर्ग पर गैरसंवैधानिक टिप्पड़ी करते हैं, जिससे मुस्लिम समाज में भय बना रहता है। जब पार्टी मुखिया श्री ओवैसी इस विषयों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हैं तो उन्हे भड़काऊ भाईजान कह कर सम्बोधित किया जाता है। उन्होंने कहा कि आगामी जिला पंचायत चुनाव में पचास से अधिक सीटों पर प्रत्याशी उतारेंगे, और भारी सफलता हासिल करेंगी। तथा बिना एआईएमआईएम सदस्यों के समर्थन के कोई जिला पंचायत अध्यक्ष नहीं बन पाएगा। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी जनपद की सभी सीट पर ग्रास रूट पर संगठन मजबूत कर रही है। जावेद सिद्दीकी, अभयराज भारती, जिला महासचिव शाहनेयाज अहमद, इरशाद अहमद, नगर अध्यक्ष जावेद अजीम, जिला संयुक्त सचिव शमशाद अहमद, शहजादे अंसारी, मजनू राम गौतम, सलाहुद्दीन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि आज: छोटी काशी सजकर तैयार, कॉरिडोर से पार्किंग तक कड़ा पहरा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि पर्व पर छोटी काशी पूरी तरह सजकर तैयार है। मंदिर परिसर से लेकर शिव कॉरिडोर और पार्किंग स्थलों तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया है।



मंदिर परिसर, मुख्य द्वार, परिक्रमा मार्ग, शिव कॉरिडोर, सहित प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। प्रवेश और निकास मार्गों को अलग-अलग निर्धारित किया गया है ताकि भीड़ का दबाव नियंत्रित रहे। जगह-जगह भीड़ नियंत्रण बिंदु बनाए गए हैं और संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया गया है, जिससे मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति न बने। रेलवे फाटक और प्रमुख चैराहों पर पुलिस की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है। ड्रोन कैमरों से भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। एंटी-रोमियो स्क्वॉड और सादे कपड़ों में पुलिस कर्मी भीड़ में सक्रिय रहेंगे। मंदिर परिसर में गैस सिलेंडर खुले में रखने व अवैध रिफिलिंग पर सख्त रोक लगाई गई है। खाद्य पदार्थों की दुकानों की जांच की जा रही है। फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीमों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। स्वास्थ्य विभाग की टीम भी तैनात रहेगी। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करें, अफवाहों पर ध्यान न दें और पुलिस-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि निर्धारित मार्गों और निर्देशों का पालन करें, ताकि महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### 32 ड्यूटी प्वाइंट, दो प्लाटून पीएसी तैनात

मंदिर परिसर से लेकर पार्किंग स्थलों तक कुल 32 ड्यूटी प्वाइंट बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था में एक एएसपी, तीन सीओ, 14 इंस्पेक्टर, 61 दरोगा, 193 कांस्टेबल और 56 महिला कांस्टेबल तैनात किए गए हैं। इसके अतिरिक्त दो प्लाटून पीएसी भी लगाई गई है। सुरक्षा व्यवस्था को दो हिस्सों में बांटा गया है। मंदिर परिसर के अंदर की जिम्मेदारी मितौली के सीओ यादवेंद्र सिंह को और बाहरी क्षेत्र की जिम्मेदारी निघासन के सीओ शिवम को सौंपी गई है।

### छह स्थानों पर पार्किंग व्यवस्था

बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए छह पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। लखीमपुर मार्ग स्थित पशु बाजार, पब्लिक इंटर कॉलेज (जूनियर विभाग), राजेंद्र गिरी स्टेडियम, कृषक समाज इंटर कॉलेज, मोहम्मदी रोड और खुटार मार्ग से आने वालों के लिए चीनी मिल गन्ना यार्ड तथा अलीगंज रोड की ओर से आने वालों के लिए कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### बस संचालन में अस्थायी बदलाव

14 फरवरी की शाम से 16 फरवरी की दोपहर तक मोहम्मदी रोड बाईपास चैराहे स्थित सत्य प्रकाश अग्रवाल राइस मिल परिसर से रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा।

### गोकर्ण तीर्थ रहेगा जलविहीन

इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर गोकर्ण तीर्थ में जल नहीं भरा जाएगा। तीर्थ में जल भरने वाले ट्यूबवेल के पाइप को सील कर दिया गया है। पौराणिक शिव मंदिर समिति अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने बताया कि 22 फरवरी को कॉरिडोर की आधारशिला रखे जाने के उपलक्ष्य में शिवोत्सव आयोजित होना है, जिसके चलते तीर्थ में जल नहीं भरा जाएगा।

## सीसीटीवी और आवागमन व्यवस्था का किया निरीक्षण




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधाओं की तैयारियां तेज कर दी हैं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी और पुलिस क्षेत्राधिकारी रमेश तिवारी ने कैम्प कार्यालय पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों और आवागमन संबंधी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेला क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग व्यवस्था, कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली तथा भीड़ प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कैमरे पूरी तरह क्रियाशील रहें और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। आवागमन को सुचारु बनाए रखने के लिए यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग और पार्किंग स्थलों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोपरि है, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## उखाड़ी जा रही मानक विहीन बनी सड़क

जौनपुर। आजमगढ़ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर चल रहे रिन्युअल कार्य में घटिया निर्माण को लेकर उठी आवाज का असर दिखने लगा है। चार दिन पूर्व किसान संगठन द्वारा मानक विहीन बन रहे सड़क पर झाड़ू लगाकर गिट्टियां बटोरने का समाचार प्रकाशित हुआ था। खबर के बाद हरकत में आए ठेकेदार व संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और खराब हो चुकी सड़क को उखाड़कर दोबारा निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी।

राष्ट्रीय राजमार्ग 233 पर दानगंज से कनौरा तक करीब 16 किलोमीटर रिन्युअल कार्य प्रस्तावित है। निर्माण कार्य दानगंज की ओर से आगे बढ़ रहा है, लेकिन चंदवक बाजार सहित कई स्थानों पर सड़क बनने के दूसरे-तीसरे दिन ही गिट्टियां उखड़कर बिखर गईं। बीच सड़क पर अधूरा कार्य और मानकों की अनदेखी को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी।पूर्वांचल किसान संगठन च व बाजारवासियों ने सड़क पर झाड़ू लगाकर बिखरी गिट्टियां इकट्ठा कर विरोध दर्ज कराया। उनका कहना था कि यदि घटिया निर्माण कार्य नहीं रुका तो आगे काम बाधित किया जाएगा।टूटी सड़क और उड़ती धूल से राहगीरों व दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासनिक अमला सक्रिय हुआ तो ठेकेदार क्षतिग्रस्त हिस्से को उखाड़ना शुरू कर दिया गया। सड़क का दोबारा निर्माण किया जाएगा। लोगों की नजरें लगी हुई हैं कि दोबारा होने वाला निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के होता है या नहीं।

## विदाई समारोह में पूर्व सांसद ने छात्राओं को दिया मार्गदर्शन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला में इंटरमीडिएट की छात्राओं के लिए विदाई एवं आशीर्वचन समारोह का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज प्रबंधक एवं पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।



संगीत शिक्षिका आरती गुप्ता ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। हिंदी प्रवक्ता अनुराग वाजपेई ने काव्य पाठ के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया। कक्षा 11 की छात्राओं ने अपनी सीनियर छात्राओं के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। हिंदी प्रवक्ता ओम प्रकाश यादव ने छात्राओं को धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ने की सलाह देते हुए परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के सूत्र बताए। अंग्रेजी शिक्षिका पूनम वर्मा ने अपने अनुभव साझा करते हुए लक्ष्य के प्रति समर्पण और आत्मविश्वास पर बल दिया। पूर्व सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता का कोई विकल्प नहीं है। कठिन परिश्रम, अनुशासन और गुरुजनों के संस्कार ही भविष्य की चुनौतियों से जूझने की शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक और सहगामी गतिविधियों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज ने की। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा उपस्थित रहे। अंत में छात्राओं को उपहार स्वरूप पेन वितरित किए गए।

## गन्ना लदी ट्रॉली की टक्कर से तीन पोल क्षतिग्रस्त

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। थाना हैदराबाद क्षेत्र के कस्बा रोशन नगर में शुक्रवार शाम एक ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बिजली के पोल टूट गए। हादसे में एक ग्रामीण घायल हो गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा टल गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली चीनी मिल की ओर जा रही थी। आबादी क्षेत्र से गुजरते समय ट्रॉली में भरा गन्ना ओवरहाइट होने के कारण बिजली के पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक पोल क्षतिग्रस्त होकर पास में खोखा लगाकर बैठे 40 वर्षीय मुन्ना पुत्र लल्लू के खोखे पर गिर पड़ा। पोल गिरने से मुन्ना घायल हो गया और उसका खोखा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।लोगों का कहना है कि टक्कर के बाद खिंचाव में दो अन्य पोल भी प्रभावित हुए, जिससे मोहल्ले की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल को तत्काल अस्पताल ले गए।ग्रामीणों ने ट्रैक्टर चालक को कुछ दूरी पर पकड़ लिया और डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्राली को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। बिजली विभाग को भी सूचना दे दी गई है और आपूर्ति बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

## चलती मोटरसाइकिल में लगी आग

सिंगाही खीरी। इलाके के चिरकुआ फार्म क्षेत्र में शुक्रवार रात एक बड़ा हादसा टल गया। शादी समारोह में शामिल होने उत्तराखंड से आए एक युवक की मोटरसाइकिल में चलते समय अचानक आग लग गई। सूझबूझ दिखाते हुए युवक ने चलती बाइक से कूदकर अपनी और साथ में सवार बच्ची की जान बचा ली। उद्धव सिंह नगर जनपद के काशीपुर, उत्तराखंड निवासी स्वर्ण सिंह अपनी ससुराल बेला फार्म, निवासी बलवंत सिंह के यहां शादी समारोह में शामिल होने आए थे। बीती रात उनके बेटे कीरत सिंह की तबीयत अचानक खराब हो गई, जिसके चलते वह दवा लेने मोटरसाइकिल से सिंगाही जा रहे थे। जैसे ही वह चिरकुआ-भेड़ौरा रोड पर निरंजन सिंह के घर के पास पहुंचे, तभी अचानक मोटरसाइकिल में आग लग गई। आग लगते ही स्वर्ण सिंह ने तत्परता दिखाते हुए बच्ची को साथ लेकर बाइक से छलांग लगा दी। घटना में मोटरसाइकिल सवार युवक व बच्ची को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। वहीं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक मनीष सिंह ने बताया कि उन्हें फिलहाल इस घटना की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## नियमों को रौंद रहे ओवरलोड गन्ना, बैगास भरे ट्रक



जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। तहसील क्षेत्र में इन दिनों यातायात नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मोहम्मदी प्रशासन की नाक के नीचे गन्ना अधिकारियों और माफियाओं की साठगांठ से ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ने से भरे ट्रक मौत बनकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं। हादसों को दावत देता 'ओवरलोड' खेल स्थानीय निवासियों का आरोप है कि चीनी मिलों को जाने वाले इन ट्रकों में गन्ने को निर्धारित ऊंचाई से कहीं ज्यादा ऊपर तक भरा जा रहा है। ये ट्रक न केवल बिजली के तारों को छू रहे हैं, बल्कि संकरी सड़कों पर पैदल चलने वालों और दोपहिया वाहनों के लिए काल साबित हो रहे हैं। सड़क पर निकलते समय डर लगता है। ये ट्रक कई बार पलट भी चुके हैं, लेकिन प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है।

वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला

### अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि पूरे मामले में गन्ना विभाग और स्थानीय प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। चर्चा है कि चेकिंग के नाम पर खानापूरी की जाती है और 'ऊपर' तक पहुंच होने के कारण इन बेलगाम ट्रक चालकों और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसा लग रहा है मानो नियम सिर्फ आम जनता के लिए हैं, रसूखदारों के लिए नहीं।

मामला यहां तक ही नहीं लगभग 20 दिन पूर्व आवर हाइट गन्ना भरा ट्रक विद्यालय की गाड़ी पर पलट गया जिसमें 19 बच्चे दब गए स्थानीय लोगों के सहयोग से उनको सकुशल बाहर निकल गया

उक्त मामले को क्षेत्रीय विधायक में संज्ञान में लेते हुए तहसील प्रशासन के साथ चीनी मिलों के अधिकारियों को बुलाया निर्देशित किया मानक के अनुसार ट्रक संचालित किया जाए अथवा प्रशासन कार्रवाई करें लेकिन चंद दिन बाद ट्रैकों का संचालन दलालों के माध्यम से प्रारंभ हो गया।

क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मैं सदन में होने के कारण नहीं संज्ञान ले पाया आपके माध्यम से प्रकरण संज्ञान में आया है जल्द ही बड़ी कार्रवाई होगी यह लापरवाही बर्दाश्त नहीं।

एसडीएम ने कहा कि मेरे द्वारा कई गन्ना भरे ट्रक सीज की कार्रवाई कराया हूं मैं व्यस्त था जल्द बड़ी कार्रवाई होगी

पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि लगातार चालान किए जा रहे हैं संबंधित थानों पर निर्देशित कर दिया है कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान निकली शोभायात्रा



सिंगाही, खीरी। कस्बे के सराफा बाजार स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान शनिवार को मूर्तियों का मंदिर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बाहरी कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियों से पूरा कस्बा शिवमय हो गया। सराफा बाजार में जीर्णोद्धार कर बनाए गए नर्मदेश्वर महादेव मंदिर से मूर्तियों की शोभायात्रा प्रारंभ होकर मेन बाजार होते हुए काली माता मंदिर पहुंची। वहां से शोभायात्रा छावनी स्थित संकट हरण मंदिर, भेड़ौरा के गौरी बाबा मंदिर, वाल्मीक मंदिर होते हुए दुर्गा माता मंदिर पहुंची और अंत में वापस नर्मदेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों को विराजमान किया गया, जिनकी प्राण प्रतिष्ठा रविवार को की जाएगी। शोभायात्रा के दौरान भारी संख्या में महिलाएं एवं कस्बेवासी शिव भक्ति में लीन नजर आए। महमूदाबाद से आए कलाकारों ने नंदी एवं शिव परिवार की सजीव झांकियां प्रस्तुत कीं, वहीं अघोरी कला के प्रदर्शन ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान राहुल सोनी, आलोक सोनी, राम प्रकाश सोनी, पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार पुरवार, धर्मू मौर्य, अनिल सोनी, गौरव ठठेर, रमाकांत जायसवाल, कपिल त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में शिव भक्त उपस्थित रहे।

## अभद्र टिप्पणी पर गायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जौनपुर। सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में थाना बक्सा पुलिस ने गायक निलेश यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दबिश देना शुरू कर दिया है। ग्राम बेलछा निवासी निलेश यादव पुत्र राम अवध यादव ने अपने फेसबुक आईडी से न्यूज वन इंडिया के जिला संवाददाता देवेंद्र खरे के खिलाफ कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया था। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद संबंधित पक्ष द्वारा थाने में तहरीर दी गई।तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और मानहानिकारक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का प्रयोग जिम्मेदारी और संयम के साथ करें।

## घर में घुसकर महिला व भतीजे से मारपीट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव में घर में घुसकर महिला और उसके भतीजे के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जलालपुर निवासी छोटी देवी पत्नी संकटा प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि 11 फरवरी की शाम करीब सात बजे सचिन पुत्र राजेश, राजेश पुत्र दुन्ने, रामचरन पुत्र थम्मन और डालचन्द्र पुत्र दुन्ने एक राय होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। तहरीर के अनुसार मारपीट में छोटी देवी और उसके भतीजे वीरपाल पुत्र टीकाराम के सिर में गंभीर चोटें आईं और दोनों घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपितों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसपी ने की मासिक समीक्षा, दिए निर्देश




- हत्या, डकैती, लूट जैसे गंभीर अपराधों के लंबित अभियोगों पर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक डा0 ख्याति गर्ग द्वारा पुलिस लाईन सभागार कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी कर अपराध एवं अपराधियों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान गंभीर अपराधों से सम्बन्धित लंबित अभियोगों के शीघ्र अनावरण करने के साथ कानून एवं शांति ब्यवस्था सुदृढ़ रखने के सम्बंध में कड़े निर्देश भी दिए।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक खीरी डा0 ख्याति गर्ग द्वारा पुलिस लाईन में जनपद के अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी/पूर्वी समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारियो व सभी शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी की गई। उक्त गोष्ठी के दौरान एसपी द्वारा जनपद के अपराध एवं अपराधियों के साथ साथ थानों पर पंजीकृत अभियोगों की समीक्षा की गई एवं हत्या, डकैती, लूट जैसे गंभीर अपराधों के लंबित अभियोगों के गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। महिला संबंधी अपराधों को नियंत्रित करने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने, शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, शराब माफियाओं पर गैंगस्टर की कार्यवाही करने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट 14(1) गैंगस्टर एक्ट, एनएसए के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जमानत पर बाहर आये अपराधियों की जमानत निरस्त कराने हेतु भी निर्देश दिए गए। धार्मिक विवाद के संबंध में त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को भी देने हेतु निर्देशित किया गया। शासन तथा उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना परिसर एवं थाना कार्यालय की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देकर थाने में खडे वाहनों का डिस्पोजल कराने, साइबर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने, महिला हेल्प डेस्क को सक्रिय एवं प्रभावी रखने कों कहाँ गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



तिकुनियां-खीरी। कस्बे के गुरुनानक देव सिख एकेडमी में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।दो सौ से अधिक बच्चों ने तरह तरह के 63 मॉडल बनाकर लोगो को आकर्षित किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन बाबा काला सिंह ने किया।

शनिवार को श्रीगुरु नानकदेव सिख एकेडमी में छात्र छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन प्रधानाचार्य व्यासमुनि दास के नेतृत्व में किया। प्रदर्शनी में 220 बच्चों ने 63 प्रोजेक्ट बनाकर लगाए। संदीप, मनजिंदर और गुरमान ने एयर कूलर, जसप्रीत और रोवनप्रीत ने पॉल्यूशन वर्किंग, हरसीरत कौर, मनदीश कौर ने एयरपोर्ट वर्किंग मॉडल बनाया। चेस्टा और नव्या ने डे एंड नाइट, सिमरंजोत कौर, सुखमणि और महकप्रीत कौर ने डिजास्ट मैनेजमेंट पर प्रोजेक्ट बनाए। हादिया और तूबा ने पॉल्यूशन कंट्रोल, आयजा और आस्था ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग, खुशमीत, अरमनप्रीत और ऐशमीत ने मैथ पयोरम पार्क का प्रोजेक्ट बनाया। खुशमीत, अरमनप्रीत और ऐसमीत ने हाइड्रोइलेक्ट्रिक, शिवांगी व पवनप्रीत ने ह्यूमन हार्ट और संदीप, दानिश, अंश व नित्तयम ने एयर प्यूरीफायर प्रोजेक्ट बनाकर प्रदर्शनी देखने आए लोगो को आकर्षित किया। इस दौरान प्रकट सिंह, करन सिंह, शिपेंद्र शर्मा, शिवाजी राठौर, ऋषभ गुप्ता, तेजपाल सिंह, ध्रुव पांडे, अश्वनी सिंह, शैलेंद्र नाग, विकास अग्रवाल, नईम खां, कुलजिंदर कौर, लखविंदर कौर, रमन कौर, रन्नो मिश्रा, तरन्नुम खान, तवस्सुम सहित कई स्कूलों के अध्यापक व अभिभावक मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस, प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस में पहुंचे, जहां उन्होंने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी।



समाधान दिवस में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि राजस्व-पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित कराए। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नही होगी। पीड़ितों की समस्याओं को खुद समझ कर दूर करें। फोर्स के साथ राजस्वकर्मी मौके पर जाकर विवादित मामलों का निस्तारण करें। अगर मामला गंभीर है तो तत्काल एसडीएम, तहसीलदार को अवगत कराएं, ताकि अधिकारी मौके पर जाकर समाधान करें। डीएम-एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए। थाना समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसडीएम सदर अश्विनी कुमार सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह, राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### कोतवाली सदर का किया निरीक्षण

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने थाना कोतवाली सदर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। डीएम ने सबसे पहले अभिलेखों की पड़ताल की। मालखाना, हवालात, महिला हेल्प डेस्क और फरियादियों के बैठने की व्यवस्था को बारीकी से देखा। एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने ड्यूटी रजिस्टर और सीसीटीवी की स्थिति जांची। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई और अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव पर संतोष जताया। वहीं कुछ बिंदुओं पर सुधार के निर्देश भी दिए गए।

संक्षेप

## पेड़ के किनारे मिला युवक का शव, सनसनी

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के जिवली बाजार स्थित यूबीआई बैंक के निकट जौनपुर आजमगढ़ मुख्य मार्ग पर महताब आलम के मकान सामने नीम के पेड़ के किनारे लगभग 30 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी मच गई। ग्रामीणों ने पहले मृतक की पहचान प्रयास किया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने भी शिनाख्त का प्रयास किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव के बगल में चप्पल रखे होने पर लोग तमाम प्रकार की अटकल लगा रहे थे। वहीं पुलिस सड़क हादसा की आशंका जताई। कई घंटे बाद मृतक की पहचान 24 वर्षीय नीतीश यादव पुत्र योगेंद्र ग्राम सेनुरी थाना सरायमीर के रूप में हुई। मृतक ठेकमा स्थित एक टेंट हाउस में कर्मचारी था। घर बहुत कम जाता था। टेंट हाउस पर ही रहता था। स्थानीय क्षेत्र में ही काम कर नीतीश शुक्रवार सुबह ठेकमा से मौसी मीना देवी पत्नी स्व उदयराज ग्राम कुरेथू थाना गौरा बादशाहपुर जौनपुर के घर के लिए निकला था। परिजनों से बात करने के बाद पुलिस का मानना था कि बीती रात में अज्ञात वाहन के चपेट में आने से मौत हो गई होगी। मृतक दो भाई में बड़ा था। छोटे भाई नितिन यादव ने स्थानीय थाने पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

## दो पक्षों के बीच मारपीट, महिला समेत दो घायल

आजमगढ़। जनपद के महाराजगंज कोतवाली क्षेत्र के महाजी देवारा जदीद गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में एक महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलम पत्नी राम प्रकाश निषाद एवं राम प्रकाश निषाद पुत्र श्रीपत निषाद को विवाद के दौरान चोटें आईं। परिजनों का आरोप है कि अंगद व पंकज पुत्रगण श्रीपत निषाद तथा उनके परिजनों ने पहले नीलम के साथ मारपीट की। इसकी सूचना मिलने पर राम प्रकाश निषाद जब विरोध जताने पहुंचे तो विपक्षियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्रभारी अधीक्षक डॉ. योगेश कुमार गौतम ने बताया कि नीलम बेहोशी की हालत में थीं तथा राम प्रकाश के हाथ में गंभीर चोट पाई गई। दोनों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई थी। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

## हादसे में तीन लोग घायल

जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के सीहींपुर के पास शनिवार की सुबह करीब 9 बजे आटो और बाइक की टक्कर में तीन लोग घायल हो गयें हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मछलीशहर की ओर से एक आटो आ रहा था तभी विपरीत दिशा से बाइक आ रही बाइक से टक्कर हो गई। यह हादसा एक अवैध कट के कारण हुआ है। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंचे लोगों ने सिकरारा क्षेत्र के जनवेरा गांव निवासी 28 वर्षीय विक्की यादव और इब्राहिमाबाद निवासी राकेश कुमार व एक अज्ञात घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया।

## रंक्तरंजित मिली युवक की लाश

जौनपुर। शनिवार की सुबह रंक्तरजित एक युवक की लाश मिलने से हड़कंप मच गया। युवक की लाश के पास से गुलाब की पंखुड़ियां पाई गई है। गौराबादशाहपुर नगर पंचायत सीमा से करीब 50 मीटर दूर जिवली स्थित यूनियन बैंक के पास एक युवक की लाश पाई गई। उस युवक के चेहरे पर गहरे चोट के निशान थे। घटनास्थल की परिस्थितियों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने युवक की लाश को अपने कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

## झांकी और भण्डारा 15 को

जौनपुर। श्री संकट मोचन संगठन (ट्रस्ट) द्वारा भव्य भण्डारा एवं दिव्य झांकी कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया है जो 15 फरवरी दिन रविवार को शाही पुल के बगल में स्थित गोपी घाट पर विराजमान बाबा गोमतेश्वर नाथ मन्दिर के प्रांगण में होगा। नगर के नखास स्थित उपरोक्त स्थल पर यह आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के दिन हो रहा है जहां हजारों भक्तों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया जाता है।

# शिवालयों में हुई साफ-सफाई , महाशिवरात्रि आज

## शिवरात्रि पर एक लाख से ज्यादा भक्त करेंगे जलाभिषेक

जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। हलिया क्षेत्र के कोटार गांव स्थित अदवा नदी के मध्य टीले पर विराजमान कोटार नाथ देवाधिदेव महादेव धाम में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर एक लाख से अधिक भक्त जलाभिषेक कर मंन्नते पूरा करेंगे मेले को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा सुरक्षा साफ सफाई बैरिकेडिंग प्रकाश व्यवस्था सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

शिवरात्रि के पावन अवसर पर दूर दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिवभक्त कोटार नाथ शिव धाम में दर्शन पूजन के लिए पहुंचते हैं। शाम से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाता है। मेले में प्रसाद, पूजन सामग्री, खान पान व दैनिक उपयोग की वस्तुओं की दुकानें शुक्रवार से ही सज गयी हैं। थाना अध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की मेले में भीड नियन्त्रण के लिये तीन बैरियर व चार उपनिरीक्षक, अन्य थाने के पुलिस के साथ ड्रमंडगंज एसो व इलाकाई पुलिस की ड्यूटी लगा दी गयी है। भीड़ नियंत्रण यातायात व्यवस्था और सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस बल के साथ स्थानीय स्वयंसेवकों की भी ड्यूटी लगाई गई है जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।? एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि साफ सफाई के लिये दो सिफ्ट में 40 सफाई कर्मचारियों व पानी टैंकर मौजूद है। मंदिर पुजारी जै राम गिरि व शिव राम गिरि ने बताया कि एक लाख से ज्यादा भक्त जलाभिषेक करेगें। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह उत्सव के रूप में मनाया जाता है महाशिवरात्रि की रात जागरण कर भगवान शिव का स्मरण करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और सुख समृद्धि प्राप्त होती है। श्रद्धालु इस दिन बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध और गंगाजल चढ़ाकर भगवान शिव की आराधना करते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव ने तांडव नृत्य किया था तथा जगत कल्याण के लिए विषपान भी किया था, इसलिए इस पर्व का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है।



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जिले में शिवरात्रि की तैयारियां जोरो पर मन्दिरों पर सफाई और व्यवस्था को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। कही शिवबारात तो कई मेले का आयोजन किया जाता है। दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाना शुरू कर दिया है। अनेक शिमन्दिरों पर कलाकारों द्वारा फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

मेले में विभिन्न प्रकार के झूलों समेत मिठाइयों घरेलू सामानों की दुकानें लगने लगी हैं। कई पुरान शिवमन्दिर पर आने वाले भक्तों की मनौतियां पूर्ण होती हैं। त्रिलोचन महादेव मन्दिर में रविवार को भोर से जलाभिषेक प्रारंभ हो जाएगा। कई दिनों से शिवरात्रि की तैयारी चल रही है। भक्तों की सुविधा के लिए रास्ते में मैट बिछाई जाएगी। भक्तों को फलाहार का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मछलीशहर के बरईपार स्थिति मेहरवा महादेव मन्दिर, करसूल नाथ मन्दिर पर भव्य मेले का कायोजन किया जा रहा है। रामनगर विकासखंड के महाशिवरात्रि के शुभअवसर पर शिव भक्तों द्वारा क्षेत्र के सभी शिवालयों में साफ सफाई एवं पूजन अर्चन की व्यवस्था बड़े हर्ष उल्लास के साथ किया गया है प्राचीन मंदिर गौरी शंकर महादेव मंदिर में जलाभिषेक एवं कीर्तन भजन विशाल मेले का आयोजन किया गया है। क्षेत्र के ग्राम सभा और के निमार्णाधीन शिव मंदिर शिवनगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल मेला एवं शिव भक्तों द्वारा भक्ति भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया गया है मेला के संस्थापक स्व. श्री शमशेर बहादुर श्रीवास्तव पुत्र स्व. शारदा प्रसाद श्रीवास्तव कार्यक्रम के व्यवस्थापक विनय कुमार श्रीवास्तव पत्रकार , विपिन कुमार ने यह जानकारी दी।

# वेलेंटाइन नहीं युवा मनाएं मातृ-पितृ दिवस



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर। युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वावधान में नगर के कजरहवा पोखरा स्थित सेंट जोसेफ स्कूल में बच्चों ने 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे की जगह मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया।

इस अवसर पर संस्थापक योग गुरु योगी भोलानाथ ने बच्चों के साथ साथ शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का आधुनिक परिवेश इतना बिगड़ता जा रहा है, जिससे कि युवाओं को अपनी संस्कृति संस्कार और सभ्यताओं से परिचय कराना अति आवश्यक हो गया है। आज हमारी युवा पीढ़ी वेलेंटाइन डे मना रही है, लेकिन हम सभी को मिलकर इस दिन को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लेना होगा, तभी हमारी आने वाली पीढ़ियां सही दशा और दिशा की ओर होंगे और तभी अपनी संस्कृति व सभ्यता जीवित रहेंगी। इस अवसर पर कार्यकम की मुख्य अतिथि महिला केंद्रीय प्रभारी श्रीमती संगीता व्यास ने कहा कि आज के दिन बच्चों ने अपने माता पिता को माल्यार्पण कर उनको तिलक लगाकर एवं उनकी आरती करते हुए, उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। कहा माता पिता भी अपने बच्चों के द्वारा किए गए सुंदर सत्कार के लिए हृदय से उन्हें स्वस्थ सकुशल और सप्रसन्न रहने का आशीर्वाद दिया।

राष्ट्रीय योगासन जज योगी ज्वाला सिंह ने कहा कि आज के बच्चों के भीतर शुरू से ही अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक किया जाए तो ये बच्चे आने वाले समय में कभी भी अपनी मूलता का त्याग नहीं करेंगे और भारत की सभ्यता व विरासत को आगे बढ़ाने के लिए के स्वतः संकल्पित होंगे।

प्रबंधक रतन जॉनसन ने कहा कि विद्यालय प्रागंण में वेलेंटाइन डे की जगह मातृ पितृ पूजन दिवस पिछले बारह वर्षों से हर साल मनाया जाता है और आने वाली पीढ़ियों को एवम् अभिभावकों को भी अपनी मूल सभ्यता से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया जाता है , जिसे हमसब हर वर्ष एक पर्व की तरह बड़े ही हर्षोल्लाह के साथ मनाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा भारत के जिला प्रभारी प्रवीण मौर्या, किरन पाण्डेय, ममता, प्रीति श्रीवास्तव, प्रिया श्रीवास्तव, प्रीति गुप्ता, मुकेश मिश्रा, सर्वजीत, डिंपल, शबाना आदि शिक्षकों संग बालक बालिका उपस्थित रहें।

# प्रयास ने स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री बांटी, चहके छात्र

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। प्रयास सामाजिक संगठन की ओर से अहिरौला ब्लॉक



के प्राथमिक पाठशाला बिलारी के बच्चों में शनिवार को स्कूल बैग से लेकर स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया गया। वितरण से बच्चों के चेहरे खिल उठे वहीं संगठन ने ऐसे कार्यक्रम को आवश्यक बताया।

प्रयास अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहा कि प्राथमिक पाठशाला के 57 बच्चों में शिक्षण सामग्री, स्कूली बैग, कॉपी पेंसिल आदि का वितरण हुआ है। संस्था द्वारा शुरू से ही ऐसे कार्यक्रम के जरिये विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की आवश्यकता की पूर्ति कर आमजन में प्रेरणा जगाई जाती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कला भूषण चैबे ने प्रयास के कार्यो की सराहना की। इस मौके पर दिनेश कुमार मौर्य, लालपरी सिंह के साथ प्रयास के ओम नारायण श्रीवास्तव, राजीव कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# महाशिवरात्रि पर रूट रहेगा डायवर्जन

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। महाशिवरात्रि को लेकर शहर में जगह जगह भारी वाहनों के साथ चार पहिया वाहनों के लिए रूट डाइवर्जन को निर्धारित कर दिया गया है। भवरनाथ मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए यह व्यवस्था प्रातः 3 बजे से रात्रि 20 बजे तक प्रभावी रहेगी।

प्रभारी यातायात, आजमगढ़ द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार, इस दौरान जनपद में भारी एवं कमर्शियल वाहनों की आवाजाही पर विभिन्न मार्गों पर प्रतिबंध एवं डायवर्जन लागू रहेगा। डायवर्जन और प्रतिबंध गोरखपुर की ओर से आने-जाने वाले सभी भारी व कमर्शियल वाहन हाफिजपुर चौराहा, वैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चैराहा और नरौली तिराहा होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगे।. बिलरियागंज की तरफ से आने वाले भारी व कमर्शियल वाहन भी हाफिजपुर चैराहा, वैठौली तिराहा, सिधारी हाइड्रिल चैराहा और नरौली तिराहा मार्ग से होकर गुजरेंगे। फैजाबाद रोड से आने वाले सभी भारी व कमर्शियल वाहन भवरनाथ की ओर न जाकर फोर-लेन मार्ग से अपने गंतव्य को जाएंगे। बवाली चैराहे से करतालपुर तिराहे की ओर आने वाले सभी भारी व कमर्शियल वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। नरौली तिराहा से शहर क्षेत्र की ओर आने वाले सभी भारी व कमर्शियल वाहनों का प्रवेश पूरी तरह बंद रहेगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि निर्धारित नियमों का पालन करें।

# खेल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम, बच्चों ने मोहा मन

मीरजापुर। नगर के नटवां स्थित सेम्फोर्ड स्कूल में 14 फरवरी को वार्षिक खेलकूद दिवस बड़े उत्साह और जोश के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भव्य मार्च पास्ट से हुई, जिसमें सभी हाउस के छात्रों ने अनुशासन, तालमेल और ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉक्टर आदिति जैन एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रितु सिंह द्वारा मशाल प्रज्वलन किया गया, जो खेल भावना, साहस और नई ऊर्जा का प्रतीक रहा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ, जिसने पूरे वातावरण को मंगलमय बना दिया। विद्यालय के निदेशक विवेक बरनवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेलकूद हमारे विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए बहुत आवश्यक है।



यह उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है। इसके पश्चात नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिन में ताइक्वांडो और स्केटिंग, कैच द बिस्किट रेस बैलून रेस मेमोरी रेस, रिले रेस तथा अन्य रोचक खेलों में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों द्वारा छात्रों का उत्साहवर्धन लगातार होता रहा, जिससे प्रतिभागियों का जोश और भी बढ़ गया। सभी खेल प्रतियोगिताएं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुईं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों के उत्साह और खेल कौशल की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और धैर्य का महत्वपूर्ण पाठ भी सिखाते हैं। उन्होंने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बरसी पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि




जौनपुर। पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा शनिवार को रुहट्टा स्थित स्कूल में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनिकों, छात्रों, शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शहीदों की याद में कैंडल जलाकर मौन रखा गया और सभी सदस्यों ने वृक्षारोपण कर अमर सपूतों को नमन किया। अखिल भारतीय भूतपूर्व सैनिक संगठन के विधिक सलाहकार राजबहादुर पाल और सूबेदार मेजर बी. एन. दुबे ने वृक्षारोपण के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजबहादुर पाल ने कहा कि सेना के सिपाही का बलिदान समाज पर एक ऋण है। उन्होंने पुलवामा के त्याग को आतंकवाद के विरुद्ध एकजुटता का प्रतीक बताया। भूतपूर्व सैनिक राजबहादुर पाल ने बच्चों के साथ अपने कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि कैसे घायल होने के बावजूद उन्होंने युद्ध जारी रखा था। उन्होंने अपनी और अन्य सैनिकों की वीरगाथाएं सुनाकर बच्चों को देश के शौर्य और पराक्रम से अवगत कराया। प्राचार्य डॉ. शिप्रा सिंह ने कहा कि सैनिकों की बहादुरी और सर्वोच्च बलिदान प्रत्येक भारतीय को एक मजबूत और समृद्ध देश के लिए कार्य करने हेतु प्रेरित करता है। मेजर सूबेदार बी.एन. दुबे ने पुलवामा में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश उनके और उनके परिवारों के सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा ऋणी रहेगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

हलिया, मीरजापुर। शनिवार को मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्र के सोठिया खुर्द गांव में महिलाओं एवं बच्चियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, सुरक्षा सेवाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस टीम द्वारा महिलाओं को उनकी सुरक्षा अधिकारों और आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न, साइबर अपराध या आपात स्थिति में तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है। कार्यक्रम में पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर1930, एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर 108, अग्निशमन हेल्पलाइन नंबर 101 तथा आशा ज्योति केंद्र 181 के बारे में जानकारी दी गई।

# 50 लाख की भूमि प्रशासन ने की कुर्क

- डीएम के आदेश पर राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम ने धोखाधड़ी से खरीदी संपत्ति पर की बड़ी कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद में अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस व प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की भूमि कुर्क कर ली। यह कार्रवाई थाना मुबारकपुर क्षेत्र से जुड़े धोखाधड़ी के एक मामले में की गई है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर वादी मैनुद्दीन पुत्र स्व. अब्दुल गफ्फार की तहरीर पर थाना मुबारकपुर में मु0अ0सं0-324/25 धारा 406, 506 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान संपत्ति कुर्की के लिए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में रिपोर्ट प्रेषित की गई। जांच में सामने आया कि अभियुक्त अमान अहमद पुत्र शहवान एवं फरहाना बानो पत्नी अमान अहमद, निवासी ग्राम करमैनी, थाना बिलरियागंज, जनपद आजमगढ़ ने पीड़ित से कुल 36 लाख रुपये धोखाधड़ी कर प्राप्त किए। इसमें 16 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से तथा शेष धनराशि नगद ली गई। आरोप है कि इसी धनराशि से 4 फरवरी 2022 को ग्राम चांदपट्टी, परगना व तहसील सगड़ी, थाना रौनापार क्षेत्र में कुल 0.1361 हेक्टेयर भूमि (गाटा संख्या 595, 593, 637 व 660) क्रय की गई, जो फरहाना बानो के हिस्से में दर्ज है। न्यायालय ने पत्रावली में उपलब्ध बैनामा, बैंक अभिलेख, लेखपाल रिपोर्ट एवं अभियोजन पक्ष के तर्कों का परीक्षण करते हुए पाया कि उक्त भूमि आपराधिक कृत्य से अर्जित धन से खरीदी गई है। इस आधार पर बीएनएसएस की धारा 107 के अंतर्गत दिनांक 13 जनवरी 2026 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा कुर्की का आदेश पारित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट रविन्द्र कुमार के आदेश के अनुपालन में शनिवार को क्षेत्राधिकारी सदर आस्था जायसवाल, प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर शशिमौलि पाण्डेय, नायब तहसीलदार सगड़ी तथा राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम की मौजूदगी में संबंधित भूमि को विधि-विधान से कुर्क कर लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अपराध से अर्जित संपत्तियों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# रंगदारी को लेकर चिकित्सक को मारी गोली

जौनपुर। जिले के बक्शा थाना क्षेत्र के लखौवा बाजार में शनिवार को अपरान्ह कथित चिकित्सक वीके बंगाली को गोली मार दी गई। एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने उनके पैर में गोली मारी और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डा0 बंगाली लखौवा बाजार स्थित अपने घर पर ही डिस्पेंसरी चलाते हैं। उन्हें यह काम करते हुए 32 साल हो गए हैं। वे हमेशा की तरह मरीजों का इलाज कर रहे थे, तभी यह घटना हुई। घायल ने पुलिस को बताया कि उन्हें 50 लाख रुपये की रंगदारी के लिए धमकी मिली थी। उन्होंने बताया कि 10 जनवरी को वे एक शादी समारोह में शामिल होने अपने घर गए थे। 6 फरवरी को लखौवा स्थित अपने घर लौटे थे। इसी दौरान उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक कॉल आया था। फोन करने वाले ने खुद को शसोले सिंहश बताया और 24 घंटे के भीतर 50 लाख रुपये का इंतजाम करने को कहा था। ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी गई थी। जब वे अपनी डिस्पेंसरी पर मरीज देख रहे थे, तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन नकाबपोश बदमाश पहुंचे। तीनों ने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। उनमें से एक बदमाश मोटरसाइकिल से उतरा, जेब से पिस्तौल निकाली और बिना कुछ कहे उन पर फायर कर दिया। बदमाश ने डॉक्टर पर तीन गोलियां चलाईं, जिनमें से एक उनके पैर में लगी, जबकि अन्य दो चूक गईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है और मामले की छानबीन कर रही है।

# 29 गैंगचार्ट स्वीकृत, 113 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

आजमगढ़। जनपद में आपराधिक प्रवृत्तियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के तहत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा दिसम्बर 2025 में 12 तथा जनवरी 2026 में 17, कुल 29 गैंगचार्ट स्वीकृत किए गए हैं। इन गैंगचार्ट में कुल 113 अभियुक्तों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। प्रशासन द्वारा स्वीकृत गैंगचार्ट के आधार पर विभिन्न थानों में दर्ज संगीन मामलों में आरोपितों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किए गए हैं। थाना कोतवाली में दर्ज एक मामले में जिला कारागार के सरकारी खाते से 52 लाख 85 हजार रुपये की निकासी प्रकरण में छह अभियुक्तों को गैंगेस्टर एक्ट के तहत नामजद किया गया है। इसके अलावा चोरी, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती, गोवंश व पशु चोरी तथा अवैध शराब तस्करी जैसे मामलों में भी आरोपितों पर कार्रवाई की गई है। थाना सिधारी में हत्या व आर्म्स एक्ट के मामले में छह, सरायमीर में चोरी के मामले में चार, मुबारकपुर में गोवंश चोरी के मामलों में सात, जबकि पॉक्सो एक्ट व आईटी एक्ट के तहत सामूहिक दुष्कर्म और वीडियो वायरल करने के मामले में चार अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार थाना गंभीरपुर में हत्या के प्रयास तथा मारपीट व लूट के मामलों में पांच, और थाना जहानागंज में एम्बुलेंस के माध्यम से अवैध शराब तस्करी एवं लूट/डकैती के मामलों में नौ अभियुक्तों को गैंगेस्टर एक्ट के तहत अभियोजित किया गया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए आगे भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# सेना के जवान को 1.05 करोड़ देने का आदेश

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कुत्तूपुर निवासी सिक्किम में तैनात सेना के जवान अशोक कुमार की 3 वर्ष पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी। मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल के न्यायाधीश मनोज कुमार अग्रवाल ने दुर्घटना करने वाले वाहन स्कॉर्पियो की बीमा कंपनी को आदेश दिया कि मृतक की पत्नी व बच्चों को 2 माह के भीतर ब्याज सहित 1.05 करोड रुपए क्षतिपूर्ति की धनराशि अदा करें। ज्ञात हो कि 14 सितंबर 2022 को 42 वर्षीय अशोक कुमार मोटरसाइकिल से, अपने बायें से शाहगंज से वापस घर कुत्तूपुर आ रहे थे कि समय 6रू00 बजे शाम जब वह तरसावां मोड़ के पास पहुंचे तभी स्कॉर्पियो नंबर यूपी 50 एजे 8884 के चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए अशोक कुमार की मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया जिससे उनकी मृत्यु हो गई। वह सशस्त्र सीमा बल सिक्किम में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। मृतक अशोक की पत्नी सोनी व उसके बच्चे निवासी कुत्तूपुर ने मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल में अधिवक्ता हिमांशु श्रीवास्तव व नीलेश निषाद के माध्यम से दुर्घटना करने वाले वाहन स्कॉर्पियो के स्वामी, चालक व बीमा कंपनी के खिलाफ क्षतिपूर्ति का मुकदमा दाखिल किया तथा याची मृतक की पत्नी व गवाहों का बयान दर्ज कराया गया। विपक्षी ड्राइवर ने भी अपना बयान दर्ज कराया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद स्कार्पियो चालक की उपेक्षा व लापरवाही पाते हुए स्कॉर्पियो की बीमा कंपनी को आदेश दिया कि पीड़ित परिवार को दो माह के भीतर क्षतिपूर्ति की धनराशि अदा करें।

# जनकल्याण की कामना के साथ गायत्री यज्ञ संपन्न

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। हलिया विकास खंड के अहुगी कलां गांव निवासी प्रभु नारायण पांडेय के आवास पर शनिवार को गायत्री चेतना परिवार मेजा, प्रयागराज के तत्वावधान में गायत्री यज्ञ विधि विधान से संपन्न कराया गया। डॉ रविन्द्र



पांडेय, आचार्य सुरेश चंद्र शुक्ल आचार्य अशोक मिश्र, मूलचंद केशरी, दिलीप शुक्ल, जगदीश प्रजापति ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गायत्री यज्ञ को संपन्न कराया। आयोजक परिवार और ग्रामीणों द्वारा यज्ञ में वैदिक मंत्रों और गायत्री मंत्रों के साथ आहुतियां देकर क्षेत्र के कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। यज्ञ आयोजक समाजसेवी प्रभु नारायण पांडेय ने बताया कि गांव तथा क्षेत्र वासियों की मंगलकामना के लिए ग्रामीणों संग गायत्री यज्ञ में आहुतियां दी गई। यज्ञ समापन के बाद क्षेत्र की 101 निराश्रित महिलाओं को मुख्य अतिथि समाजसेवी नरेश सिंह ने साड़ी और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान नरेश सिंह, अधिवक्ता जगदीश प्रसाद मिश्र, डा अवधेश सिंह, बबलू सिंह बंजारी, देवेश पांडेय, रामेश्वर चौबे, आशीष मिश्र आदि मौजूद रहे।

# अपना गांव अपना देश फाउंडेशन के तत्वावधान में निकली शिव बारात

लालगंज, मीरजापुर। विकास खंड लालगंज क्षेत्र के ग्राम सभा तुलसी में 14 फरवरी 2026 शनिवार को नवनिर्मित वनराज पतीयार नाथ मंदिर प्रांगण से हमारा गांव हमारा देश फाउंडेशन के तत्वावधान में भव्य रूप से शिव बारात निकाली गई। सुबह से ही वनराज पतियार नाथ मंदिर परिसर में तैयारी शुरू हो गई थी। मंदिर को फूल मालाओं और रंग बिरंगी झालरों से सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 11 बजे अपना गांव अपना देश फाउंडेशन के नेतृत्व में भगवान शिव की पूजा अर्चना और हल्दी रस्म के साथ आरंभ हुआ। सेमरा प्रताप सिंह निवासी अखंड प्रताप सिंह व अपना देश अपना फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने भी मंदिर पहुंचकर भगवान शिव को हल्दी अर्पित की और देश प्रदेश व जिले गांव की सुख समृद्धि की कामना की। शिव बारात वनराज पतियार नाथ मंदिर प्रांगण से शुरू होकर सेमरा प्रताप सिंह नदंनी एवं गांव के प्रमुख मार्गो से होकर पुनः वनराज पतियार नाथ मंदिर परिसर में पुनः समाप्त हुई। शोभा यात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती, नंदी, गणेश और अन्य देवी देवताओं की झांकियां शामिल थी। भूत प्रेत और बेताल के रूप में सजे युवकों ने भी लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान ढोल ताशा और डीजे की गूंज के बीच श्रद्धालु हर-हर महादेव के जय घोष लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर बारात का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र सिंह यादव उर्फ पप्पू यादव, ग्राम प्रधान रामकुमार, बिहारी यादव, सुरेन्द्र सिंह, रामबाबू यादव, रिंकू सिंह, गुलाब सिंह, सनी सिंह, राजेश कुमार, अमरेश, कपिल, अतिश कुमार, शिव शंकर, गोली, सोनू, भगवान दास समेत हजारों की संख्या में युवा, बुजुर्ग, बच्चे एवं महिलाएं आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कांग्रेस ने मनरेगा बचाओ आंदोलन किया तेज

ललितपुर (वीओएल)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि केन्द्र की भाजपा सरकार मनरेगा को कमजोर कर इसे समाप्त करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस का कहना है कि यह कानून देश के सबसे गरीब वर्ग के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन-यापन की गारंटी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले यूपीए सरकार द्वारा लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी और पंचायतों को गांव स्तर पर निर्णय लेने का अधिकार मिला। कोविड-19 जैसे संकट के दौरान भी मनरेगा ग्रामीण भारत की जीवनरेखा साबित हुआ। भाजपा सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने के आरोप लगाते हुए मनरेगा बचाओ संग्राम के किं जब तक मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में पूरी तरह बहाल नहीं किया जाता, संसद तक संघर्ष जारी रहेगा।

# महाशिवरात्रि मेले की तैयारी हुई पूरी

जिला संवाददाता



**कुबेरस्थान, कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर स्थानीय कस्बा स्थित प्राचीन शिवमंदिर कुबेरस्थान में रविवार को लगने वाले मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। पुलिस प्रशासन भी महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं व मंदिर परिसर में लगने वाले भव्य मेले में जुटने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रयाप्त पुलिस बल का इंतजाम कर लिया है।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर कुबेरस्थान कस्बा स्थित प्राचीन शिवमंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए प्रत्येक वर्ष यूपी बिहार के आसपास जिले व दूरदराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिला एवं पुरूष शिवभक्त उमड़ पड़ते हैं। इसके अलावा दूरदराज से आने वाले काफी संख्या में शिवभक्त एक दिन पूर्व ही यहां पहुंचकर रात्रि विश्राम करते हैं और महाशिवरात्रि पर मंदिर का कपाट खुलते ही अपनी सुविधानुसार जलाभिषेक करने के लिए कतार में लग जाते हैं। जिनको नियंत्रित करने के लिए मंदिर प्रबंधन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मंदिर के गर्भगृह से लेकर मुख्य पूर्वी गेट तक बांस बल्ली लगाकर महिलाओं व पुरुषों के लिए अलग अलग बैरिकेडिंग की गई है। ताकि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो और वे कतारबद्ध होकर जलाभिषेक कर सकें। मंदिर परिसर में लगने वाले भव्य मेले के लिए पूर्व से ही पूजन सामग्री, खिलौने, मिष्ठान, फल तथा घरेलू सामानों की दुकाने सज चुकी हैं। जहां मेले में आने वाले लोग अपने जरूरत के सामानों की खरीदारी कर मेले का भरपूर आनंद लेते हैं और उसके बाद घर लौटते हैं।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ और विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा की आज निकलेगी भव्य कलश यात्रा



**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के पावन अवसर पर आज प्रातः 7 बजे से श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 15 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले महायज्ञ, कथा एवं श्रीमद्भागवत भजन संध्या के मंगलारंभ से पूर्व यह शोभायात्रा क्षेत्र में धर्ममय वातावरण का संचार करेगी।मंगल कलश सिर पर धारण किए श्रद्धालु मातृशक्ति वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और हरि-नाम संकीर्तन के साथ मंदिर परिसर, बनकटा शिव से यात्रा प्रारंभ करेंगी। यह पावन कलश यात्रा देवरिया घाट पहुंचकर पवित्र जल से कलश पूरित करने के उपरांत मठिया टोला, टेघरा, सल्लहपुर राम गुलाम टोला, महुराव एवं सेमरी टोला होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर आकर संपन्न होगी। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं स्वागत की भव्य तैयारियां की गई हैं।प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत विद्वान वैदिक आचार्यों के सान्निध्य में विधिवत हवन-पूजन, वेदपाठ, आरती एवं विविध धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। संपूर्ण क्षेत्र भक्तिरस में सराबोर होकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की कृपा प्राप्ति हेतु आतुर दिखाई दे रहा है।इस महायज्ञ के आयोजक एवं रामगुलाम राय पीजी कॉलेज के प्रबंधक प्रभात कुमार राय ने समस्त क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि यह महोत्सव क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं लोककल्याण की मंगलकामना से आयोजित किया जा रहा है।समूचा क्षेत्र इस दिव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन को लेकर उत्साह, आस्था और श्रद्धा से ओत-प्रोत है।

## भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव का शुभारंभ 16 फरवरी से, समापन 28 को



**कुशीनगर।** भारत और नेपाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संस्कृति-पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा ह्यभारत-नेपाल मैत्री महोत्सवङ्ग2026 का आयोजन 16 से 28 फरवरी तक प्रदेश के विभिन्न जनपदों में होगा। महोत्सव भारत और नेपाल के बीच प्राचीन काल से चली आ रही सांस्कृतिक निकटता, आध्यात्मिक परंपराओं एवं सामाजिक सहभागिता को एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। बुद्ध पीजी महाविद्यालय कुशीनगर 16 एवं 17 फरवरी को भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव शुरू होगा। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में पद्मश्री नलिनी कमलिनी द्वारा भगवान बुद्ध पर आधारित भावपूर्ण नृत्य-नाटिका की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। जनपद के लोक कलाकार लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुत करेंगे।महोत्सव के अंतर्गत भारत-नेपाल मैत्री पर केंद्रित सांस्कृतिक प्रदर्शनी, ह्यवन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्टङ्घ (ओडीओपी) उत्पादों का प्रदर्शन, हस्तशिल्प एवं पारंपरिक मुखौटा प्रदर्शनी, चित्रकला एवं रंगोली प्रदर्शनी, पशुपतिनाथ मंदिर (नेपाल) एवं राममंदिर (अयोध्या) पर आधारित विशेष प्रदर्शनी तथा भारत-नेपाल के पारंपरिक व्यंजनों की आकर्षक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।महोत्सव सिद्धार्थनगर में 18-19 फरवरी, महाराजगंज में 20 फरवरी, बलरामपुर में 21 फरवरी, श्रावस्ती में 22 फरवरी, बहराइच में 24 फरवरी, लखीमपुर खीरी में 26 फरवरी तथा पीलीभीत में 27-28 फरवरी को समापन होगा।

## सीडीओ ने मनरेगा सहित सांसद और विधायक निधि से कराये गये कार्यों का किया निरीक्षण



**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने विकास खंड भटनी की ग्राम पंचायत नूनखार एवं खजूरी खरौता में मनरेगा योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का अशीं ड्राग्री१ अस्त्रस्त्र के माध्यम से स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी भटनी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक तथा संबंधित ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

ग्राम पंचायत खजूरी खरौता में पारस यादव के घर से विशाल तिवारी के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य, मुख्य पिच मार्ग से मैनेजर यादव के घर तक चकबंध निर्माण कार्य तथा नहर पुलिया से रामकृपाल यादव के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। सभी कार्यस्थलों पर नागरिक सूचना बोर्ड (ङ्ग३९ील्ल क्लाङ्ग१ं३ङ्गल्ल इङ्ग१ं) स्थापित पाया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत नूनखार में निर्मित आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्नपूर्णा भवन का निरीक्षण करते हुए उनके समुचित रखरखाव एवं नियमित उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान विकास खंड भटनी में सांसद निधि एवं विधायक निधि से कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी योजनाओं के अंतर्गत संचालित कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

# यूजीसी के अन्यायपूर्ण नियमों के विरुद्ध महापंचायत 16 को

**देवरिया।** वङ्क्ष 2026 के विवादित नियमों के विरुद्ध विगत 28 जनवरी को देवरिया जिला मुख्यालय के सुभाष चौक से जिलाधिकारी कार्यलय तक शांतिपूर्ण रैली निकालकर राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया ।

उसके अगले दिन माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने वङ्क्ष 2026 के विवादित नियमों पर अंतरिम रोक लगाते हुए 2012 के नियम लागू रखे हैं। 19 मार्च 2026 को अंतिम निर्णय अपेक्षित है।

इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद से लगा कि हम जायज व न्यायोचित मांगों के लिए सड़क पर है, और हमें संघर्ष को लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से लगातार जारी रखने का कार्य करते रहना चाहिए।

उसी के मद्देनजर देवरिया की भूमि पर ₹समान न्याय संघर्ष समिति₹ के नेतृत्व में भारत के महामहिम राष्ट्पति महोदय को संबोधित एक लाख मांग पत्र प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया।सोमवार, 16 फरवरी को प्रातः 11 बजे से जिला मुख्यालय स्थित महारानी चंडिका क्षत्रिया छात्रावास में

**● महारानी चंडिका क्षत्रिया छात्रावास देवरिया से भरेंगे**

आयोजित महापंचायत के द्वारा जिला प्रशासन को सौपे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया ।उक्त बात आज एक पत्रकार वार्ता में समान न्याय संघर्ष समिति के सदस्य विवेक सिंह बंटी, नित्यानंद उपाध्याय, ओंकार नाथ सिंह एवं त्रिभुवन मिश्र ने कहा।संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि यह संकल्प भी हुआ कि हम किसी के विरुद्ध नहीं बल्कि संवैधानिक समानता, पारदर्शिता और न्यायपूर्ण व्यवस्था के पक्ष में हैं और सभी वर्गों के लिए समान संरक्षण, निष्पक्ष जांच, पारदर्शी गुणवत्ता मानक एवं आर्थिक आधार पर न्यायपूर्ण समीक्षा के पक्ष में है।हम संकल्पित है की जब तक यूजीसी के अन्यायपूर्ण नियमों में बदलाव नहीं किया जाएगा तब तक हमारा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संघर्ष जारी रहेगा।

इस संदर्भ में व्यापक जनसम्पर्क सहयोग प्राप्त हो रहा है ।सम्पूर्ण जनपद के जिम्मेदार व्यक्ति जो समाज में महत्वपूर्ण स्थान रखते है अपने अधिकारों, सम्मान और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर इस महापंचायत को सफल करने को तत्पर है, और इस मांगपत्र द्वारा अपनी बात सरकार तक पहुंचाने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे है।

महापंचायत 16 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 11:00 बजे से प्रारंभ होगी और समस्त एकत्रित मांगपत्र जिला प्रशासन को पंचायत के उपरांत सौपा जाएगा।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के दूसरे चरण में 17 फरवरी को होगा विधानसभा का घेराव

**कसया, कुशीनगर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के दूसरे चरण में 17 फरवरी दिनमंगलवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। जिसमें जनपद से भारी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष रविन्द्र विश्वकर्मा उर्फ राधे ने एक विज्ञप्ति में देते हुए बताया कि आज से बीस वर्ष पूर्व 2005 में यूपीए प्रथम की सरकार ने महिला सुरक्षा, रोजगार और सूचना सहित तीन कानून बनाए। जिनमें पंचायती राज व्यवस्था कमजबूत करने और ग्राम्य स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लाया गया। जिससे ग्राम विकास होने के साथ लोगों को अपने गांव में ही रोजगार मिला। कोविड संकट काल में यह योजना काफी लाभकारी सिद्ध हुई। भाजपा सरकार मनरेगा कानून को खत्म करने की साजिश कर रही है। जबतक मनरेगा बहाल नहीं हो जाता कांग्रेस पार्टी आंदोलन करती रहेगी। जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि कांग्रेस की मनरेगा बचाओ की चल रही मुहिम के तहत प्रदेश में पांच हजार चौपाल आयोजित किए गए और 13 फरवरी को प्रदेश के सभी जनपदों में पदयात्रा की गई। उन्होंने आम जनता से मनरेगा को बचाने के लिए समर्थन और आगे आने की अपील की।

## हज यात्रियों का किया गया टीकाकरण दी गयी ट्रेनिंग

**देवरिया।** नगर के तहसील रोड स्थित जामा मस्जिद में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा की देखरेख में शनिवार को हज यात्रियों को टीके लगाए गए। इस दौरान कुल 35 यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित करने के साथ-साथ उनका टीकाकरण किया गया।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिन्हा ने बताया कि इन सभी यात्रियों को टीके के साथ पोलियो की खुराक भी दी गई। विशेष रूप से, 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के 7 हज यात्रियों को इन्फ्लुएंजा का टीका लगाया गया। मास्टर ट्रेनर अहमद रजा ने प्रशिक्षण के दौरान हज यात्रियों को यात्रा के दौरान पूरी सजगता बरतने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सभी नियमों और कानूनों का अच्छे ढंग से पालन करना होगा। यदि कोई समस्या आती है, तो तत्काल संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी देनी चाहिए और स्वयं कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।इस टीकाकरण कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुरुद्ध गुप्ता, डॉ. जफर अनीश, फार्मासिस्ट राजकुमार यादव, एएनएम रेनू शर्मा, एआरओ राकेश चंद, एलटी राकेश मल्ल सहित सहयोग संस्था यूनिसेफ व डब्लूएचओ के प्रतिनिधि, जलालुद्दीन खान, आफताब अहमद आमीर, शाहिद, जहिरुल, अब्दुल मौजूद थे।

# कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मृतक दारोगा के परिजनों को ढांढस बंधाया



जिला संवाददाता

**देवरिया।** बस्ती जिले के परशुरामपुर थाने में तैनात दरोगा अजय कुमार गौड़ प्रभारी थानाध्यक्ष की नृशंस हत्या के बाद शनिवार शाम को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के साथ देवरिया नगर पालिका परिषद के सोमनाथ वार्ड के मूड़ाडीह में पहुंचे। इस दौरान एक बार फिर परिजनों के करुण-क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। दरोगा के एडीएम भाई अरुण कुमार और पत्नी रंजीता समेत अन्य परिजन घटना के पिछे उनकी हत्या की गहरी साज़िश बता रहे है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इस घटना की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को सजा दिलाने के लिए सरकार से मांग करते है। उसके बाद देवरिया से निकलकर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भटनी नगर पंचायत के हतवा टोला पहुंचे जहां उन्होंने जिला कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव त्रिलोकी नाथ तिवारी का ह्रदयाघात से मौत होने पर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उसके बाद वाराणसी के लिए प्रस्थान कर गए। इस मौके पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रवक्ता पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, पूर्व जिलाध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, राधवेंद्र सिंह 'राकेश', रामजी गिरी, वरुण राय, भरत मणि त्रिपाठी, दीनदयाल प्रसाद, जयप्रकाश धनगर, राजेश सिंह, दीनदयाल यादव, संजीव कुमार मिश्रा, मिर्जा खुर्शीद, चन्दन वर्मा, मार्कण्डेय मिश्रा, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि, रत्नेश मल्ल पिंटू, रामप्रवेश सिंह, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, नागेंद्र सिंह, आनन्ददेश्वर सिंह, शाकिर हुसैन, गोविंद मिश्रा, सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, हर्षित सिंह, शहनाज जफर, रीता देवी, विनोद त्रिपाठी, डॉ . सीपी चौहान, कमलेश मिश्रा, प्रेमलाल भारतीय धनश्याम त्रिपाठी, डॉ. एस.के. पाठक, सैकड़ों कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सभी वर्ग के लोग भाजपा सरकार से त्रस्तः विजय

**देवरिया ।** आज पूरा देश व प्रदेश गरीब, मजदूर, किसान, युवा, महिला, सामान्य, दलित, पिछड़ा और शोषित वर्ग भाजपा सरकार से त्रस्त है। उक्त बातें टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि 20 वर्ष पहले यूपीए एक की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। ग्राम पंचायतों को गांव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया है। कोविड 19 महामारी जैसे संकटों के दौरान यह ग्रामीण भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई।भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन यापन की गारंटी इस कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साज़िश कर रही है। कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है कि जबतक मनरेगा को पूरी तरह उसके मूल स्वरूप में बहाल नही किया जाता तब तक मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी।भाजपा के इस मजदूर विरोधी नियम के आते ही कांग्रेस ने 3 जनवरी से ही पूरे देश में मनरेगा बचाओ संग्राम शुरू कर दिया था। मनरेगा बचाओ संग्राम का दुसरा चरण शुरू होने जा रहा है। जिसमें हम दिनांक 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव करेंगे और राज्य सरकार को बतायेंगे कि जैसे केन्द्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ आप पर बोझ डालकर खुद बच जाना चाह रही है। हम यह बतायेंगे कि जैसे मनरेगा कानून में किये जा रहें बदलाव संघीय ढांचे को कमजोर करने का एक कुत्सित प्रयास है।

## सीडीओ ने किया जल जीवन मिशन की योजनाओं का निरीक्षण



**देवरिया ।** मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम विकास खंड भटनी के ग्राम खजुरी करौता में पूर्व से संचालित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के गृह संयोजनों की जांच की गई। यहां पेयजल आपूर्ति सुचारु रूप से संचालित पाई गई।

इसके उपरांत ग्राम नूनखार में निमार्णाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान योजना का कार्य अपूर्ण पाया गया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिशासी अभियंता को कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम बरडीहा में निर्मित ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। यहां योजना के माध्यम से ग्राम में नियमित जलापूर्ति संचालित पाई गई। उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को योजना का संचालन नियमानुसार प्रतिदिन सुबह-शाम सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यायी फर्मों द्वारा संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति में तेजी लाने पर बल दिया। जिन योजनाओं में शिरोपरि जलाशय (ओवरहेड टैंक) का कार्य अभी अपूर्ण है, वहां अस्थायी व्यवस्था के तहत नलकूप से सीधे जलापूर्ति संचालित कर ग्रामीणों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

## साहोपार में महाशिवरात्रि पर आज निकलेगी शिव बारात

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम साहोपार टोला महदेवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आज सायंकाल शिव बारात की भव्य एवं आकर्षक झाँकी निकाली जाएगी। यह दिव्य झाँकी क्षेत्रवासियों के लिए आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी।

बताया जाता है कि लगभग पाँच सौ वर्ष प्राचीन यह शिव मंदिर क्षेत्रीय श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केंद्र रहा है। मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन, अटूट विश्वास और श्रद्धा के साथ यहां भगवान भोलेनाथ के चरणों में शीश नवाता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। शिवभक्तों के लिए यह मंदिर विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और शांति का प्रतीक है।प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड अष्टजाम संकीर्तन – ह्लहरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरेह्व – एक दिन पूर्व से ही प्रारंभ हो जाता है। महाशिवरात्रि के दिन प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है और पूरे दिन मेले जैसा दृश्य बना रहता है।सायंकाल निकाली जाने वाली शिव बारात की भव्य झाँकी आकर्षण का केंद्र बनती है। इसमें भगवान शिव की अलौकिक झांकी, डमरू की गूंज, हर-हर महादेव के जयघोष और भक्तों की अपार भीड़ वातावरण को शिवमय बना देती है। गांव के लोगों के अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में स्त्री-पुरुष एवं युवा श्रद्धालु इस दिव्य आयोजन में सहभागिता करते हैं।मेला परिसर में विभिन्न प्रकार की दुकानें सजती हैं, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सवधर्मिता और भक्ति के रंग में रंग जाता है।

# फर्जी हस्ताक्षर के खेल में फंसे 700 छात्रों के सपने, शिक्षा विभाग की बड़ी चूक

## गोस्वामी तुलसीदास इंटर कॉलेज विवाद, 700 छात्रों का साल बर्बाद, जवाबदेही किसकी

जिला संवाददाता

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा 18 फरवरी को शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के पहले एक ऐसी प्रशासनिक लापरवाही सामने आयी है जिसने एक ही झटके मे 700 परीक्षार्थियों का भविष्य अंधेरे मे धकेल दिया है। किसी ने कल्पना नही की थी कि इन छात्रो की सालभर की मेहनत, उम्मीदों की गठरी और भविष्य का

**सिस्टम की चूक या सुनियोजित खेल? शिक्षा विभाग की साख पर दाग**

भरोसा सब कुछ विद्यालय और डीआईओएस दफ्तर के जिम्मेदारो के मनबढ लापरवाही की भेट चढ जायेगी। यह प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि सात सौ छात्रों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ है। परीक्षा जैसे संवेदनशील मामले में इतनी बड़ी चूक यह साबित करती है कि जिम्मेदार कुर्सियों पर बैठे लोग या तो सो रहे थे या फिर सब कुछ जानते हुए सूरदास बने हुए थे।मामला पडरौना नगर के रामकोला रोड संचालित गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज का है जहां विद्यालय के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक ने कथित रूप से नोडल अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर सात सौ परीक्षार्थियों के सपने को चकनाचूर कर दिया है। सवाल यह है कि इतनी बड़ी अनियमितता बिना प्रशासनिक संरक्षण के कैसे संभव हुई? यह प्रकरण नोडल अधिकारी की भूमिका और डीआईओएस कार्यालय के जिम्मेदारो के कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खडा करती है। यदि नोडल अधिकारी के हस्ताक्षर फर्जी किए गए तो समय रहते आपत्ति क्यों नहीं उठाई गई? आखिर 700 छात्रों की परीक्षा संबंधी प्रक्रिया में हुई गड़बड़ी पर डीआईओएस कार्यालय ने समय रहते निगरानी क्यों नहीं की? क्या विभागीय स्तर पर लापरवाही हुई या फिर मिलीभगत? यह मनबढई यदि विद्यालय और विभाग की जानकारी में हुआ है, तो फिर इनके खिलाफ दण्डात्मक कार्रवाई क्यो नही की जाए? हालाकि मामले की गंभीरता को देखते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद



उत्तर प्रदेश के सचिव भगवती सिंह ने संयुक्त शिक्षा निदेशक, गोरखपुर मंडल सतीश सिंह को पूरे प्रकरण की तत्काल जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई करने का निर्देश दिए हैं। विभागीय पत्र के अनुसार जांच टीम गठित कर दी गई है और रिपोर्ट के आधार पर सख्त कदम उठाए जाने का दावा किया जा रहा है लेकिन सवाल है कि क्या इस बार सच सामने आएगा या फिर फाइलों में दब जाएगा?

**फर्जी हस्ताक्षर का खेल**

प्रारंभिक जांच में गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक पर नोडल अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर करने का मामला सामने आया है। यदि यह सच है, तो यह केवल विभागीय अनियमितता अथवा लापरवाही नहीं बल्कि आपराधिक कृत्य है। दोष सिद्ध होने पर धारा 14 के तहत दो साल से लेकर सात साल कारावास व जुमार्ने का प्राविधान है। ऐसे मे सवाल उठना मुनासिब है कि इतनी बड़ी चूक बिना प्रशासनिक संरक्षण के कैसे संभव हुई?

**क्या मामला**

माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव द्वारा जारी पत्र के मुताबिक , पत्राचार पंजीकरण, शुल्क जमा, अर्हता सत्यापन और अनुसरण प्रमाणपत्रों की वैधता जैसे बुनियादी बिंदुओं पर समय रहते जांच और निगरानी नहीं की गयी। अंतिम तिथि बीतने के बाद खामियां सामने आईं और अब 700 छात्रों के आवेदन निरस्त कर दी गयी। शिक्षा तंत्र की यही चूक छात्रों और अभिभावकों पर भारी पड़ गई। जिन बच्चों ने साल भर तैयारी की, वे अब अनिश्चितता में हैं।

**प्रशासन पर उठ रहे सवाल**

जानकारों का कहना है कि यदि पंजीकरण और शुल्क समय पर जमा नहीं हुए थे, तो तत्काल आपत्ति क्यों नहीं दर्ज की गई? अनुसरण प्रमाणपत्रों की वैधता की जांच पहले क्यों नहीं की गयी ? इतना ही नही अंतिम तिथि तक अपात्र छात्रों के फॉर्म स्वीकार कैसे होते रहे? चर्चा-ए-सरेआम है कि यदि समय रहते नोडल स्तर पर सख्ती दिखाई जाती और डीआईओएस कार्यालय प्रभावी निगरानी करता, तो सात सौ छात्रों का भविष्य दांव पर नहीं लगता।

**डीआईओएस कार्यालय की भूमिका संदिग्ध**

कहना ना होगा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पहले भी विवादों में रहा है। हाल ही में एक निजी कर्मचारी द्वारा फर्जी हस्ताक्षर और अनियमितता का मामला सामने आया था।

लगातार उठते सवाल बताते हैं कि समस्या केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरी कार्यप्रणाली में है।

ऐसे मे 700 छात्रों की परीक्षा प्रक्रिया में आई गड़बड़ी की जिम्मेदारी सिर्फ लिपिक पर डालकर मामले को लीपापोती नही किया जा सकता बल्कि डीआईओएस और संबंधित नोडल अधिकारी की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

**छात्रों मेआक्रोश, अभिभावकों मे बढी चिंता**

अभिभावकों का कहना है कि गलती यदि संस्थागत है तो सजा छात्रों को क्यों? इन छात्रों ने न तो नियम तोड़े, न गलती की फिर सजा उन्हें क्यो? उनके एक वर्ष का भविष्य अधर में लटक गया।

इन 700 छात्रों ने सालभर पढ़ाई की, फीस भरी, तैयारी की लेकिन सिस्टम की लापरवाही ने उनका एक साल दांव पर लगा दिया है। अभिवावकों ने शिक्षा विभाग को जिम्मेदारों पर कार्रवाई करते हुए छात्रों के हित में समाधान निकालने की मांग की है।

संक्षेप

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क

उन्नाव। महाशिवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। शनिवार को एसपी के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर विनी सिंह और प्रभारी निरीक्षक चंद्रकान्त मिश्र ने कोतवाली सदर क्षेत्र से निकलने वाली शोभायात्रा के निर्धारित मार्ग का ड्रोन कैमरे से विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली सदर क्षेत्रांतर्गत आने वाले प्रमुख मार्गों, मिली जुली आबादी वाले इलाकों, संवेदनशील स्थानों और मुख्य चौराहों का बारीकी से अवलोकन किया गया। ड्रोन कैमरे की मदद से शोभायात्रा मार्ग की भौगोलिक स्थिति, यातायात व्यवस्था, संभावित अवरोधक बिंदुओं तथा सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का परीक्षण किया गया। मौके पर मौजूद पुलिस बल को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। पूरी तरह से प्रशासन पर्व को लेकर सर्तक नजर आ रहा है। तैयारियां पूरी कर ली गयी है।

## अंबेडकरनगर के शिक्षकों ने अयोध्या में किया प्रदर्शन

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या में अंबेडकरनगर के शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन चर्चा में है। आलापुर क्षेत्र के रामनगर स्थित श्रीमती लीलावती आदर्श विद्या मंदिर के प्रबंधन समिति विवाद को लेकर शिक्षक शनिवार को डिप्टी रजिस्ट्रार सोसाइटी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। शिक्षकों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि साधारण सभा की सदस्यता सूची को अद्यतन कर उसका प्रकाशन कराया जाए और इसके बाद ही चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए। उनका कहना है कि बिना पारदर्शी सदस्यता सूची के चुनाव कराना नियमों और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरीत होगा। प्रदर्शनकारियों ने 18 फरवरी को प्रस्तावित चुनाव कार्यक्रम को स्थगित करने की मांग भी उठाई है। साथ ही मतदाता सूची में शामिल कथित अपात्र नामों को हटाने की मांग करते हुए निष्पक्ष प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। धरने का नेतृत्व आर.एस. गौतम ने किया, जबकि संयुक्त मंत्री सुनील कुमार मिश्र ने स्पष्ट कहा कि पारदर्शिता से समझौता स्वीकार नहीं होगा। फिलहाल विद्यालय प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस विवाद का समाधान कैसे निकालता है। इस मौके पर ओंकार मिश्र अब्दुल रहीम सुधीर कुमार चक्रधर चतुर्वेदी चंद्र प्रकाश मिश्रा दुर्गेश दुबे शिवम पांडे प्रमोद कुमार पांडे अशोक कुमार तिवारी प्रभाकर पांडे शिव शंकर शुक्ला अनिरुद्ध मिश्रा नीरज अभिमन्यु सच्चिदानंद जनार्दन कुमार दीपचंद मौजूद रहे।

## सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से निकली कलश यात्रा

अयोध्या। महाशिवरात्रि से पूर्व आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब शाहगंज क्षेत्र स्थित सिद्धेश्वरनाथ मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में लगभग 2000 शिवभक्तों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा करीब 4 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए रामपुरवा शिवाला मंदिर पहुंची, जहां विधिवत समापन किया गया। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण ह्रहर-हर महादेवह्र और ह्रबम-बम भोलेह्र के जयकारों से गुंजायमान रहा। गाजे-बाजे और भक्तिमय संगीत के साथ निकली इस शोभायात्रा में नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा आकर्षक झाँकियाँ भी प्रस्तुत की गईं, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। यह कलश यात्रा पिछले 15 वर्षों से लगातार महाशिवरात्रि से पूर्व आयोजित की जा रही है। इस वर्ष भी आयोजन का संयोजन आनंद सोनी द्वारा किया गया। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि इस परंपरा ने क्षेत्र में धार्मिक एकता और उत्साह को नई पहचान दी है। यात्रा के समापन के पश्चात सिद्धेश्वरनाथ मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन का सिलसिला प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल के जवान तैनात रहे, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और श्रद्धालु शांतिपूर्वक कार्यक्रम में भाग ले सकें। कलश यात्रा का नेतृत्व आनंद सोनी और सिद्धेश्वर नाथ मंदिर समिति के सदस्यों ने किया। यात्रा को सफल बनाने के लिए प्रशासन भी मुस्तैद रहा। कलश यात्रा के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रचारक पंजाब प्रान्त रामगोपाल, सह जिला कार्यवाह आनन्द सोनी, शरद तिवारी मानसमाणि त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्णता की ओर ले जाती है शिक्षाः श्रीधराचार्य

जिला संवाददाता(vol)



- कहा–मूर्तिकार रूपी शिक्षक ही विद्यार्थियों में करते हैं ज्ञान का संचार
- एसएसवी इंटर कॉलेज का वार्षिक समारोह संपन्न, 300 से अधिक मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

अयोध्या। अशर्फी भवन के पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज ने कहा कि पाषाणरूपी शिला अपने में कुछ नहीं होती। उसके वास्तविक स्वरूप को पहचान कर मूर्तिकार उसे एक नया रूप देते हैं। फिर वही पाषाण रामलला बन जाते हैं। जिसका दर्शन करने करोड़ भक्ति पहुंचते हैं। यही कार्य विद्यालय का भी होता है। जहां के मूर्तिकार रूपी शिक्षक अपने विद्यार्थियों में ज्ञान का संचार करते हैं।

पीठाधीश्वर जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीधराचार्य जी महाराज शहर के एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित विद्यालय के वार्षिक समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना सब अपूर्ण है। शिक्षा ही पूर्णता लाती है। विद्यार्थियों में ज्ञान बाहर से प्रवेश नहीं करता बल्कि शिक्षक उसे विद्यार्थियों में पिरोता है। शिक्षक विद्यार्थी की पात्रता और सामर्थ को समझते हैं और फिर उसी के अनुरूप उनका परिमार्जन करते हैं। उन्होंने अभिभावकों का आवाहन करते हुए कहा कि अपने पुत्र और पुत्रियों में उनकी रुचि और उनकी अर्हता को पहचाने और पूर्व जन्म के संस्कारों को समझ कर उनका उचित मार्गदर्शन करें। जिससे वह सही दिशा में आगे बढ़ सकें। उस बाल्यपन के बीज की क्षमता को समझें और गगन, पवन, जल जैसे बनकर उनका सहयोग करें। सदगुरु की शरण में पहुंचने के बाद निश्चित ही उन्हें अपनी आत्मा का बोध होगा। वह दर्शन, श्रवण, मनन और ज्ञान की प्रक्रिया से गुजरते हुए वह प्राप्त कर सकेंगे जो उनकी परिकल्पना है। अध्यक्षता कर रहे संयुक्त शिक्षा निदेशक योगेंद्र कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

स्वागत संबोधन प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मणि शंकर तिवारी ने कहा कि धर्मनगर अयोध्या हमेशा से संस्कार और अनुशासन का संदेश देती रही है। शिक्षा से ही विद्यार्थी प्रगति करता है और उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ता है। वरिष्ठ शिक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यालय के इतिहास पर प्रकाश डाला और उपलब्धियों को सभी से साझा किया। प्रबंधक सुश्री शची मेहरोत्रा ने धन्यवाद व्यक्त करते हुए विद्यालय की प्रगति और इसके उत्तरोत्तर विकास पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षक विवेकानंद पांडेय ने समारोह का संचालन किया। इसके पहले एनसीसी कैप्टन उमाकांत भारती के निर्देशन में कैडेट ने अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ कर विद्यालय के नवनिर्मित द्वार का लोकार्पण किया। विद्यालय की पत्रिका सौरभ के 52 वें अंक का विमोचन हुआ। शिक्षक अनिल मिश्र के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वस्तिवाचन, स्वागत गीत, सरस्वती वंदना, वन्देमातरम, बंधुत्व गीत, अवधी लोकगीत और राग यमन में शास्त्रीय संगीत की मनोहारी प्रस्तुति दी। आपरेशन सिंदूर पर आधारित हिंदी एकांकी ने देश भक्ति का जोश भर दिया। मार्मिक प्रस्तुति देख सभी विभोर हो गए।

प्रधानाचार्य डॉ. तिवारी ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर एसएसवी के प्रबन्ध कार्यसमिति सदस्य व पूर्व प्रबंधक पुनीत मेहरोत्रा, महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के असिस्टेंट रजिस्ट्रार रजनीश गुप्ता, गोयनका स्कूल के चेयरमैन मदन मोहन त्रिपाठी, शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष रमाकांत पांडेय, जयसराज वर्मा, रामनेश गौतम, डॉ घनश्याम यादव, अंबेडकरनगर जनपद के रघुपट्टी विद्यालय के प्रबंधक त्रियुग नारायण तिवारी, कवि अशोक टाटम्बरी, प्रधानाचार्य डॉ रामकृष्ण मिश्रा, राम प्रिया शरण सिंह, डॉ. उदय भान सिंह, डॉ मनमोहन सरकार, चिकित्सक डॉ एसके द्विवेदी, एमएल मेहरोत्रा, वेद राजपाल, फिल्म निर्माता जनार्दन पांडे बबलू पंडित, शिक्षक अभिभावक संघ की सदस्य सुमन, शिवकरन सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक बंशीधर पांडेय, डॉ. अल्केश दत्त पाठक, विनोद शंकर मिश्रा, डॉ उदयभान मिश्रा, सेवानिवृत्त लिपिक राजमणि मिश्र, पूर्व प्रधानाचार्य चंडी प्रसाद तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षक डॉ अशोक गौतम, महेश नारायण यादव, सुरेंद्र देव तिवारी, जयेंद्र पाठक, शशांक मिश्रा, उत्कर्ष सिंह, शैलेंद्र सागर मिश्रा, आत्मानंद व कई शिक्षक, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## पुलवामा हमले में शहीद की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की



जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। पुलवामा हमले में शहीद हुए उन्नाव के लाल शहीद अजित कुमार आजाद के स्मारक पर पहुंचकर नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने उनकी मूर्ति पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया।

विमल द्विवेदी ने कहा कि उन्नाव के वीर सपूत अजीत कुमार आजाद सहित शहीद हुए 40 वीर सपूत 140 करोड़ भारतवासियों के परिवार के सदस्य थे उनके परिवारों की चिंता करना व उनके सुख दुख में शामिल होना है हम सब भारतवासियों की जिम्मेदारी है व सरकार व जन प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि उनसे किए गए सभी वादों को समय से पूरा कराया जाना चाहिए उन्होंने सरकार से माँग की अजीत कुमार आजाद सहित उन्नाव के शहीदों की याद में स्मारक वा द्वार के साथ भूमिहीन परिवारों को जमीनों के पट्टे का आवंटन कराया जाना चाहिए। इस अवसर पर जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, धर्मेन्द्र, राकेश राजपूत सहित सैकड़ों राष्ट्र भक्तों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## दीक्षांत समारोह का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के अंतर्गत दो विद्यालयों के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय चंदनपुर में स्कूल में बच्चों की अच्छी शिक्षा में सुगमता हेतु इनवर्टर लगाने की घोषणा की व कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जहाँ कही किसी को दिक्कत हो हमसे सम्पर्क करें हम साथ देंगें।

आज हम जो भी है वह सिर्फ शिक्षा से है इसलिए सभी लोगों से मेरा निवेदन है कि कुछ करें या नहीं करें मेरे अभिभावक भाइयो बहनों चाहे एक वक्त की रोटी कम खाये लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा में कंजूसी मत करें अगर आपका बेटा



बेटी शिक्षित होगा तभी समाज खूबसूरत होगा। इस मौके पर मुख्य रूप से पूर्व आईएएस अनुराग पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य ओमप्रकाश यादव, जिला पंचायत सदस्य ब्रजभूषण, रोहित बैदरा, ओमकार, शाजिमा, राखी, ब्रजेश पाण्डेय, अभिषेक मिश्रा, आर के सिंह मामाजी, पंकज बाबा, आदि सैंकड़ो वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत हुई गोष्ठी

गोसाईंगंज-अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा अमसिन बाजार मे मनरेगा बचाओ कार्यक्रम गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व में चल रहे मनरेगा योजना की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कैसे खत्म किया जा रहा है इसके बारे में भी बताया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहाकि कांग्रेस पार्टी ने जो मनरेगा योजना बनाया था उसमें हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की गारंटी मिली हुई थी जिसे भाजपा सरकार ने खत्म कर दिया। मोदी सरकार अपने पसंदीदा ठेकेदारों के माध्यम से अब काम करवाएगी। जिससे मजदूर भूखों मरने के लिए विवश हो जाएंगे। पार्टी के नेता अहमद कुरैशी ने कहा था सरकार गरीबों के साथ अन्याय कर रही है और धीरे-धीरे मनरेगा कानून को खत्म करना चाहती है। कार्यक्रम को ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ सिंह, रमेश चंद्र, दयाशंकर तिवारी, मनोज जायसवाल, प्रदीप निषाद, राम शंकर तिवारी, राम प्रताप, हृदय नारायण मिश्रा, अशोक सिंह, भारत वर्मा, आशीष गुप्ता आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस पर आये तीन प्रार्थनापत्र



जिला संवाददाता(vol)

पाटन, उन्नाव। थाना बिहार में समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे थाना अध्यक्ष बिहार राहुल ने फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी। इस मौके पर तीन प्रार्थना पत्र आए। जिनमें मौके पर दो मामलों का निस्तारण किया गया। राजस्व टीम व पुलिस टीम गठित कर आए हुए प्रार्थना पत्र का मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व कानून गो निराला मिश्रा, दिनेश कुमार अनवर अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला 22 को

जिला संवाददाता(vol)

अयोध्या। नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अवध प्रांत एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास द्वारा आयोजित होने वाले श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य मेला के दूसरे संस्करण के बारे में बताने के लिए शनिवार को अवध मॉल प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

इस अवसर पर नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के अध्यक्ष एवं श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के महासचिव डॉ भूपेंद्र सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। इस स्वास्थ्य मेले में पीजीआई, केजीएमयू, लोहिया संस्थान, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान समेत विभिन्न महत्वपूर्ण प्राइवेट संस्थानों के 200 से अधिकारी विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। यह स्वास्थ्य मेला अवध इंटरनेशनल स्कूल में 22 फरवरी दिन रविवार को सुबह 9:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। इस मेले में निःशुल्क परामर्श, निःशुल्क जाँच और निःशुल्क दवाओं की व्यवस्था होगी।

स्वास्थ्य शिविर सभी विशेषज्ञता के चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। ब्लड की जाँच, आँख की जाँच, ईसीजी, पेशाब की जाँच आदि को सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। कैंसर स्क्रीनिंग के लिए न केवल कैंसर के विशेषज्ञ उपस्थित होंगे बल्कि कैंसर के मरीजों को चिन्हित करके उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से लखनऊ के संस्थानों में भर्ती कराकर इलाज कराया जाएगा। नेत्र रोग के मरीजों को चश्मा वितरित किया जाएगा जबकि मोतियाबिंद के मरीजों के सर्जरी की व्यवस्था बनाई जाएगी। इस अवसर पर अयोध्या मेडिकल कॉलेज एवं अयोध्या शहर के लगभग सभी प्रमुख चिकित्सक अपनी सेवाएं उपलब्ध करायेंगे।

दांतों के इलाज हेतु सरदार पटेल डेंटल कालेज एवं बाबू बनारसी दास डेंटल्स कालेज की टीमें अपना विशेष डेडिकेटेड काउंटर बनाएँगी। यह स्वास्थ्य मेला उन सभी सुविधाओं को पहुचाने का प्रयास है जो नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन के मंत्र स्वास्थ्य सेवा से राष्ट्र सेवा के मंत्र को साकर कर सके। अयोध्या से इस कार्यक्रम की समस्त व्यवस्था शांतनु सिंह देखेंगे। प्रेस वार्ता के दौरान नेशनल मेडिकोज आर्गेनाइजेशन, अयोध्या मेडिकल कालेज की तरह से डॉ पीयूष उपस्थित रहे, जबकि महानगर इकाई की तरफ से सचिव डॉ अनूप जयसवाल और शेषाद्रि श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत किशोर सोलर हाउस का शुभारंभ



जिला संवाददाता

फतेहपुर। मुफ्त बिजली योजना जिसे स्थानीय रूप से प्रधानमंत्री सौर्य योजना के नाम से जाना जाता है के अंतर्गत किशोर सोलर हाउस का शुभारंभ श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम क्षेत्र में सौर ऊर्जा के प्रसार और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। उद्घाटन समारोहकार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन स्वामी विज्ञानानंद महाराज ने वैदिक मंत्रोच्चार के पवित्र वातावरण में किया। मंत्रोच्चार से गुंजायमान सभागार में धार्मिक आस्था और आधुनिक ऊर्जा समाधान का अनूठा संगम देखने को मिला। संस्थान के संचालक रामकिशोर ने सभी अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया और बताया कि यह सोलर हाउस उच्च गुणवत्ता वाली सौर सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से सरकार का लक्ष्य आमजन तक सस्ती, स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा पहुंचाना है, जो पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक बचत दोनों सुनिश्चित करेगी। प्रमुख अतिथियों की सराहनाउपस्थित अतिथियों ने योजना की भूरि-भूरि प्रशंसा की: आदर्श व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने इसे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की मजबूत पहल बताया। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री राम प्रकाश गुप्ता और व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रंजन गुप्ता ने क्षेत्रीय विकास के लिए इसका महत्व रेखांकित किया। क्षेत्रवासियों ने भी एक स्वर में योजना का स्वागत किया, इसे घर-घर सौर ऊर्जा क्रांति का प्रतीक माना। अन्य उपस्थित गणमान्य व्यक्तिकार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख दीपक सेठ, विजय गुप्ता, विमल मिश्रा, आशीष गुप्ता, प्रमोद मोदनवाल, बृजेश सोनी, विनोद मोदनवाल, मोहित मोदनवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और स्थानीय निवासी शामिल हुए। सभी ने किशोर सोलर हाउस को सौर पैनल स्थापना, रखरखाव और सब्सिडी संबंधी जानकारी के लिए एक आदर्श केंद्र के रूप में देखा।

## महाशिवरात्रि पर अवतरण समारोह का आयोजन

फतेहपुर। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अवतरण समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम आध्यात्मिक जागरण और कलियुग की अंधकारमय रात्रि को सत्युग के प्रकाशपूर्ण दिन में परिवर्तित करने के उद्देश्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभकेन्द्र प्रभारी नीरा दीदी ने समारोह का शुभारंभ करते हुए बताया कि जब धर्म की ग्लानी बढ़ती है और अधर्म का बोलबाला हो जाता है, तब मनुष्य में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार जैसी पाशविक वृत्तियां जागृत हो जाती हैं। ऐसी स्थिति में ज्ञान सूर्य ज्योतिबिन्दु स्वरूप परमात्मा शिव का दिव्य अवतरण होता है। उन्होंने कहा कि इस ज्योतिबिन्दु रूप को सभी धर्मों में मान्यता प्राप्त है मुस्लिम भाई इसे रूहानी नूर कहते हैं, ईसाई 'गॉड इज लाइट', सिख 'एक ओंकार' और सनातन धर्म में ज्योतिर्लिंग के रूप में जाना जाता है। ब्रह्माकुमारी बहनों के प्रवचनब्रह्माकुमारी ममता बहन ने बताया कि शिवरात्रि व्रत रखने का सच्चा अर्थ अन्न त्यागने के बजाय बुराइयों को त्यागना और स्वपरिवर्तन करना है। हम शिव मंदिरों में धतूरा, बेलपत्र चढ़ाते हैं, लेकिन वास्तव में मनोविकारों रूपी गरल को चढ़ाना चाहिए। उन्होंने शिव और शंकर के अंतर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव निराकार ज्योतिबिन्दु परमात्मा हैं, जबकि शंकर आकारवान देवता। शिव कल्याणकारी रचयिता हैं, शंकर उनकी रचना और विनाशकारी। शिवलिंग पर तीन रेखाएं ब्रह्मा, विष्णु, शंकर का प्रतीक हैं, बीच का बिंदु निराकार शिव को दर्शाता है। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और सेवाकार्यकार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन बीके पारुल बहन ने कुशलतापूर्वक किया। ब्र.कु. दिनेश भाई, विश्वनाथ शुक्ला, चंद्रपाल आदि भाइयों ने प्रसाद वितरण कर सेवा का परिचय दिया। इसके अलावा, शिवरात्रि पर ज्वालागंज से विशेष शिव शोभा यात्रा भी निकाली जाएगी, जिसमें भक्तजन उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

## बकायदारों को कतई बख्शा न जाये, अभियान चलाकर वसूली करायी जायेः डीएम

उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में तहसील न्यायालयों में लंबित वादों के निस्तारण की स्थिति स्वामित्व योजना घरौनी की प्रगति, राजस्व वसूली, मुख्यमंत्री संदर्भ सहित अन्य तहसील के राजस्व सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा की गयी। तहसील न्यायालय में लंबित वादों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने लक्ष्य के साथ वादों के निस्तारण को प्राथमिकता बताते हुए कहा कि कोई लापरवाही न हो अभियान चलाकर धारा 34, 67 व अन्य जो पुराने वाद हैं निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। तहसील के किसी भी न्यायालय में कोई भी पुराना वाद लंबित न रहे यह ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने स्वामित्व योजना में घरौनी की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्राथमिकता से प्रगति सुधारी जाए। जिलाधिकारी ने घरौनी की प्रगति ठीक न होने पर कहा कि कार्य मे तेजी लाकर ड्रोन सर्वे सहित सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण कर घरौनी का वितरण किया जाए। जिलाधिकारी ने तहसीलों में लंबित बड़े बकाए दारों की वसूली की समीक्षा करते हुए कहा कि बड़े बकाए दारों को कतई बख्शा न जाए अभियान चलाकर राजस्व वसूली कराकर जाए। कहा कि अभियान चलाकर जमा कराया जाए जो वसूली का लक्ष्य दिया गया है वह अवश्य पूर्ण होना है ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने कहा मुख्यमंत्री संदर्भो का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण समय से हो जाए किसी तहसील में लंबित न रखा जाए डिफाल्टर होने से पूर्ण निस्तारण हो जाय यह अवश्य ध्यान रखा जाए। पैमाइश के मामलों में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को निर्देशित कर ठीक ढंग से कार्य कराया जाए अन्यथा लापरवाही में कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## डीएम ने किया तहसील का वार्षिक निरीक्षण



पुरवा, उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने पुरवा तहसील का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील परिसर स्थित अभिलेखागार, राजस्व अभिलेख कक्ष तथा विभिन्न कार्यालयों का गहन परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने अभिलेखों के रख-रखाव, लंबित प्रकरणों की स्थिति और कार्यालय व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर प्रमेश श्रीवास्तव उप जिलाधिकारी, मनीष द्विवेदी तहसीलदार सहित अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, अभिलेखों के डिजिटलीकरण और जनसुनवाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए गए।

## मिल्कीपुर फूड इंस्पेक्टर पर अवैध वसूली का आरोप

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर क्षेत्र में छोटे दुकानदारों से अवैध वसूली का गंभीर मामला सामने आया है। फूड इंस्पेक्टर मिल्कीपुर द्वारा छोटे-छोटे दुकानदारों से लगातार की जा रही अवैध वसूली का मामला अब मुख्यमंत्री के दरबार जा पहुंचा है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महा संगठन के प्रदेश सचिव एवं समाजसेवा से जुड़े नरसिंह ने फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य पर भ्रष्टाचार और धमकी देकर पैसे ऐंठने के आरोप लगाए हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री से हुई शिकायत के अनुसार, मिल्कीपुर के रमेश नगर बड़ी नहर के पास चाय की छोटी दुकान चलाने वाले मेराज खान की दुकान पर करीब एक सप्ताह पहले फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने दुकानदार को धमकाया, एक सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए और तहसील में मिलने को कहा। इसके बाद दुकान के रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के नाम पर 2000 रुपये वसूल लिए गए। दुकानदार का कहना है कि उससे पूरी रकम लेने के बावजूद केवल 100 रुपये की रसीद दी गई और रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में किसी अन्य मोबाइल नंबर पर ओटीपी मंगाकर एक पन्ने का प्रमाण पत्र थमा दिया गया। आरोप यह भी है कि पूरा पंजीकरण सेट या शुल्क का स्पष्ट विवरण दुकानदार को नहीं दिया गया। यह दावा किया है कि यह कोई एक मामला नहीं है। मिल्कीपुर क्षेत्र में छप्पर या टिन शेड में छोटी-मोटी दुकानें चलाने वाले दर्जनों व्यापारी ऐसे हैं, जिनसे इसी तरह 2 हजार से 25 सौ रुपये तक वसूले गए। बताया गया कि फूड इंस्पेक्टर प्रतिष्ठान पर पहुंचकर विभागीय कार्रवाई का डर दिखाते हैं, खाद्य पदार्थ का तथाकथित नमूना उठा लेते हैं और फिर पैसे की मांग करते हैं। पत्रकार संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि फूड इंस्पेक्टर विवेक मौर्य के काले कारनामों की निष्पक्ष जांच कर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र के गरीब और छोटे व्यापारी उत्पीड़न से बच सकें। इस संबंध में खाद्य आयुक्त अयोध्या मानिकचंद सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में लाया गया है, शिकायत मिली है, जांच की जा रही है, आरोपी फूड इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## हथकरघा प्रशिक्षण से समर्थ होगी महिलाएंः अशोक वर्मा

अयोध्या। हथकरघा प्रशिक्षण से समर्थ होगी महिलाएं और घर बैठे उन्हें आमदनी प्राप्त हो सकेगी। कार्यक्रम के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए उपनिदेशक अशोक वर्मा बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हथकरघा बुनकर बनाकर उनकी आजीविका सुनिश्चित करना है जिससे उन्हें घर बैठे आमदनी प्राप्त हो सके। जनपद के अमानीगंज विकास खंड के पूरे दला स्थित केला रेशा प्रदर्शन इकाई पर वस्त्र मंत्रालय की समर्थ योजना के अंतर्गत पैतालीस दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



हुआ। वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के विकास आयुक्त हथकरघा के अधीन कार्यरत संस्था बुनकर सेवा केंद्र वाराणसी द्वारा हथकरघा बुनाई का 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में तीस महिलाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा जिसमें महिलाएं हथकरघा पर गमछा , साल ,स्टाल ,सहित विभिन्न प्रकार के आकर्षक उत्पाद तैयार करना सीखेंगी। सभी प्रतिभागी महिलाओं को प्रतिदिन तीन सौ रुपया भत्ता सीधे उनके खाते में भेजा जाएगा इस प्रकार कुल तेरह हजार पांच सौ रुपया प्रत्येक महिला को प्राप्त होगा। ओंकार सेवा संस्थान के संयोजक सूर्य कुमार त्रिपाठी ने बताया कि इस प्रशिक्षण से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करेंगी तथा आने वाले एक वर्ष में हथकरघा का एक नया कलस्टर अयोध्या जनपद में स्थापित होगा। अभी तक अयोध्या तथा आस पास के जनपद में इस तरह का कलस्टर नहीं था तथा बुनाई का उपरोक्त कार्य यहां के लिए बिल्कुल नया है। इससे अयोध्या को आने वाले समय में हथकरघा उत्पादों के लिए भी जाना जाएगा। कार्यक्रम को केंद्र के तकनीकी अधीक्षक आसिफ अली सहित दर्जन भर विद्वानों ने संबोधित किया। प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों में हिमांशु उर्फ गौरी ,नीलम ,अनीता चक्की वाली , प्रभा ,रीना , उषा मौर्य ,रेखा ,,पूजा मिश्रा ,शिवानी शुक्ला ,आंचल विश्वकर्मा , कविता , गायत्री ,संगीता मौर्य ,साक्षी मौर्या , लता उपाध्याय सहित तीस महिलाएं उपस्थित रहीं । इस प्रशिक्षण के साथ ही अयोध्या जनपद में हथकरघा का कलस्टर स्थापित होगा ,जों की आस पास के जनपदों में नहीं है । इससे अयोध्या को एक नई पहचान मिलेगी साथ में जनपद में हजारों परिवार को रोजगार भी प्राप्त होने की संभावना है ।

संक्षेप

## चोरी नकबजनी के दो आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने चोरी/नकबजनी की घटनाओं में शामिल दो वांछित अभियुक्तों को शत-प्रतिशत चोरी के माल के साथ गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हांसिल की है। दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजते हुए न्यायालय में पेश किया गया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर सुनील कुमार भारद्वाज के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई संपन्न हुई। थाना कोतवाली में पंजीकृत मुकदमा मु.अ.स.-156/2026 (धारा 305, 331(4), 317(2) बीएनएस) के अंतर्गत दर्ज मामले में महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी/मैनुअल सर्विलांस के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना की जांच में सामने आये तालाबपुरा निवासी हिमेश उर्फ हरिश्चंद कुशवाहा व डोंडाघाट निवासी मंजीत पुत्र रंजीत राठौर को हिरासत में लिया है। बदमाशों के पास से पुलिस ने पीली धातु के रूप में एक टॉप्स व एक हार, सफेद धातु में एक जोड़ी पायल, एक गुच्छा व एक करधनी बरामद की है। बदमाशों को पकड ? वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी मय पुलिस टीम के शामिल रहे।

## गला दबाकर किशोर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**बांदा।** थाना बबेरू पुलिस ने गमछे से गला दबाकर 10 वर्षीय किशोर की हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीती 7 फरवरी को बबेरू क्षेत्र के मुरवल गांव के पास खेत में 10 वर्षीय बालक का शव मिला था। इस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने फील्ड यूनिट की सहायता से साक्ष्य एकत्र कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। डॉक्टरों की पैनल की रिपोर्ट और मिले साक्ष्यों एवं परिजनों की सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए थे। इस मामले पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने थाना बबेरू पुलिस को मामले का खुलाशा कर आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश पुलिस को दिए थे। पुलिस ने शनिवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी सूरज पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम मुरवल को गांव से गिरफ्तार कर लिया।

## ट्रक की टक्कर से तीन घायल, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** रामनगर हाईवे पर लापरवाह ट्रक चालक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक व्यक्ति की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना कोतवाली ललितपुर में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक 4 फरवरी 2026 की शाम करीब छह बजे दीवान लोधी निवासी ग्राम अधेर (थाना जखौरा) अपने मामा खिलान लोधी, चाचा मनोहर राजा तथा छोटे भाई भगवान लोधी के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे रामनगर हाईवे पर पहुंचे, पीछे से आ रहे ट्रक संख्या यू.पी. 93 डी.टी. 8355 के चालकनेलापरवाहीसेवाहनचलातेहुए उनकीमोटर साइकिलमेंजोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दीवान लोधी के मामा खिलान लोधी के पैर में गंभीर चोट आई, जिसके चलते उन्हें झांसी के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। दुर्घटना में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर ट्रक चालक के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जोगेंद्र सिंह को सौंपी गई है।

## मनरेगा बचाओ कार्यक्रम के तहत हुई गोष्ठी

गोसाईंगंज-अयोध्या। कांग्रेस पार्टी द्वारा अमसिन बाजार मे मनरेगा बचाओ कार्यक्रम गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व में चल रहे मनरेगा योजना की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया गया तथा भाजपा सरकार द्वारा मनरेगा को कैसे खत्म किया जा रहा है इसके बारे में भी बताया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहाकि कांग्रेस पार्टी ने जो मनरेगा बनाया था उसमें हर परिवार को न्यूनतम 100 दिनों के काम की गारंटी मिली।

# तेज रफ्तार बस ने बाइक सवारों को रौंदा, मासूम सहित तीन की मौत



**ललितपुर (वीओएल)।** बानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। टीकमगढ़ से ललितपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार तीन लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 6 वर्षीय मासूम बच्चे समेत तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया। हादसा ललितपुर-बानपुर मार्ग पर ग्राम गुगरवारा के पास भरौनी तिराहे के निकट हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम तोर निवासी 27 वर्षीय देशपत पुत्र इमरत अपनी ससुराल चकोरा गया हुआ था। वहीं उसकी साली का पति 21 वर्षीय रिंकू पुत्र वीर सिंह, निवासी सुरई घाट कॉलोनी (कोतवाली सदर, ललितपुर) भी मौजूद था। शुक्रवार दोपहर देशपत अपने ससुर हनुमत की बाइक से रिंकू और अपने 6 वर्षीय पुत्र कार्तिक को लेकर ग्राम तोर से चकोरा लौट रहा था। शाम करीब आठ बजे जब तीनों भरौनी तिराहे के पास पहुंचे, तभी टीकमगढ़ से बानपुर होते हुए ललितपुर आ रही बस ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक देशपत तीन भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी पत्नी रचना दो महीने से मायके चकोरा में रह रही थी। वहीं रिंकू दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी शादी सात महीने पहले जयंती से हुई थी, जो एक माह से मायके में थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन समाचार लिखे जाने तक लम्बा समय गुजरने के बाद भी पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। इससे आक्रोशित परिजनों ने शनिवार को परिजनों ने घंटाघर पर अप-डाउन दोनों तरफ के मार्ग को अवरूद्ध कर दिया। आक्रोशित परिजनों ने अपनी मांग रखते हुये प्रशासन और पुलिस पर भी आरोप लगाये। पुलिस ने इस मामले में बस को कब्जे में ले लिया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है। चालक मौके से फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि यह कोई नया मामला नहीं है, बस ड्राईवर अंधी रफ्तार से गाडियां चलाते हैं, ऐसे अनेकों हादसे जनपद में हो चुके हैं, लेकिन पुलिस और एआरटीओ आज तक इन घटनाओं से कोई सबक नहीं ले सके हैं।

- आक्रोशित परिजनों ने घंटाघर पर किया रोड जाम, आये दिन दुर्घटनाएं होने से डर के साये में दोपहिया वाहन चालक
- पिता-पुत्र व रिश्तेदार की मौके पर ही गई जान, चालक फरार

# थाना समाधान दिवस में 78 शिकायतें, 24 का निस्तारण



**बांदा।** जिले के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। मिलीं 78 शिकायतों में 24 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गयी। थाना चिल्ला में जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने दो पक्षों के बीच ग्राम बगिया में विवाद और जमीन कब्जा किए जाने की शिकायत पर लेखपाल, कानूनगो एवं पुलिस टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादी अनीता की जमीन की पैमाइश किए जाने के बारे में लेखपाल को मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने थाना चिल्ला का निरीक्षण किया। कंप्यूटरकक्ष, आरक्षी बैरक एवं कार्यालय का निरीक्षण करते हुए थाना अध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने त्यौहार एवं मुकदमा रजिस्टर समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण रजिस्टर, महिला हेल्प डेस्क, अपराध रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम अपराध रजिस्टर 8 एवं एनसीआर रजिस्टर तथा शस्त्र रजिस्टर की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान थाना अध्यक्ष अर्पित पांडे व थाना स्टॉफ मौजूद रहा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना अतर्रा में लोगों की शिकायतें सुन निस्तारण के निर्देश दिए।

# परियोजनाओं का नीति आयोग डायरेक्टर ने लिया जायजा



**बांदा।** एडिशनल मिशन डायरेक्टर ने नीति आयोग की संचालित अनेक योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होने कहा कि पैरामीटर के आधार पर काम करें अगर मदद की जरूरत हुई तो आयोग प्रोजेक्ट पर विचार कर सहयोग करेगा। नीति आयोग के एडिशनल मिशन डायरेक्टर डॉ. महेंद्र कुमार ने शनिवार को विकास खंड बबेरू की ग्राम पंचायत मुरवल मंडी परिसर में संचालित लक्ष्मी प्रेरणा लघु उद्योग का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत आलमपुर में धनधुष्ण बाबा मंदिर के पास लगभग तीन लाख की लागत से खोदे गए तालाब का जायजा लिया। खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल ने इस तालाब और बेहतर बनाने की बात कही। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में इमरजेंसी टेक्सला रूम ओपीडी टीवी कक्ष का निरीक्षण कर जानकारी ली। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. बृजेंद्र सिंह ने विस्तार से जानकारी दी। एडिशनल मिशन डायरेक्टर ने टीबी के मरीजों की संख्या के बारे में जानकारी ली। कहा कि पैरामीटर के आधार पर कार्य को प्राथमिकता दें। किसी भी तरह की जरूरत है तो प्रस्ताव भेजें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पांडे, खंड विकास अधिकारी गरिमा अग्रवाल, डॉ. ऋषिकेश पटेल मौजूद रहे।

# आत्महत्या को उकसाने के आरोप में आरोपी पुलिस हिरासत में

जिला संवाददाता





**ललितपुर।** कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के मामले में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कोतवाली ललितपुर थाने में पंजीकृत मुकदमा संख्या 157/2026 धारा 108 बीएनएस के तहत नामजद कृष्णपाल सिंह पुत्र खलक सिंह उर्फ पप्पू यादव (उम्र करीब 28 वर्ष), निवासी ग्राम झरकौन, थाना कोतवाली, जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा हेतु न्यायालय में पेश किया गया है। ग्राम झरकौन के मजरा हरपुरा निवासी भवानी सिंह ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि कृष्णपाल द्वारा उनकी पुत्री को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था।

प्रताडना से तंग आकर उनकी पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया, पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमार्टम कराया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने सर्विलांस एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच तेज की और वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान अभियुक्त कृष्णपाल ने बताया कि वह मृतका को पहले से जानता था और दोनों के बीच बातचीत होती थी। मृतका ने उसे सात लाख रुपये दिए थे, जिनकी वह मांग कर रही थी।

रुपये वापस न करने और उसे परेशान किए जाने से क्षुब्ध होकर मृतका ने आत्महत्या कर ली। कृष्णपाल को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अपनी पुलिस टीम के साथ शामिल रहे।

# स्वच्छ पर्यावरण और स्वस्थ जीवन के वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन





जिला संवाददाता

**ललितपुर (वीओएल)।** सकारात्मक सोच के साथ स्वस्थ जीवन की राह बिना स्वच्छ पर्यावरण के सम्भव नहीं हो सकती। पर्यावरण के लिए हमारा योगदान निश्चित रूप से हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारा उपहार एवं दायित्व है। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग हम सभी को बेहतर पर्यावरण के लिए हम सभी को बिल्कुल बन्द करना होगा। यह विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहार ने जिला विज्ञान क्लब, के तत्वावधान में राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज तालबेहट में आयोजित स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन के लिए वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम में विभिन्न माध्यमिक, बेसिक विद्यालयों के छात्र छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष, कार्यक्रम की अध्यक्षा प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना वर्मा डॉ रीतेश खरे, राजेंद्र कुमार मिश्रा राहुल जैन ने दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण द्वारा किया। विषय विशेषज्ञ के रूप में आमंत्रित डॉक्टर रीतेश कुमार खरे ने कहा कि वर्तमान समय मे स्वस्थ जीवन शैली की कमी से अनेक रोग हो रहें है विद्यार्थियों को विशेष रूप से अच्छे स्वास्थ्य के लिए आदतों के विकास करना चाहिए। सस्टेनेबल डेवलपमेंट की अवधारणा को भी उन्होंने समझाया। जिला विज्ञान क्लब समन्वयक राहुल जैन ने कहा कि पेड़ पानी और पोलीथीन पर हमारा फोकस होना चाहिए तब हम, जल जमीन जंगल जानवर और जन को बचा पाएंगे। राजेंद्र कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार एवं उचित नींद की बात समझाई साथ ही स्वस्थ रहने के लिए मिलेट्स के उपयोग के बारे में बच्चों को जानकारी दी तथा जंक फूड से होने वाली हानि की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्राप्त स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन पर साहित्य का विमोचन किया गया एवं छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया है। निर्णायक मण्डल के सदस्यों में ऊषा रानी वर्मा, सारिका नायक, करुणेश, पूनम, प्रतिमा नारायण धर्मेंद्र, रितु तिवारी, इंद्रजीत, विकास कुमार को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुराग कौशिक, पूनम चैबे, शिप्रा तिवारी, गीता श्रीवास्तव फरहा, रेशमा बनो, रेशमा खातून, रीता चैबे, आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थिति रही। संचालन चंद्रमणि ने किया।

- भाषण, पेंटिंग, निबंध लेखन तथा विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को मिले प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार

## पौधरोपण के साथ प्लास्टिक पर रोक लगाना आवश्यक है: प्रो: ओमप्रकाश

**ललितपुर (वीओएल)।** नेहरू महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का एकदिवसीय शिविर महाविद्यालय में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर संपन्न हुआ। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों जल, वायु, भूमि की रक्षा करना और गंदगी मुक्त परिवेश बनाए रखना सभी स्वयंसेवकों का लक्ष्य होना चाहिए। जिससे मानव स्वास्थ्य और पारिस्थितिक संतुलन बना रहे।

यह कम करें, फिर से उपयोग करें, पुनर्चक्रण करें के सिद्धांतों को अपनाकर, वृक्षारोपण कर और प्लास्टिक पर रोक लगाकर हांसिल किया जा सकता है।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ लगाएं, जो हवा को शुद्ध करते हैं और पर्यावरण को अनुकूल बनाते हैं वृक्ष धरा का आभूषण है प्रदूषण को दूर करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण ही एक स्वस्थ समाज और भविष्य की नींव है। कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण का प्रत्यक्ष सम्बन्धहै। आमपर्यावरणकीसमस्याएकवैश्विकसमस्याहै। कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने कहा कि स्वच्छता का पर्यावरण से गहरा संबंध है सभी को पर्यावरण के प्रति गंभीर रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सभी स्वयंसेवकों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण की और ध्यान देना चाहिए। संचालन मानसी एवं शिवानी ने संयुक्त रूप से व आभार प्रिंसी साहू एवं दिव्या शर्मा ने व्यक्त किया।

## अमेरिकी दबाव में झुका केन्द्र: आप

**ललितपुर (वीओएल)।** अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी ने केन्द्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आप नेताओं ने इसे देश के किसानों, छोटे उद्योगों और आम नागरिकों के हितों के खिलाफ बताते हुए तत्काल अमेरिकी दबाव में लिए गए फैसलों को वापस लेने की मांग की है। आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार अमेरिकी दबाव में आकर ऐसे निर्णय ले रही है, जिनसे देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को नुकसान पहुंच रहा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आयात शुल्क बढ़ोतरी से भारतीय कृषि उत्पाद, लघु एवं मध्यम उद्योग तथा रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

आप नेताओं ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्क से भारतीय किसानों की फसलों के निर्यात पर संकट खड़ा हो गया है, वहीं छोटे व्यापारी और कारीगर भी आर्थिक दबाव में आ गए हैं। इससे महंगाई बढ ? और आम उपभोक्ता पर अतिरिक्त बोझ पड़ने की आशंका है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि विदेशी दबाव में इस तरह के निर्णय जारी रहे तो देश के स्वदेशी उद्योग कमजोर होंगे और बेरोजगारी बढ़ेगी।

सपा ने मांग की कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए अमेरिकी आयात शुल्क का कड़ा विरोध करे और किसानों व उद्योगों को राहत देने के लिए ठोस कदम उठाए।

ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बुद्धसिंह बुन्देला, रमेश कुमार, गोपालसिंह, प्रमोद नामदेव, मलखान, जगदीश, रमेश कुमार, लम्पू, भैय्यन, रिक्कू, राजा, गनेशराम रजक, हरीबाई, अंशुल जैन, मीना, शिवलाल, आम आदमी पार्टी के जिला व ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल रहे। आप नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि केन्द्र सरकार ने जल्द निर्णय नहीं बदला तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय एक्सपोजर विजिट वाहन रवाना, डीएम ने दिखायी हरी झण्डी





**बांदा।** जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की बालिकाओं के एक्सपोजर विजट वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। छात्राओं में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान की प्रकृति, प्रक्रियाओं और विधियों की सम्यक समझ विकसित किये जाने, पाठ्यपुस्तकों में पढ़े गए इतिहास और विज्ञान के सिद्धातों को साक्षात देखने, रानी लक्ष्मीबाई जैसे ऐतिहासिक चरित्रों से प्रेरणा लेकर आत्मविश्वास बढ़ाने, अंतरिक्ष, रोबोटिक्स और आधुनिक तकनीक के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करने के उद्देश्य से छात्राओं को झांसी का किला और संग्राहलय देखने के लिए पं० जेएन महाविद्यालय खेल प्रांगण से शनिवार को प्रातः 9:30 बजे जिलाधिकारी ने रवाना किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनत बालिकाओं को एक्सपोजर विजिट के लिए बेसिक शिक्षा विभाग ने 16 बसें लगाई हैं। बालिकाओं की सुरक्षा के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रत्येक बस में 4 विद्यालय स्टॉफ, 1 महिला, 1 पुरुष पुलिसकर्मी व कार्यालय स्टॉफ भेजा गया है। इस दौरान अजय कुमार पाण्डेय मुख्य विकास अधिकारी, अव्यक्त राम तिवारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व कार्यालय स्टॉफ मौजूद रहा।

## मनरेगा अधिनियम सरकार ने किया कमजोर: राजेश

**बांदा।** यूपीए की सरकार ने 20 वर्ष पहले महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। कोविड-19 महामारी जैसे संकटों के दौरान यह ग्रामीण भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई। यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार भारत के गरीब लोगों के लिए गरिमा, सुरक्षा और जीवन यापन की गारंटी इस कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी जब तक मनरेगा को पूरी तरह उसके मूल स्वरुप में बहाल नही करती तब तक मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। भाजपा के मजदूर विरोधी नियम के आते ही कांग्रेस ने 3 जनवरी से ही पूरे देश में मनरेगा बचाओं संग्राम शुरू कर दिया था। कहा कि जनपद में मनरेगा बचाओं पदयात्रा की गई। 17 फरवरी को लखनऊ में विधानसभा घेराव कर राज्य सरकार को बतायेंगे कि कैसे केंद्र सरकार अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ खुद बचना चाह रही है। कहा कि 17 फरवरी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में लखनऊ की तरफ लोग कूच करेंगे। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह, महामंत्री सत्यप्रकाश द्विवेदी, राजेश गुप्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## कालिंजर महोत्सव का शुभारंभ आज



**बांदा।** ऐतिहासिक कालिंजर दुर्ग में 15 से 17 फरवरी तक महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव में अनेक विभागों के जागरूकता और संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। 15 फरवरी को दोपहर 12 से 2 बजे तक किसान और प्रधान सम्मेलन होगा। सम्मेलन की जिम्मेदारी जिला कृषि अधिकारी को सौंपी गयी है जबकि प्रधान सम्मेलन का संचालन जिला पंचायत राज अधिकारी करेंगे। 16 फरवरी को दोपहर 12 से 2 बजे तक आशा एवं एएनएम सम्मेलन मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में आयोजित होगा। इसी दिन आंगनवाड़ी कार्यकत्री सम्मेलन, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रोवेशन अधिकारी की देखरेख में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर सम्मेलन का आयोजन होगा। 17 फरवरी को महोत्सव के अंतिम दिन स्वयं सहायता समूह सम्मलेन होगा। इसका संचालन उपायुक्त स्वतः रोजगार करेंगे। मिशन शक्ति कार्यक्रम जागरूकता सम्मेलन की जिम्मेदारी अपर पुलिस अधीक्षक तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी को दी गयी है। कार्यक्रमों के जरिए लोगों तक अनेक सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर महिलाओं, किसानों एवं ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनमें जागरूकता बढ़ाने का लक्ष्य है।

## त्योहारों के दौरान अलर्ट मोड में रहे पुलिस: एडीजी



**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण ने पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम परिक्षेत्र राजेश एस एवं पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह की उपस्थिति में पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक एवं बिंदुवार समीक्षा की गई। जनपद में घटित अपराधों की स्थिति, लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण, वांछित/इनामी अभियुक्तों की गिरफ्तारी, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों की विशेष निगरानी, प्रभावी गश्त, रात्रि पेट्रोलिंग, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, सीसीटीवी मॉनिटरिंग तथा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सतत निगरानी के संबंध में निर्देश प्रदान किए गए। अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा निर्देशित किया गया कि त्योहारों के दौरान जनसहभागिता एवं जनसंवाद को प्राथमिकता देते हुए पुलिस की दृश्यमान उपस्थिति सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक आयोजन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल, बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की जाएं। समीक्षा उपरांत अधिकारियों द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत जनपद महोबा स्थित ऐतिहासिक शक्तिपीठ मां बड़ी चण्डिका धाम का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड, क्षेत्राधिकारी अपराध गौरव उपाध्याय सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मोबाइल चोरी के मामले में ललितपुर पहुंची झारखण्ड पुलिस

ललितपुर (वीओएल)। वर्ष 2023 में ट्रेन से चोरी गये मोबाइल फोन के आरोप में नामजद युवक के घर हाजिर होने का नोटिस चस्पा करने के लिए झारखण्ड राज्य की पुलिस ललितपुर पहुंची। यहां ललितपुर पुलिस के सहयोग से पिसनारी स्थित नामजद युवक के घर झारखण्ड पुलिस ने नोटिस चस्पा किया है। रेल थाना धनबाद में तैनात विश्वास भाजन व विनोद मुण्डरी ने ललितपुर पुलिस को पत्र लिखकर अवगत कराया कि मु.अ.संख्या 19/23 में 9 फरवरी 2023 को चोरी गये मोबाइल को लेकर रेल थाना धनबाद में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी, जिसमें ललितपुर जिले के कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पुलिस चैकी गल्ला मण्डी क्षेत्र के राजघाट रोड स्थित मोहल्ला पिसनारी निवासी अनिल रैकवार के घर नोटिस चस्पा किया जाना है।

ललितपुर पुलिस की मदद से झारखण्ड रेल थाना पुलिस ने पिसनारी बाग पहुंच कर अनिल रैकवार के घर नोटिस चस्पा किया। इस नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि अनिल रैकवार सीडीआर के आधार पर प्रथम दृष्टया नामजद अभियुक्त है। पुलिस ने धारा 41 ए के तहत तीन बार नोटिस तामिला कराकर अपना पक्ष रखने के लिए कहा, लेकिन अनिल रैकवार द्वारा कोई भी जबाव नहीं दिया गया। इश्तिहार चस्पा कर झारखण्ड रेल थाना पुलिस ने अनिल रैकवार को एक माह के अंदर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। उपस्थित न होने की दशा में कुर्की की कार्यवाही किये जाने की बात कही है।

संक्षेप

## तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

बांदा। जिले में एक वाहन की टक्कर से 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अतर्रा थाने के प्रभारी संजीव चौबे ने बताया कि शुक्रवार देर रात एक तेज रफ्तार एसयूवी ने महेश कुमार (45) को टक्कर मारी और शटर तोड़ते हुए एक दुकान में जा घुसी। टक्कर लगने से महेश गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। चौबे ने बताया कि दुर्घटना में वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया और उसे जब्त कर लिया गया है, लेकिन उसमें सवार युवक फरार हो गया है। वाहन नया है और उस पर अभी तक नंबर प्लेट नहीं लगी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है।

## सड़क हादसे में नाबालिग लड़के की मौत

मैनपुरी। जिले में एक तेज रफ्तार पिक-अप वैन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसके कारण उस पर सवार नाबालिग लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान लवकुश (17) के रूप में हुई है, वह एकहारा गांव का रहने वाला था और 12वीं कक्षा का छात्र था। बरनाहल के थाना प्रभारी अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम को बरनाहल से घर लौटते समय बरनाहल-देहुली रोड पर आरएन डिग्री कॉलेज के पास यह दुर्घटना हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो पिकअप वैन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे उसे गंभीर चोटें आई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

## जब्त शराब नष्ट करते समय लगी आग, चार झुलसे

शामली। जिले में शनिवार को जब्त की गयी शराब को नष्ट करते समय आग लगने से दो पुलिसकर्मियों और दो चौकीदारों समेत चार लोग झुलस गए। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने बताया कि यह घटना झिंझाना थाने के अंतर्गत कस्बे में उस समय हुई जब पुलिस जब्त की गई 57 केस शराब को जमीन में गड्ढा खोदकर नष्ट कर रही थी। एसपी ने कहा कि आग तब लगी जब नवाब नाम के एक चौकीदार ने कथित तौर पर शराब से भरे गड्ढे में जलती हुई माचिस की तीली फेंक दी, जिससे आग की लपटें उठीं और विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप ये लोग झुलस हो गए। सभी चारों घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें नवाब की हालत गंभीर बनी हुई है।

## युवक ने बड़े भाई को गला रेतकर मार डाला

मेरठ। इंचौली थाना क्षेत्र के कस्बा लावड़ में शनिवार को पारिवारिक विवाद में युवक ने अपने बड़े भाई की चाकू से गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्यारोपी छोटे भाई को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार दोपहर करीब तीन बजे लावड़ में जॉनी (30) और उसके छोटे भाई अरुण के बीच किसी घरेलू बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई कि छोटे भाई अरुण ने आवेश में आकर बड़े भाई जॉनी की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया। इस खौफनाक हमले में जॉनी गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। जॉनी को खून से तरबतर देखकर परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायल जॉनी को दौराला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद जॉनी को मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने हत्यारोपी छोटे भाई अरुण को घटनास्थल से ही चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया। चाकू खून से सना हुआ था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल कर रही है और दोनों भाइयों के बीच कहासुनी के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# आईजीआरएस में फीडबैक की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता




जिला संवाददाता(vol)

इटावा। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड उ.प्र. जिला अनुश्रवण पुस्तिका के माध्यम से 13 फरवरी को माह अप्रैल, 2025 से माह दिसंबर, 2025 तक हुए विकास कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत स्मार्ट मीटर एवं सोलर ऊर्जा के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिसमें उन्होंने कहा कि जनपद में अप्रैल, 2025 से माह दिसंबर, 2025 तक कुल 10000 दास हजार उपभोक्ताओं द्वारा स्मार्ट मीटर लगवाए गए हैं, जिससे रिवेन्यू में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने आईजीआरएस के अंतर्गत समाधान प्राप्त फीडबैक के विवरण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस और हेल्पलाइन में फीडबैक की स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए और कहा कि मॉनिटरिंग के दौरान किसी अधिकारी की अपने कार्यालय में अनुपस्थिति बर्दास्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा, रोजगार, फैमिली आईडी, टीकाकरण, संरक्षित निराश्रित गौवंश की सुपुर्दगी को लेकर संबंधित गौशालाओं की समीक्षा की एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति प्रतिपूर्ति, विवाह अनुदान, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा, कन्या सुमंगला योजना, सेतु निर्माण, नई सड़कों के निर्माण, ओडीओपी टूल किट, सामूहिक विवाह योजना एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना के अतिरिक्त अन्य योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देशों के साथ समीक्षा की एवं प्राप्त लक्ष्य को समय से पूरा करने हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है अतः समय रहते प्राप्त लक्ष्य को पूर्ण करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये, जिससे प्राप्त रैंक में सुधार किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी रमेश चन्द्र, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, समाज कल्याण अधिकारी संध्यारानी बघेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षक अभिभावक गोष्ठी पर बच्चों ने नशा उन्मूलन के खिलाफ चलाया अभियान

जिला संवाददाता(vol)

गोला, गोरखपुर। केआर मेमोरियल एकेडमी- भड़सरा एवं सुरदापार राजा पर शनिवार को शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी के दौरान स्कूली बच्चों ने नशाउन्मूलन के खिलाफ एक अभियान चलाया।जिसमें बच्चों ने नशा से होने वाले सामाजिक बुराइयों एवं उसके दुष्प्रभावों पर स्लोगन नशे की लत एक बीमारी है। इससे दूर रहना समझदारी है। जो नशे को हराएगा वही सच्चा वीर कहलाएगा। कदम बढ़ाओ उजाले की ओर नशा है अंधेरे की डोर आदि लिखी तख्तियों से लोगों को जागरूक करने का काम किया। जिसकी सभी ने सराहना एवं प्रशंसा करते हुए कहा कि नशे से दूर रहने में ही भलाई है।

उक्त अवसर पर प्रबन्धक वागेश्वरी राय, प्रबन्ध निदेशक अभिषेक राय, प्रधानाचार्य मो युनूस व सुनीता सिंह, विवेक कुमार, रतन दुबे, विपिन पाण्डेय प्रमोद यादव मनोज सिंह रंजीत ओझा किसन मिश्रा, मनोज सिंह, मनोज कुमार, आकर्ष राय, विनय पाण्डेय, अनूप राय, महेंद्र राय, आशीष सूर्या, यशवंत गौड़, ज्योति राय, अरुणिमा सिंह, प्रतिभा पाण्डेय, मधु मिश्रा, श्रेया शर्मा, रिंकी शुक्ला, साक्षी राय, नेहा वर्मा, साक्षी चंद, गुड़िया पाठक, संध्या वर्मा, स्नेहा पाण्डेय, निधि मौर्य व मोनी यादव सहित अधिक संख्या में छात्र छात्राएं एवं एकेडमी के सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी और अभिभावक गण मौजूद रहे।

# शंकराचार्य वह जो सनातन धर्म के लिए काम करता है : अविमुक्तेश्वरानंद

जिला संवाददाता(vol)

वाराणसी। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शनिवार को कहा कि सनातन धर्म में, शंकराचार्य उस व्यक्ति को माना जाता है जो धर्म के लिए काम करता है।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वाराणसी में संवाददाताओं से कहा कि जो कोई भी उनका (उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ) समर्थन करता है, वह शंकराचार्य है। जो कोई भी सनातन धर्म के बारे में बात करता है, वह शंकराचार्य बिल्कुल नहीं है। जो परिभाषा उन्होंने बनाई है, वह आज से पहले कभी नहीं थी।

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि सनातन धर्म में, शंकराचार्य उस व्यक्ति को माना जाता है जो सनातन धर्म के लिए काम करता है। सनातन धर्म का पहला विशेषण सत्य है। जो सच बोलता है, गायों की रक्षा करता है और सनातन धर्म की रक्षा करता है। योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में एक बयान में कहा था कि हर कोई शंकराचार्य की उपाधि का इस्तेमाल नहीं कर सकता। योगी ने इस बात पर भी बल दिया कि सभी कार्यक्रमों के दौरान धार्मिक मर्यादा और कानून का शासन बनाए रखा जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पिछले महीने प्रयागराज में आयोजित माघ मेले के दौरान स्नान के लिए जाते समय ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को पुलिस द्वारा रोके जाने से जुड़े विवाद पर पहली बार चुप्पी तोड़ते हुए शुक्रवार को कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है। उन्होंने इस मामले पर समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि इस घटना ने वर्ष 2015 में सपा के शासनकाल में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर वाराणसी में हुए लाठीचार्ज व मुकदमे की याद दिलायी और कहा कि कानून की नजर में सब बराबर हैं। योगी ने कहा कि वह कानून का पालन करना जानते हैं और पालन कराना भी जानते हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा का जवाब देते हुए शुक्रवार को कहा कि मैं कहता हूं कि क्या हर व्यक्ति मुख्यमंत्री बनकर प्रदेश में घूम सकता है। मंत्री बनकर घूम सकता है। समाजवादी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर घूम सकता है? इसके लिए एक व्यवस्था है। भारत के सनातन धर्म की भी यही व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का पद सनातन धर्म में सर्वोच्च और सम्मानित पद माना जाता है, हर कोई खुद को शंकराचार्य नहीं लिख सकता। मुख्यंत्री ने वर्ष 2015 में तत्कालीन सपा सरकार में अविमुक्तेश्वरानंद पर हुए लाठीचार्ज का जिक्र करते हुए कहा कि अगर वह शंकराचार्य थे तो आप लोगों ने वाराणसी में उनपर लाठीचार्ज क्यों किया था? मुकदमा क्यों दर्ज किया था? आप नैतिकता की बात करते हैं? योगी ने कहा कि सपा को उन्हें पूजना है तो पूजे, लेकिन हम मर्यादा में रहते हैं। कानून के शासन पर विश्वास करते हैं। कानून का पालन करना भी जानते हैं, करवाना भी जानते हैं। पुलिस ने मेला क्षेत्र को नो-व्हीकल जोन बताते हुए अविमुक्तेश्वरानंद को संगम तट पर जाने से रोक दिया था। इसके बाद शंकराचार्य के समर्थकों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प व धक्का-मुक्की हुई थी। अंत में अविमुक्तेश्वरानंद ने स्नान करने से मना कर दिया था।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

परशदेपुर रायबरेली। नगर पंचायत परशदेपुर के पास मटियारा चौराहे के पास जुआरी फार्म हब जय किसान जंक्शन द्वारा किसानों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ डाक्टर अजय सिंह चौहान व एरिया मैनेजर अनिल कुमार मौर्य ने फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि किसानों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि स्वस्थ किसान ही मजबूत समाज और देश की नींव होता है। स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने कुल 192 किसानों एवं उनके परिजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, सामान्य रोगों की जांच सहित आवश्यक परामर्श दिया गया। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। एरिया मैनेजर ने बताया कि आगे भी समय-समय पर इस तरह के जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए। इस मौके पर ब्रांच मैनेजर शुभम शुक्ला, सुनील यादव, मो इस्लाम, उमेश सिंह ,लालबाबू राइन, मोहम्मद आरिफ आदि लोग मौजूद थे।

## एसडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

महराजगंज, रायबरेली। थाना समाधान दिवस में एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। शनिवार को चंदापुर थाना परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस उपजिलाधिकारी गौतम सिंह व क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। एसडीएम गौतम सिंह ने फरियादियों की समस्याएं सुनी। चंदापुर में कुल 4 राजस्व की आई शिकायतों में एक का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं महराजगंज में आयोजित थाना समाधान दिवस में दो राजस्व व दो पुलिस की शिकायतें आईं। एसडीएम गौतम सिंह ने कहा कि शिकायतकर्ता बार-बार थाने और तहसील के चक्कर न लगाए। इसके लिए शिकायत का निस्तारण करते समय शिकायतकर्ता को संतुष्ट करना चाहिए। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह, कोतवाल जगदीश यादव के अलावा हल्का लेखपाल व कानूनगो आदि मौजूद रहे।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन

अमेठी। संजय गांधी राजकीय पॉलिटेक्निक, जगदीशपुर में 12 से 14 फरवरी 2026 तक वार्षिक खेल-कूद एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता संपन्न हुई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में इंजीनियर संजय सिंह निदेशक सीटेड उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इं. राम रतन द्वारा की गई।

आयोजन रोड नंबर-4, इंडस्ट्रियल एरिया, जगदीशपुर स्थित पॉलिटेक्निक परिसर के खेल मैदान में हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के सम्मुख 1500 मीटर की दौड़ संपन्न हुई जिसमें आदेश प्रताप सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि ने अन्य सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक व ट्रॉफी प्रदान की। सर्वाधिक पदक प्राप्त कर शिवांश सिंह ने बालक वर्ग में एवं बालिका वर्ग में पावनी कसेरा ने सर्वस्त्रेठ खिलाड़ी का खिताब जीता। 76 अंकों के साथ विक्रम साराभाई हाउस ने चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम रतन ने सहर्ष वार्षिक रिपोर्ट पढ़ते हुए पिछले वर्ष के सभी परीक्षा परिणाम के बारे में बताया। छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हे जीवन में कभी निराश ना होने की सलाह दी। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में छात्र- छात्राओं को इस मिट्टी का कर्ज चुकाने के लिये सदैव तत्पर रहने हेतु, गाँव से निकल कर गाँव की ओर आकर विकास करने की प्रेरणा दी। साथ ही मुख्य अतिथि महोदय ने छात्र-छात्राओं का ध्यान विचार-मंथन व उद्यमशीलता की ओर लगाने की सलाह दी। मौके पर नृपेंद्र सिंह, मीनू द्विवेदी, धीरेंद्र कुमार, सत्यांश सिंह, एन.डी. पांडेय, दीपशिखा, तनु कौशल, संदीप सिंह आर.एन. श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

## समस्या बन रही दंत स्वास्थ्य की अनदेखी: डॉ. उज्जवल

जौनपुर। समर्पण सेवा समिति ने सेंट जोसफ स्कूल लखनपुर में मुफ्त दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में ओरो केयर डेंटल क्लिनिक, चिकित्सक डॉ. उज्वल ने छात्रों व स्थानीय निवासियों का निशुल्क दंत परीक्षण किया तथा आवश्यक दवाइयां व सलाह प्रदान की।शिविर का शुभारंभ स्कूल प्राचार्य शुभेन्द्र अस्थाना द्वारा किया गया, जिन्होंने समिति के इस नेक प्रयास की प्रशंसा की।




डॉ. उज्वल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में दंत स्वास्थ्य की अनदेखी एक बड़ी समस्या है, जहां लोग अक्सर छोटी-मोटी परेशानियों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो बाद में गंभीर रूप धारण कर लेती हैं। उन्होंने शिविर में मौजूद छात्रों व अभिभावकों को दांतों की साफ-सफाई, फ्लोराइड युक्त पेयजल के महत्व तथा नियमित जांच के टिप्स दिए। विशेष रूप से, बच्चों को चॉकलेट-टॉफी के अधिक सेवन से होने वाले नुकसान के प्रति आगाह किया गया।शिविर में स्कूल के प्राचार्य ने डॉ. उज्वल को पारंपरिक शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा, यह प्रयास न केवल छात्रों के स्वास्थ्य के लिए वरदान है, बल्कि पूरे समुदाय के लिए प्रेरणादायक है। स्कूल प्रशासन ने पूर्ण सहयोग दिया, जिसमें टीचर शाइस्ता और अन्य स्टाफ सदस्यों ने व्यवस्था, पंजीकरण तथा जागरूकता प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पदाधिकारी ने बताया कि यह शिविर क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने की दिशा में एक कदम है। समिति नियमित रूप से ऐसे आयोजन करती रहती है।

# मनरेगा योजना को खत्म कर रही सरकार : नरसेन्द्र



जिला संवाददाता

इटावा। तहसील भरथना की ग्राम पंचायत सरायचौरी स्थित भारतीय संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने माल्यार्पण कर पूर्व से निर्धारित मनरेगा ग्राम चैपाल सम्मेलन व मनरेगा बचाओ पद यात्रा विभिन्न ग्रामों से होकर निकाली गयी।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष नरसेन्द्र यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजना को खत्म कर नया नाम दे रही है। यह सरकार निरंतर आम लोगों के हकों को समाप्त करने पर अमादा है। सरकार सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, मेंहगाई, बेरोजगारी पर कभी भी चर्चा नहीं करती है !

मनरेगा जिला प्रभारी सुमन तिवारी ने कहा की मनरेगा बचेगा तो देश बचेगा, किसान बचेगा तथा व्यापार भी बचेगा। इस सरकार ने इतनी मेंहगाई बढ़ा दी है कि पूर्व में लोग थोक में सामान खरीदते थे अब वही सामान पॉलीथीन में करके ले जाना पड़ता है। पदयात्रा सराय चैरी ग्राम से शुरू होकर सिरकौरा, जारपुरा, खन्ता, काठमऊ, पाली खुर्द, भैंसाई, मंडी रोड होते हुए भरथना सब्जी मंडी स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी के समक्ष महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर समाप्त हुयी। यह यात्रा करीब 15 किमी. तक चली। पदयात्रा में शहर अध्यक्ष मो. राशिद, पी.सी.सी.सदस्य सुखराम सिंधी, ब्लॉक अध्यक्ष भरथना रनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष महेवा संजीव त्रिपाठी, ब्लॉक अध्यक्ष ताखा कुलदीप तिवारी, जिला कॉर्डिनेटर मनरेगा सचिन शंखवार, जिला उपाध्यक्ष कृपाराम राजपूत, जिला सचिव मालवती, हरेंद्र त्रिपाठी कांग्रेस किसान जिलाअध्यक्ष, जिला सचिव यशपाल सिंह यादव, जिला सचिव अनुराग कर्ण, प्रदीप द्विवेदी, अहिवरन सिंह, शरद तिवारी, अंसार अहमद, एस.सी.एस.टी. प्रदेश सचिव संजीव कठेरिया, अंकित कुमार, अजीत कुमार, अवनीश वर्मा, विकास माथुर, दीवान चंद्र, ढब्लू कठेरिया आदि सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से भैंस मरी, बाल बाल बचे नौनिहाल

चकरनगर, इटावा। तहसील क्षेत्र के एक गांव के पास बने निजी मकान के टिनसेड पर नलकूप के लिए निकली हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से हाईटेंशन की चपेट में आने से एक भैंस मर गई, इस दौरान समीप में खेल रहे नौनिहाल बाल-बाल बच गए, अन्यथा बड़ी घटना घटित हो सकती थी। ग्रामीणों ने पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।

तहसील के गांव बल्जूपुरा के पास गढ़ैया निवासी 72 वर्षीय सेवाराम हाल ही में मकान बना कर रहे है। शनिवार दोपहर डेढ़ बजे अचानक नलकूप की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर टिनसेड पर गिर गया। जिससे टिनसेड के पाइप में करंट दौड़ गया और खूंटे से बंधी भैंस के छटपटाने की आहट पाकर पुत्रवधू घर के अंदर से निकल कर आई, लेकिन तार से निकल रही चिनगारियों के देखकर दूर खड़ी हो गई और पास में खेल रहे दोनों नोनीहाल बाल बाल बच गये। थोड़ी ही देर में बुरी तरह झुलसने से भैस की दर्दनाक मौत हो गई। भैंस की कीमत लगभग एक लाख रुपए बताई जा रही है। ग्राम प्रधान राम राघव ने घटना की जानकारी विद्युत उपकेंद्र पर देकर विद्युत आपूर्ति बंद करवाई। घटना से सहसों थाना पुलिस को भी सूचित किया गया। सूचना पर पहुंचे डॉ अशोक कुमार ने मृत भैंस का पोस्टमॉर्टम किया। ग्राम लेखपाल ने घटना स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी। ग्राम प्रधान ने बताया कि घरों के उपर और कई जगहों पर जर्जर तार और झूलती हुई बिजली लाइनें हैं, जो कभी भी जान-माल का नुकसान कर सकतीं हैं। इसलिए समय रहते क्षेत्र की विद्युत लाइनों की तत्काल जांच कर मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। ग्राम प्रधान राम राघव, विजेन्द मास्टर, अजमेर सिंह, चतुर सिंह यादव, बृजेन्द्र सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही ठहराते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। अजयपाल सिंह गौतम, एसडीओ चकरनगर ने बताया कि तार टूटने की सूचना मिली है। उसको जुड़वा दिया है। पशुपालक लिख कर दें, जिससे उसको आर्थिक मदद दिलायी जा सके।

# नया मोबाइल फोन नहीं देने से नाराज महिला ने की आत्महत्या

मुजफ्फरनगर। जिले में पति द्वारा नया मोबाइल फोन नहीं दिए जाने से नाराज एक महिला ने अपने घर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना शुक्रवार को मीरापुर पुलिस थाना क्षेत्र के खेड़ी सराय गांव में हुई और मृतका की पहचान आशीष शर्मा की पत्नी राधिका (27) के रूप में हुई है। मीरापुर के थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने संवाददाताओं को बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक महिला ने अपने पति से नया मोबाइल फोन मांगा था, जो काम के सिलसिले में ओडिशा गया हुआ था। आशीष की मां प्रेमो ने बताया कि उसके पति आशीष ने सिर्फ 2,000 रुपये भेजे थे, जबकि वह 10,000 रुपये की मांग कर रही थी। राधिका का तीन साल का एक बेटा भी है। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया, यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है। मामले की जांच की जा रही है।

## युवक असंतुलित होकर गिरा, घायल

बकेवर, इटावा। रविवार को महाशिवरात्रि पर्व होने के चलते मध्यप्रदेश के लिए निकलने बाले कांबडियों के लिए ऊसराहार के हजारी महादेव पर नगर लखना से एक पिकअप में फलों को लेकर कांबडियों को वितरण करने के लिए ले जाते समय लखना बेरीखेडा तिराहे पर पिकअप में बैठा एक युवक असंतुलित होकर गिरा जिससे उसके नाक व मुंह में गम्भीर चोटें आई जिसे बकेवर 50 शैय्या अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार किया जा रहा है। इस घटना के सम्बन्ध में ग्राम बिजौली निवासी गोविन्द सिंह पुत्र जयवीर सिंह जो कि अपने दोस्तों के साथ एक पिकअप में फल लादकर ऊसराहार के हजारी महादेव पर वितरण करने के लिए जा रहे थे कि जैसे ही बेरीखेडा तिराहे के पास पहुंचा तो असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा जिससे उसके मुंह व नाक में गम्भीर चोटें आई तो उसको साथ के लोग बकेवर 50 शैय्या अस्पताल लाया गया जहां उसका उपचार करके हालत में सुधार होने पर चिकित्सक ने घर भेज दिया।

## शिवमंदिर के प्रांगण में धर्मशाला का उद्घाटन

मझगांवा, गोरखपुर। क्षेत्र के सिसायल ग्रामसभा स्थित शिवमंदिर के प्रांगण में नवनिर्मित धर्मशाला का उद्घाटन मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी एवं एसआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन, बॉसपार के प्रबंधक अनिल सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अनिल सिंह ने कहा कि धर्मशाला के निर्माण से गांव एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि समाजहित में ऐसे कार्य निरंतर होते रहने चाहिए। इस दौरान मुंबई के प्रसिद्ध व्यवसायी रविन्द्र सिंह, गुड्डू पांडेय, मुनेंद्र सिंह बबलू पूर्व प्रधान वासूडीहा, सुनील सिंह , रामप्रताप सिंह, उमेश सिंह, रविभूषण सिंह, राजेश सिंह सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे करुणेश हाउस अरेस्ट

चौरीचौरा, गोरखपुर। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से उच्च शिक्षा को लेकर लागू की जा रही नई नीतियों और प्रस्तावित बदलावों को वापस लिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमत्री को ज्ञापन देने जा रहे अखिल भारतीय ब्राह्मण जनकल्याण समिति एवं विश्व हिंदू कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री करुणेश पांडेय को चौरीचौरा पुलिस ने शुक्रवार की रात से ही हाउस अरेस्ट कर दिया। श्री पांडेय ने कहा कि यूजीसी कानून भारत के संविधान में प्रदत्त समानता के मूल अधिकार की भावना के अनुरूप नहीं है।, शैक्षिक संस्थानों को जातिगत विभाजन से मुक्त रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कालेज में केवल ₹छात्र₹ की पहचान हो, न कि जाति या वर्ग की।यदि राज्य स्वयं कानून के माध्यम से किसी वर्ग के साथ असमानता करेगा, तो संविधान में निहित समानता की भावना को गंभीर क्षति पहुँचेगी। भारत का संविधान सभी को समानता का अधिकार प्रदान करता है, किंतु यह अधिसूचना समानता की समग्र अवधारणा को स्थापित करने के स्थान पर केवल एससी एसटी एवं ओबीसी वर्ग के छात्रों के अधिकार पर केंद्रित है । जबकि सामान्य वर्ग के छात्रों के आधिकारों एवं संवैधानिक संरक्षण को पूर्णतः नजर अंदाज करती है। उन्होंने कहा कि किसी भी कानून का या नियम का उद्देश्य सभी वर्गों के लिए न्याय सुनिश्चित करना होना चाहिए, न कि किसी एक वर्ग के पक्ष में असंतुलन उत्पन्न करना । उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस प्रकार स्थानीय पुलिस भय का माहौल बनाकर मुख्यमंत्री तक समाज की बात रखने से रोक रही है, उसी प्रकार अपराधियों पर यदि निगाहें रखती तो अपराध पर अंकुश लगता।

## महाशिवरात्रि से पूर्व घर से निकले 6 कोबरा

बरेली। जिले में शीशगढ़ कस्बे में शनिवार को एक घर से छह कोबरा सांप निकले। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। वन विभाग की टीम ने सांपों का रेस्क्यू किया। महाशिवरात्रि से पहले घर में इतने सांप निकलने से मोहल्ले में दिनभर चर्चा और विस्मय कामाहौल गर्म रहा। कस्बे के मोहल्ला शरीफ नगर वार्ड नंबर 14 के निवासी मोहम्मद यासीन ने बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से लगातार वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दे रहे थे कि उनके घर में कई सांप है। शनिवार दोपहर बाद वन विभाग की टीम ने छह जहरीले सांप पकड़े हैं। मोहम्मद यासीन ने बताया कि सुबह उनके घर की बुनियाद में काले सांप दिखाई दिए। उन्होंने तुरंत वन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग के दरोगा छेदा लाल मौर्य और सांप पकड़ने वाले राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। सुबह 11 बजे से शाम लगभग चार बजे तक चले रेस्क्यू में घर से छह सांप पकड़े गए। सभी सांप कोबरा प्रजाति के हैं। यह पहली बार नहीं है जब मोहम्मद यासीन के घर से सांप निकले हैं। वन विभाग के हलका दरोगा छेदा लाल मौर्य ने बताया कि कुछ दिन पहले भी इसी घर से दो जहरीले सांप पकड़े गए थे। लगातार सांप निकलने से परिवार के लोग दहशत में हैं। समाज के लोग इसे तंत्र विद्या सहित कई तरह-तरह की बातों से जोड़कर देख रहे हैं। वन विभाग की टीम ने बताया कि इन सांपों को फतेहगंज के पास स्थित रबर फैक्टरी के जंगल में छोड़ा जाएगा। सांप पकड़ने के रेस्क्यू ऑपरेशन को देखने के लिए मोहल्ले वासियों की भीड़ जमा हो गई थी। मोहम्मद यासीन और उनके परिवार ने वन विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

## हमारा आंगन- हमारे बच्चे कार्यक्रम में निपुण बच्चे हुए सम्मानित

रायबरेली। शहर के पुलिस लाइंस स्थित नगर ब्लॉक संसाधन केंद्र में शनिवार को ह्यहमारा आंगन हमारे बच्चेह्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षाधिकारी नगर सुरेंद्र प्रताप ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी ने बच्चों को ह्यनिपुणह्य बनाने के लिए प्रेरित किया और उन्हें पुरस्कृत भी किया। उन्होंने कम्पोजिट विद्यालय पुलिस लाइंस में कक्षा-2 की छात्रा आराध्या, किला बाजार बालक के शाद अली, चक अहमदपुर की अमूल्या, दूरभाष नगर के शाहनाज और बेलीगंज की आकृति सिंह सहित 20 बच्चों को निपुण होने पर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद बाल विकास अधिकारी की प्रतिनिधि आस्था मिश्रा ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के दर्जनों अध्यापक, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर, बाल वाटिका के बच्चे और परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एआरपी आशीष तिवारी ने किया। इस मौके पर शिक्षक संकुल सपना द्विवेदी, जूबिया परवीन, नगर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष पंकज द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## राधिका महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए किया जागरूक

मझगांवा, गोरखपुर। राधिका महाविद्यालय करवल-मझगांवा गगहा में मतदाता पंजीकरण हेतु छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में मतदाता साक्षरता क्लब का गठन किया गया, जिसकी नोडल अधिकारी समाजशास्त्र की प्रवक्ता सुश्री वंदना जायसवाल को नामित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डा. ओमप्रकाश सिंह ने लोकतंत्र में मतदाता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम अधिकारी छठेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरा करने वाले सभी छात्र-छात्रा मतदाता बनने के लिए योग्य हैं। उन्होंने छात्रों को ईसीआई नेट एप व आनलाइन मतदाता पंजीकरण व फार्म 6 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। संचालन रत्नेशधर दुबे ने किया।

# बजट में रामनगरी को 250 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** ताजा बजट में प्रदेश सरकार ने रामनगरी अयोध्या को एक बार फिर 250 करोड़ रुपये की बड़ी सौगात दी है। पर्यटन विकास और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को इसमें से 150 करोड़ रुपये मिलेंगे। इसी कड़ी में जिले के कम प्रसिद्ध आठ धार्मिक स्थलों को संवारने की भी तैयारी है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। इस कारण सरकार ने इस क्षेत्र के समग्र विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

बजट में अयोध्या जिले के धार्मिक स्थलों के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसमें 150 करोड़ तीर्थ परिषद व 100 करोड़ अन्य विकास कार्यों के लिए हैं। यह धनराशि रामनगरी की सूरत और चमकदार बनाने में सहायक सिद्ध होगी। हाल ही में श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद ने आठ प्रमुख धार्मिक स्थलों के पर्यटन विकास की परियोजनाएं शासन को भेजी हैं जिन्हें इस राशि से क्रियान्वित करने की तैयारी है। यह अयोध्या के कम चर्चित लेकिन ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास है ताकि श्रद्धालु राम जन्मभूमि के अलावा अन्य स्थलों का भी दर्शन कर सकें। इन परियोजनाओं में आठ प्रमुख स्थान शामिल हैं। बेतिया मंदिर, मीरापुर, डेराबीबी (अयोध्या धाम) में दो करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य होगा। मणिपर्वत के लिए तीन करोड़ रुपये, दशरथ समाधि स्थल के समीप भगवान शंकर जी का मंदिर परिसर (विकास खंड पूरा) के लिए एक करोड़ रुपये, श्री अंजनेश्वर महादेव धाम (तमसा नदी तट, ग्राम अंजना सदर) के लिए एक करोड़ रुपये, श्रीमहर्षि वाल्मीकि आश्रम (आलापुर, मजरा दोस्तपुर) के लिए एक करोड़ रुपये, आंबेडकर पार्क

- श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को 150 करोड़ रुपए किए गए हैं प्रस्तावित
- अयोध्या के कम चर्चित लेकिन ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले स्थलों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास



(ग्राम कुढ़ासादात, तहसील रुदौली) के लिए एक करोड़ रुपये, मिल्कीपुर में आस्तीकन गहनाग बाबा के लिए एक करोड़ रुपये, नगर पंचायत भदरसा में भरत जी की तपोस्थली के लिए दो करोड़ रुपये से पर्यटन विकास और सौंदर्यीकरण प्रस्तावित है।

योगी सरकार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद का गठन किया है। इसका मुख्य उद्देश्य अयोध्या और उसके आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन सुविधाओं का विस्तार, धार्मिक स्थलों का संरक्षण और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करना है। श्री अयोध्या जी तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद के सीईओ जयेंद्र कुमार ने बताया कि सरकार ने अयोध्या के लिए इस बार भी बड़े बजट का प्रावधान किया है। निश्चित ही इससे धार्मिक नगरी के पर्यटन विकास को पंख लगेंगे। फिलहाल हमने आठ परियोजनाओं की डीपीआर भेज दी है। कोशिश है जल्द से जल्द काम शुरू करा दिया जाय। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के प्रोफेसर विभागाध्यक्ष, अर्थशास्त्र विभाग के आशुतोष सिन्हा ने बताया की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के लिए घोषित 250 करोड़ रुपये के प्रावधान को प्रदेश की अर्थव्यवस्था और धार्मिक पर्यटन के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह बजट केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा प्रभाव स्थानीय रोजगार, छोटे व्यापारियों, होटल व्यवसाय, परिवहन और हस्तशिल्प उद्योग पर भी पड़ेगा। प्रोफेसर आशुतोष के अनुसार अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। ऐसे में बुनियादी ढांचे और पर्यटन स्थलों के विकास में निवेश दीर्घकालिक आर्थिक लाभ देने वाला साबित होगा। कम चर्चित धार्मिक स्थलों को विकसित कर मुख्यधारा से जोड़ना एक संतुलित और दूरदर्शी नीति है, जिससे पर्यटकों का ठहराव समय बढ़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि तीर्थ क्षेत्र विकास परिषद को 150 करोड़ रुपये का प्रावधान यह दशार्ता है कि सरकार धार्मिक पर्यटन को संगठित और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा रही है। यदि परियोजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से हुआ, तो अयोध्या न केवल आस्था का केंद्र बल्कि उत्तर भारत का प्रमुख पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों का हब भी बन सकती।

## संक्षेप

### वेदांश बने मिस्टर फेयरवेल

अयोध्या। निराला नगर स्थित ओपीएस अकादमी में शनिवार को कक्षा 5 के विद्यार्थियों के सम्मान में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा 4 के बच्चों ने अपने सीनियर साथियों के लिए आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उन्हें यादगार विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल गतिविधियों और रोचक प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। सवाल-जवाब आधारित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमत्ता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल दौर में पांच प्रतिभागियों ने जगह बनाई। कड़े मुकाबले के बाद फाइनल में वेदांश दूबे और दृश्या शुक्ला पहुंचे। दोनों प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए निर्णायकों का दिल जीत लिया। अंतिम परिणाम में वेदांश दूबे को मिस्टर फेयरवेल और दृश्या शुक्ला को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के अनुभव साझा किए। कई छात्र-छात्राएं भावुक भी नजर आए।

## पानी की टंकी का कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने किया उद्घाटन



**बाराबंकी।** ब्लाक हरख के ग्राम नानमऊ एवं ब्लाक मसौली के ग्राम बेहटा मे जल ज्योती मिशन के अन्तर्गत जल निगम द्वारा बनायी गयी टंकी का काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर काग्रेस सांसद श्री पुनिया ने कहा कि कीमत पानी की नही प्यास की होती है। और मेरा यह प्रयास रहता है कि मै अपने जनपद में केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जो भी योजनाऐं सुचारू रूप से चल रही है। जनपद में लाने का कार्य करता रहू ताकि मेरे क्षेत्र में आम जनमानस को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सांसद श्री पुनिया ने आगे कहा कि मेरे कार्यकाल को लगभग 2 साल पूर्ण होने वाले हैं। और इन सालों में मैने अपने जनपद की कई समस्याओं से लोगों को निजात दिलाया है। इस मौके पर सन्तशरण वर्मा, श्रवन रावत, जसवन्त वर्मा, शिव नारायन वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, अशोक रावत, तेजा रावत, धर्मेन्द्र वर्मा, जितेन्द्र वर्मा, शिव शंकर, हरि प्रसाद धीमान, आरिफ करपिया, नियाज वारिस, मोहम्मद हारून आदि मौजूद रहे।

## 21 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्यवाही

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 21 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## गुमशुदा सकुशल बरामद

**बाराबंकी।** थाना जहांगीराबाद मे पंजीकृत मु0अ0सं0 43/2026 धारा 137(2) से सम्बधित पुलिस टीम ने बरामद कर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। इसी क्रम मे थाना दरियाबाद पुलिस ने मु0अ0सं0 24/26 धारा 140(3) से सम्बन्धित गुमशुदा को सकुशल बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बैंक का ऋण अदा न करना पड़ा भारी तहसील प्रशासन ने करायी मुनादी



**अयोध्या।** जनपद के मया ब्लाक निवासी एक व्यक्ति को बैंक का ऋण अदा ना करना भारी पड़ गया। बैंक अब व्यक्ति के बंधक गाटो को नीलाम कराकर अपनी भरपाई करेगा।जिसके लिए शनिवार को तहसील प्रशासन ने मुनादी कराई।नायब तहसीलदार स्नेहिल वर्मा ने बताया कि लालपुर गांव निवासी अरविंद कुमार सिंह पुत्र सत्यनारायण सिंह पर सेंट्रल बैंक शाखा दिलासीगंज का 14लाख28हजार381रुपया बकाया है।बकायेदार को कई बार जमा करने के लिए नोटिस दिया गया परन्तु बकायेदार ने जमा नही किया।वसूली के किये एसडीएम सदर ने उन्हें नीलाम अधिकारी नियुक्त किया है।बकाये की वसूली के लिए तहसील प्रशासन अब बकायेदार के नाम लालपुर उपरहार के राजस्व अभिलेखों में अंकित गाटो को नीलाम करेगा।जिसके लिए लालपुर पंचायत भवन पर नीलामी की मुनादी कराई गई।19फरवरी को तहसील सदर के सभाकक्ष में नीलामी की कार्यवाही भी पूरी कराई जाएगी।मुनादी के अवसर पर तहसील प्रशासन से राजेन्द्र प्रसाद, डेनियल भारती हनुमान यादव, उपेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

# साकेत बुद्ध विहार पहुंचे 114 बौद्ध भिक्षु





**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या के ग्राम माझा बरहटा, नेऊर का पुरवा स्थित साकेत बुद्ध विहार में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण देखने को मिला। थाईलैंड से भारत की पैदल धार्मिक यात्रा पर निकले 114 बौद्ध भिक्षुओं का दल अपने गुरु परापवट के नेतृत्व में साकेत बुद्ध विहार पहुँचा। यहाँ सभी भिक्षुओं ने भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन-पूजन किए तथा रात्रि विश्राम किया। साकेत बुद्ध विहार के अध्यक्ष अरविंद यादव द्वारा सभी आगंतुक बौद्ध भिक्षुओं का भव्य स्वागत-सत्कार किया गया। इस अवसर पर भिक्षुओं को श्रद्धापूर्वक भोजन दान भी कराया गया। कार्यक्रम के दौरान विहार परिसर में आध्यात्मिक वातावरण एवं भक्ति भाव का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विहार के अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि यह उनके लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य की बात है कि साकेत बुद्ध विहार को अंतरराष्ट्रीय स्तर के बौद्ध भिक्षुओं की सेवा एवं भोजन दान करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों से क्षेत्र में शांति, सद्भाव एवं भाईचारे का संदेश प्रसारित होता है। गुरु परापवट ने अपने संबोधन में कहा कि साकेत बुद्ध विहार की पवित्रता और यहाँ के लोगों की श्रद्धा से वे अत्यंत प्रभावित हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे अपने दल के साथ भविष्य में भी प्रत्येक वर्ष यहाँ आते रहेंगे तथा अयोध्या में तथागत का पूजन करते रहेंगे। इस अवसर पर स्थानीय श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने भिक्षु दल का सम्मान कर क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं धार्मिक परंपराओं को सुदृढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न होने पर भिच्छुओं का भंते साकेत ने अभिनंदन किया स्वागत और अभिनंदन किया।

- भगवान गौतम बुद्ध का दर्शन-पूजन कर किया रात्रि विश्राम
- थाईलैंड से भारत की पैदल धार्मिक यात्रा पर निकला है बौद्ध भिक्षुओं का दल

## परिवार परामर्श केंद्र ने पारिवारिक विवाद को टूटने से बचाया



**बहराइच।** पुलिस कार्यालय स्थित ह्यपरिवार परामर्श केन्द्रह्न द्वारा आपसी परिवारिक विवाद को समाप्त कराकर 01 परिवार में सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया *बहराइचआवेदिका द्वारा आपसी पारिवारिक विवाद के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष सुलह हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसके निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर-समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनों पक्षों को समझाया गया, जिसके परिणामस्वरूप दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई-झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करते हुए खुशी-खुशी साथ रहने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर दोनों पक्षों को एक दूसरे के साथ आपस में सामंजस्य स्थापित कर परिवारिक दायित्वों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

# शिवभक्तों के लिए सड़क के बायीं ओर कांवरिया पथ बनाने की उठी मांग

**बाराबंकी।** सरकार यदि आबादी के हिसाब से बजट आवंटित करे तो बाराबंकी जैसे अंचलों का पिछड़ापन, बेरोजगारी और गरीबी दूर हो सकती है, लेकिन सरकार एक ओर बुलेट ट्रेन पर एक लाख करोड़ खर्च कर रही है परन्तु बाराबंकी में रामनगर स्थित बुढ़वल से महादेवा वाया गणेशपुर तक बंद पड़ी रेलवे लाइन के लिए कोई बजट नहीं देना चाहती। जबकि, महादेवा आने-जाने वाले कांवरियों को उनकी जरूरत के मुताबिक यह रेल मार्ग समय की मांग है, जिसके निर्माण के लिए सरकार को तत्काल विचार करना चाहिए।

- स्टेशन अधीक्षक के माध्यम से पीएम, सीएम और रेल मंत्री को भेजा ज्ञापन




उक्त उद्गार सामाजिक कार्यकर्ता राजनाथ शर्मा ने गांधी भवन में आयोजित एक दिवसीय सत्याग्रह के दौरान कही। श्री शर्मा ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के सबसे प्राचीनतम शिवमंदिरों में शामिल रामनगर स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर कई जनपदों से पैदल चलकर लाखों शिवभक्त महादेवा में जलाभिषेक करने आते है।

उनकी सुविधानुसार महादेवा तक राष्ट्रीय राजमार्ग के बांयी ओर ह्यस्थाई पैदल सहायक मार्गह्न बनाकर कांवरिया पथ के नाम से जाना जाए। जो पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त हो। धरने के बाद प्रधानमंत्री, रेलमंत्री, मुख्यमंत्री, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, अखिल भारतीय रेलवे मेंस फेडरेशन महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा व रेलवे बोर्ड चेयरमैन सतीश कुमार को प्रेषित ज्ञापन वरिष्ठ स्टेशन अधीक्षक अरूण कुमार रायजादा और मुख्य टिकट निरीक्षक मो0 लुकमान को सौंपा गया। धरने में सिद्धार्थ अवस्थी, विनय कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, शिवशंकर शुक्ला, अश्वनी शर्मा, रणंजय शर्मा, पाटेश्वरी प्रसाद मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

बहराइच। मिशन शक्ति 5.0ह्व अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीमों द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिस कर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम० स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी०एम० हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

## स्कूल से चैपाल तक टीबी चैंपियनों ने सुनाई आप बीती

बहराइच। जनपद में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक बलहा और नानपारा के उच्च प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मणपुर व मटेही में जागरूकता रैली आयोजित की गई। साथ ही विभिन्न आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में बैठकों के माध्यम से ग्रामीणों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। अभियान में छात्रों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही।बैठक में टीबी चैंपियन गुलाम गौस ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्हें लगातार खांसी और कमजोरी रहने लगी थी। जांच कराने पर टीबी की पुष्टि हुई। डॉक्टरों ने भरोसा दिलाया कि यह पूरी तरह ठीक होने वाली बीमारी है। मुझे सरकारी अस्पताल से निःशुल्क दवा मिली और छह महीने तक नियमित उपचार लिया। आज मैं पूरी तरह स्वस्थ हूँ। उन्होंने लोगों से अपील की कि दो सप्ताह से अधिक खांसी, बुखार, रात में जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच कराएं और दवा का पूरा कोर्स करें।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



**बहराइच।** पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया

## जनपद में 16 से 27 फरवरी तक चलेगा एमआर टीकाकरण अभियान



**बहराइच।** जनपद में खसरा-रूबेला (एमआर) टीकाकरण अभियान 16 फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 (5 से 10 वर्ष आयु वर्ग) के लगभग चार लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने बताया कि जिले के 2893 विद्यालयों में कुल 2720 टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें 2146 सत्र सरकारी विद्यालयों, 384 सत्र निजी विद्यालयों तथा 190 सत्र मदरसा व अन्य शिक्षण संस्थानों में प्रस्तावित हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में जनपद में मीजल्स (खसरा) तथा रूबेला के 23 मामले सामने आए थे, जबकि वर्ष 2026 में अब तक मीजल्स और रूबेला के चार मामले चिन्हित किए गए हैं। संक्रमण की कड़ी तोड़ने के लिए व्यापक टीकाकरण बेहद आवश्यक है।सीएमओ ने बताया कि बच्चों को 12 जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होता है, जिसमें खसरा और रूबेला भी शामिल हैं। दो वर्ष से कम आयु वर्ग में एमआर-1 का कवरेज 84 प्रतिशत तथा एमआर-2 का कवरेज 83 प्रतिशत है। अब स्कूल आधारित विशेष अभियान के माध्यम से बड़े आयु वर्ग के बच्चों को भी कवर किया जा रहा है।जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. एसके सिंह ने बताया कि खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक वायरल रोग हैं, जो खांसने-छींकने, गले व नाक के स्त्राव तथा संक्रमित व्यक्ति के निकट संपर्क से तेजी से फैलते हैं। खसरा में तेज बुखार, खांसी, आंखों में लाली और शरीर पर दाने निकलना प्रमुख लक्षण हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं के लिए बेहद गंभीर हो सकता है। एमआर का टीका एक ही बार में दोनों बीमारियों से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक एएनएम को प्रतिदिन 100 से 125 बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य दिया गया है और सभी सत्रों की प्रविष्टि यू-विन पोर्टल पर अनिवार्य रूप से की जाएगी।डब्ल्यूएचओ एसएमओ डॉ. विपिन लिखोरे ने बताया कि अभियान के दौरान सर्विलांस व्यवस्था भी मजबूत रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि केवल बुखार के साथ दाने वाले मामलों को एमआर संदिग्ध केस माना जाता है। ऐसे किसी भी उम्र के लोगों में यह लक्षण पाए जाने पर तुरंत सूचना देकर रिपोर्टिंग और जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि संभावित संक्रमण को समय रहते नियंत्रित किया जा सके।जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को निर्धारित तिथि पर विद्यालय भेजें और टीकाकरण में सहयोग करें, ताकि जनपद को खसरा-रूबेला मुक्त बनाने की दिशा में ठोस प्रगति सुनिश्चित की जा सके।

## शिवरात्रि पर्व पर नगर निगम ने बनायी स्वच्छता की विशेष रूपरेखा



अयोध्या। रविवार को शिवरात्रि के मौके पर रामनगरी आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन सुनिश्चित कराने के लिए नगर निगम ने कार्य योजना बना ली है। महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार के साथ नागेश्वरनाथ मंदिर एवं श्री क्षीरेश्वर नाथ मंदिर परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उनके साथ अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव, जोनल अधिकारी अशोक गुप्त, सहायक अभियंता सिविल राजपति यादव भी थे।

महापौर ने सबसे पहले नागेश्वरनाथ मंदिर का जायजा लिया। उन्होंने मंदिर परिसर जाने वाले रास्ते पर मैट बिछाने, अन्य स्थानों पर लगातार सफाई व्यवस्था के लिए कर्मचारियों की तैनाती करने, स्वागत बोर्ड बदलवाने तथा मंदिर परिसर के आसपास की दीवारों को विशेष रंग से पेंटिंग कराने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त ने मंदिर परिसर में जगह-जगह पान की पिच न थूकने संबंधी निर्देश लिखवाने के निर्देश दिए। इसके बाद नगर निगम की टीम के साथ वह क्षीरेश्वर नाथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर के सामने नाली पर सही ढंग से पत्थर लगवाने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी श्रद्धालु को ठोकर न लगे। मंदिर परिसर में निरंतर सफाई के लिए कर्मचारियों को तैनात रखने को कहा।इसके साथ भंडारा स्थल तथा शिव-पार्वती विवाह की झांकी के दौरान भी सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था तथा सुगम दर्शन के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने का निर्देश दिया।

# मतदाता सत्यापन कार्य की डीएम ने की समीक्षा

**बहराइच।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार नो मैपिंग एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी के मतदाताओं को जारी की जा रही नोटिसों, मतदाताओं की सुनवाई एवं आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा बूथ लेबिल अधिकारियों के स्तर पर की जा रही कार्यवाही की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई।



जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि नो मैपिंग के सम्बन्ध जारी की गई नोटिस की सुनवाई तथा तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन का कार्य माह फरवरी 2026 में ही पूर्ण कर लिया जाय। डीएम ने बताया कि अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के सहयोग हेतु एक-एक अतिरिक्त अधिकारी की ड्यूटी लगा दी गई है।

अतिरिक्त अधिकारी विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के सम्बन्ध में सुपरवाईजर्स व बूथ लेबिल अधिकारियों से समन्वय रखते हुए कार्यों को तेजी के साथ समय से पूरा कराने में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सहयोग प्रदान करेंगे। डीएम ने बताया कि तार्किक विसंगतियों से सम्बन्धित मतदाताओं के सत्यापन के लिए बूथ लेबिल अधिकारियों को प्रशिक्षित कर दिया गया है।

डीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से समन्वय रखते हुए भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार त्रुटि रहित तरीके से प्रगाढ़ पुनरीक्षण अन्तर्गत नोटिस की सुनवाई व तार्किक विसंगतियों के सत्यापन का कार्य समयबद्धता के साथ पूर्ण करायें। डीएम ने समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि नोटिसों की सुनवाई एवं तार्किक विसंगतियों की श्रेणी वाले मतदाताओं के सत्यापन दौरान यदि किसी स्तर पर कोई समस्या आती है तो उसका समय से समाधान भी कराया जाय। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि सुनवाई स्थल ऐसी व्यवस्थाएं की जायें कि आने वाले मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## एम्स में चयनित शुभम को कॉलेज व ग्रामीणों ने किया सम्मानित

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा क्षेत्र के शफीपुर स्थित राम मनोहर इण्टर कालेज में रेडियोलॉजिस्ट टेक्निशियन पद पर आयुर्विज्ञान एम्स में चयनित छात्र शुभम यादव का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शुभम यादव पुत्र बसंत कुमार यादव की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है विद्यालय के संस्थापक राम मनोहर, प्रबंधक अशोक यादव, प्रधानाचार्य तथा राधे श्याम, माता प्रसाद यादव, उमा शंकर ,जगदीश मौर्य विकास यादव बाल मुकुंद गोंड हरिओम श्रीवास्तव, संगीता , उषा ,रीना आदि शिक्षकगणों ने शुभम को माल्यार्पण कर तथा मिठाई खिलाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शुभम ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा इसी विद्यालय से प्राप्त की थी। इस अवसर पर उन्होंने अपने गुरुजनों, माता-पिता एवं परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय उन्हें समर्पित किया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों ने भी शुभम को सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह के दौरान सभी विद्यार्थियों को विजेथुआ धाम से लाया गया लड्डू प्रसाद वितरित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान शुभम यादव ने कॉलेज में उपस्थित विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

## नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का आरोप

**परशदेपुर, रायबरेली।** डीह थाना के परशदेपुर चैकी क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बीते बृहस्पतिवार शाम एक युवक ने अपने घर बुलाकर कर नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की।नाबालिग युवती के भाई ने जब बहन के साथ हो रहे छेड़छाड़ का विरोध जताया तो युवक ने नाबालिग युवती के भाई के साथ मारपीट की। वहीं पीड़ित के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ बेटी के साथ छेड़छाड़ व विरोध करने पर बेटे के साथ मारपीट की घटना की तहरीर चैकी परशदेपुर में दी है।

## सरकारी स्कूल में दबंगों का तांडव

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के टेरी गांव में स्थित प्राइमरी स्कूल से दबंगों द्वारा भारी तोड़फोड़ और उत्पात मचाने की खबर सामने आई है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में तनाव और स्कूल प्रशासन में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। असामाजिक तत्वों ने पूरे प्राइमरी स्कूल परिसर को निशाना बनाया और वहां जमकर तोड़फोड़ की। दबंगों ने स्कूल के शौचालय, परिसर में लगे पेड़ और पीने के पानी व शौचायल की टोंटियों को भी तोड़ दिया, जिससे स्कूली बच्चों के लिए बुनियादी सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इस स्कूल में सुरक्षा की भारी कमी है और इससे पहले भी यहाँ दो से तीन बार चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रधानाचार्य अरविंद ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। हरचंदपुर थाना पुलिस मौके पर पहुँचकर पूरे मामले की गहनता से जाँच-पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में आया है गांव में बारात आनी थी जिसके ठहराव के लिए विद्यालय परिसर के लिये कहा गया था न देने पर शायद खुन्नस निकाली गई है फिर भी मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# आशुतोष तुम अवघड़ दानी आरति हरहु दीन जनु जानी



**रायबरेली।** आशुतोष तुम अवघड़ दानी, आरति हरहु दीन जनु जानी भगवान शिव माँ पार्वती के विवाह उत्सव को लेकर भक्तों में आनंद और उल्लास व्याप्त है। चारों ओर नमः शिवाय के जाप के साथ ही शिव बारात निकालने की रूपरेखा तैयार की गई है। सुपरमार्केट में भगवान जगमोहनेश्वर महादेव व लालगंज क्षेत्र के शिव बाबा बालेश्वरधाम में जलाभिषेक कराने को लेकर प्रशासन मुस्तैद हैं ।

सलोन में महाशिवरात्रि को लेकर भगवान शिव के मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था व सजावट को लेकर भक्तों ने तैयारियाँ पूरी कर ली हैं। शिव के भक्तों द्वारा भगवान शिव की बारात तथा जलाभिषेक रुद्राभिषेक को लेकर व्यवस्था अंतिम चरण में है । झारखंडेश्वर मंदिर सहित क्षेत्र के कई मंदिरों का उपजिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी ने निरीक्षण किया। महाशिवरात्रि में भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश व क्षेत्राधिकारी यदुवेंद्र पाल प्रशासन सतर्क हो गया है। शनिवार को उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश ने मटका स्थित प्राचीन मंदिर बाबा झारखंडेश्वर मंदिर का दौरा किया और मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एस डी एम ने मंदिर के मुख्य पुजारी और नागरिकों के साथ बैठक कर

### महाशिवरात्रि के लिए सज गये शिवालय

महाशिवरात्रि की जलाभिषेक करने वाले भक्तों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंदिर के चारों ओर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाये और साफ सफाई का भी जायजा लेले हुए कहा कि मंदिर परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए मन्दिर प्रबंधन कमेटी से सीसीटीवी कैमरे और यातायात नियंत्रण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### एनएसबीवीएम में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित किये गये कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने भगवान भोलेनाथ का श्रद्धा पूरित मन से विधि-विधान पूर्वक पूजन-अर्चन सम्पन्न किया।

तद्पश्चात हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्कूल के बच्चों ने भी पूजा कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में टीचर्स ने बच्चों को शिवरात्रि की कहानियों में से सबसे प्रचलित कहानी शिव और पार्वती का विवाह होना बताया। इस दिन शिव ने वैराग्य छोड़कर गृहस्थ जीवन अपनाया था, इसलिए यह दिन शिव-पार्वती के मिलन का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त शिवजी द्वारा हलाहल विषपान, लिंग रूप में प्राकट्य तथा भील शिकारी जैसी कहानियाँ शामिल हैं। यह पर्व अज्ञान रूपी रात के अन्त और ज्ञान के उदय होने का प्रतीक है। यह आत्मशुद्धि, भक्ति और साधना का पर्व है, जिसमें भक्त रातभर जागकर प्रार्थना और ध्यान करते है। अन्त में प्रधानाचार्य जी ने बच्चों को बताया कि यह महापर्व भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की खुशी में मनाया जाता है, महाशिव रात्रि को शिव की पूजा करना सचमुच एक महाव्रत है। हम सभी के जीवन में भगवान शिव की कृपा हमेशा बनी रहे।

## मनेरगा को समाप्त कर रही मोदी सरकार

**रायबरेली।** मनरेगा बचाओं संग्राम पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने मोदी सरकार पर मनरेगा को समाप्त किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि 20 वर्ष पहले यू.पी.ए.-1 की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को लागू कर संविधान में निहित काम के अधिकार को साकार किया था। ग्राम पंचायतों को गाँव स्तर की परियोजनाओं पर निर्णय लेने का अधिकार देकर पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया गया है। कोविड-19 महामारी जैसे संकटों के दौरान यह ग्रामीण भारतीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा साबित हुई। भाजपा सरकार भारत के सबसे गरीब लोगों के लिए सुरक्षा और जीवन यापन गारंटी इस कानून को कमजोर कर इसे खत्म करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस पार्टी प्रतिबद्ध है कि जब तक मनरेगा को पूरी तरह उसके मूल स्वरूप में बहाल नहीं किया जाता, तब तक मनरेगा बचाने की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक जारी रहेगी। श्री तिवारी ने कहा कि भाजपा के इस मजदूर विरोधी नियम के आते ही कांग्रेस ने 3 जनवरी से ही पूरे देश में ह्यह्य मनरेगा बचाओं संग्रामह्लह्ल शुरू कर दिया था। पिछले एक महीने से जारी इस संग्राम में हम गांधीवादी तरीके से इस संवेदनहीन बदलाव का विरोध कर रहे है।

## तप-व्रत से मिल सकती मुक्ति



**भेटुआ (अमेठी)।** तप व्रत व नियमित्ता से जीवन सफल बनाया जा सकता है उक्त बाते श्रीमत परम हंस साधना कुटीर बरतला मे हो रही शिव महापुराण कथा के छठे दिन श्रोताओ के समक्ष कही। श्रीमत परमहंस साधना कुटीर मे चल रही शिव महापुराण की कथा मे कथा व्यास डा अनिल पाण्डेय जी ने मैना की कथा सुनाते हुए बताते है कि मैना ने तप व्रत करके सौ पुत्रो का वरदान माँ भगवती से मांगा और उनको यश कीर्ति चारो दिशाओ मे फैले इसका भी बरदान मांगा। संसार मे सत्य के अलावा सब मिथ्या है अर्थात कैलाश पर्वत पर बैठे भगवान शिव ही सत्य है। कथा व्यास के साथ संगीत मे जीतेन्द्र तिवारी मशहूर गायक व उनकी मंडली ने गीत व बाध्य यंत्रो से लोगो का मन मोह लिया। इस नौके संत दीन तिवारी, कपिल देव , साधू सिंह, अजीत सिंह , शीतला प्रसाद तिवारी, अजय कुमार, सत्यम शुक्ल, अंकित शुक्ल के साथ सैकड़ो की तादाद मे पुरुषों के साथ महिलाओ ने भी कथा का रसपान जाता।

## थाना दिवस में शिकायतों का मौके पर निस्तारण गाटा संख्या 516 पर अतिक्रमण का मामला उठा

**बाजार शुकुल, अमेठी।** अमेठी थाना परिसर, बाजार शुकुल में आयोजित थाना दिवस में शनिवार को राजस्व व पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से जनसमस्याओं की सुनवाई की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने की, जबकि थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा के नेतृत्व में शिकायतों का निस्तारण कराया गया। थाना दिवस में भूमि विवाद, पैमाइश, कब्जा, रास्ता अवरोध और पारिवारिक मामलों से संबंधित कई प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए। कुछ मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि अन्य प्रकरणों में संबंधित राजस्व व पुलिस टीम को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरजीत यादव ने गाटा संख्या 516 में अतिक्रमण की शिकायत दर्ज कराई। मामले को अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए राजस्व टीम को तत्काल स्थलीय जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नायब तहसीलदार ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नायब तहसीलदार नम्रता मिश्रा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजन को त्वरित व न्यायसंगत समाधान देना प्राथमिकता है। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने भी कहा कि राजस्व और पुलिस विभाग के समन्वय से विवादों का निष्पक्ष समाधान कराया जा रहा है। इस अवसर पर कानूनगो अनिल पांडेय सहित राजस्व टीम और थाना के पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हें निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

## डंपर की चपेट में वॉक पर निकले व्यक्ति की मौत, एक गंभीर घायल

**अमेठी।** कोतवाली अमेठी के महाराजपुर से ककवा रोड स्थित बिरसिया के पास शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने मॉर्निंग वॉक पर निकले दो लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, नरैनी निवासी कमलेश सिंह (पुत्र जगन्नाथ सिंह) और पूरे टांडा मजरे बियसिया निवासी रमाशंकर तिवारी सुबह मार्निंग वॉक पर निकले थे जो ककवा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अमेठी-ककवा रोड पर किनारे चल रहे दोनों को तेज रफ्तार डंफर ने अपनी चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कमलेश सिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रमाशंकर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल एंबुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने कमलेश सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि रमाशंकर तिवारी का इलाज चल रहा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## शहीदों की याद में कटका क्लब ने किया पौधरोपण

**सुलतानपुर (वीओएल)।** सामाजिक संस्था कटका क्लब द्वारा पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रेम करना है तो प्रकृति से करो का भावपूर्ण संदेश दिया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार जयसिंहपुर रूबी यादव तथा गोसाईंगंज थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय की उपस्थिति में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कटका क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी वैलेंटाइन डे को केवल औपचारिक प्रेम के रूप में मनाती है, जबकि सच्चा और स्थायी प्रेम प्रकृति से किया जाना चाहिए। यदि हम पेड़-पौधों, जल, वायु और पर्यावरण की रक्षा करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियां सुरक्षित और स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रकृति बचेगी तो ही जीवन और प्रेम दोनों संभव होंगे। कथा वाचक शनि मिश्र ने पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को नमन करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात वीर सैनिकों के कारण ही राष्ट्र सुरक्षित और सशक्त है। शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। सच्चिदानंद मिश्र ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र सैनिकों का सम्मान, दोनों ही हमारे नैतिक और सामाजिक दायित्व हैं। वहीं नायब तहसीलदार रूबी यादव एवं थाना प्रभारी राम आशीष उपाध्याय ने कटका क्लब की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। पौधरोपण कार्यक्रम में सुधीर यादव, सुनीत चतुर्वेदी (देनवा), आशीष पांडेय, किसान नेता रिजवान अहमद सहित कटका क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को पर्यावरण प्रेम और राष्ट्रभक्ति का सशक्त संदेश दिया गया।



# पटाखा व्यापारी के घर अवैध पटाखा भंडारण में तेज धमाका, एक महिला की मौत, 4 घायल



**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के साहबगंज बाजार में शुक्रवार की देर रात एक लाइसेंसी पटाखा व्यापारी के घर में अवैध पटाखा भंडारण के चलते घर में तेज धमाका हो गया। धमाके में पटाखा व्यापारी समेत पांच लोग गम्भीर रुप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सलोन ले जाया गया। इलाज के दौरान जिला अस्पताल में पटाखा व्यापारी की पत्नी की मौत हो गई जबकि मामूली रूप से घायल व्यापारी के बेटे को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। बाकी तीन लोगों का इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद जिला प्रशासन में भी तेज सक्रियता दिखी। एसपी रवि कुमार, एडिशनल एसपी संजीव सिन्हा, एसडीएम चन्द्र प्रकाश और सीओ यादुवेन्द्र पाल, तहसीलदार दीपिका सिंह सहित घटनास्थल पर पहुंच गए।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के करहिया चौकी तहत साहबगंज बाजार में बीती रात लगभग दो बजे के करीब पटाखा व्यवसाई मुहम्मद यूनुस(40) पुत्र मुहम्मद शकूर के घर पर तेज बिस्फोट हुआ। धमाके की आवाज सुनकर पड़ोस के लोग घरों से बाहर की ओर भागे तो एक के बाद एक शक्तिशाली कई धमाके हो गए। धमाके के बाद पटाखा व्यवसाई का घर मलबे में तब्दील हो गया। जबकि पड़ोस में रह रहे पटाखा व्यवसाई के बेटे बहु और पोते पर धमाके के बाद उनके ऊपर दीवाल गिर गया। आसपास के लोगो ने तुरंत फायर ब्रिगेड और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। घटना स्थल पर पहुँची फायर टीम ने घर मे लगी आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस की मदद से स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे पटाखा व्यवसाई मु.यूनुस उसकी पत्नी अख्तरुन(65),बेटा फिरोज और उसकी पत्नी रूबी बानो,और फिरोज का बेटा मु.अली(16)को लोगों ने निकालकर सीण्चसी सलोन पहुंचाया। वहीं घायलों की हालत बिगड़ती देख सभी को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान वृद्ध महिला अखतरुन की मौत हो गई। जबकि बेटे फिरोज को छुट्टी दे दी। धमाके की वजह से पड़ोस के कई मकान भी टूट-फूट गए। उपजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश गौतम ने बताया कि यूनुस की लाइसेंसी दुकान है। उसने अपने घर में अवैध भंडारण किया था जिसकी वजह से आग लगी। मामले की जांच कराई जा रही है।

## स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी में धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव




- नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** कूरेभार क्षेत्र के जमोली स्थित स्पेक्ट्रम हाई एकेडमी में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। शुक्रवार की देर शाम तक चले इस भव्य कार्यक्रम में नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।


स्पेक्ट्रम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने भारत की विविधता, एकता में अनेकता, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में नृत्य, नाटक, गीत और समूह गान के माध्यम से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र त्रिपाठी एवं संस्थापक राम किशोर पांडेय द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन और पूजन-अर्चन के साथ किया गया। अपने संबोधन में श्री त्रिपाठी ने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने संस्थान की शैक्षणिक एवं सह-पाठयक्रम गतिविधियों की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन आनन्द सावरण पांडेय, मैनेजर अनूप मिश्रा, संतराम शुक्ला, अमन पांडेय सहित क्षेत्र के सैकड़ों संभ्रांतजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों और विद्यार्थियों की सहभागिता रही। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सुसज्जित रहा। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया तथा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम की सफलता ने एक बार फिर विद्यालय की शैक्षिक एवं सांस्कृतिक उत्कृष्टता को रेखांकित किया।

## महाशिवरात्रि पर होगी नीलकंठ महाकालेश्वर की प्राण-प्रतिष्ठा

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** कादीपुर क्षेत्र के पड़ेला ग्राम में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव के नीलकंठ महाकालेश्वर शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर व्यापक तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। इस शुभ धार्मिक आयोजन के अंतर्गत कादीपुर ब्लॉक के पूर्व प्रमुख एवं पंडित राम चरित्र मिश्र पीजी कॉलेज के प्रबंधक डॉ. श्रवण मिश्रा के मार्गदर्शन में पड़ेला स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया है। गांव में उत्सव का माहौल है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

महाशिवरात्रि के दिन वैदिक मंत्रोच्चार व विधि-विधान के साथ शिवलिंग की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई जाएगी। आयोजन समिति के अनुसार पूज्य पाद स्वामी अनुभवानंद महाराज, मठाधिपति महामंडलेश्वर एवं पीठाधीश्वर कांचीपुरम मठ के करकमलों से यह पावन कार्य संपन्न होगा। उनके सानिध्य में भव्य शिव बारात का आयोजन किया गया, जो पड़ेला मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर कादीपुर, शाहपुर होते हुए गोमती नदी तट स्थित गौरी शंकर धाम एवं महावीरन हनुमान मंदिर तक पहुंची और पुनः मंदिर परिसर लौटी। रविवार को रुद्राक्ष महोत्सव के साथ विधिवत नीलकंठ महाकालश्वर शिवलिंग की स्थापना की जाएगी। इसके उपरांत विशाल भंडारे एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों शिव भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। महाशिवरात्रि पर पड़ेला गांव शिवमय हो उठा है और चारों ओर हर हर महादेव के जयघोष गूंज रहे हैं।

## गोवर्धन पूजा से भगवान कृष्ण ने प्रकृति संरक्षण का महान संदेश दिया : कथा व्यास



**गौरीगंज, अमेठी।** पठानपुर पूरे चंद्रिका मिश्र में चल रही श्रीमद भागवत कथा के आज पंचम दिवस वृंदावन से पधारे परमपूज्य धर्मेन्द्र जी शास्त्री ने माखन चोरी, कालियादहन और गोवर्धन पूजा की कथा का विस्तार से वर्णन किया। माखन चोरी निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति की स्वीकारोक्ति है। कालियादहन में भगवान कृष्ण ने कालिया के अहंकार को तोड़कर यमुनाजी से बाहर भेजकर सभी को निर्भय किया। प्रभु की ये दोनों लीलाएं भगवान कृष्ण की बाल सुलभ चंचलता और दुष्टों के दमन हेतु प्रसिद्ध है। गोवर्धन पूजा के द्वारा भगवान कृष्ण ने प्रकृति संरक्षण का महान संदेश दिया। आज की कथा में प्रमुख रूप से राकेश प्रताप सिंह विधायक सदर, शशिकांत मिश्र, शशिधर मिश्र, अमन शुक्ल आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथाअमृत रसपान किया। मुख्य यजमान ज्ञानप्रताप शुक्ल और आयोजक सुभाष शुक्ल और सुयश शुक्ल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आज गौरीशंकर मंदिर में उमड़ेगी आस्था सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम




**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा क्षेत्र के शाहपुर गांव में आदिगंगा गोमती नदी के पावन तट पर स्थित गौरीशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। तड़के भोर से ही भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। दूर-दराज के गांवों के साथ-साथ अन्य जनपदों से भी श्रद्धालु यहां पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करेंगे। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में मेले जैसा दृश्य देखने को मिलेगा, जहां पूजा सामग्री, प्रसाद, खिलौने और अन्य आवश्यक वस्तुओं की दुकानें सजी रहेंगी। मंदिर के महंत सन्तराम गोस्वामी व गोविंद गोस्वामी ने बताया कि यह प्राचीन शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से की गई आराधना से भगवान भोलेनाथ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर विशेष रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु सहभागिता करेंगे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। मंदिर परिसर व आसपास सतत निगरानी रखी जाएगी, ताकि कोई अव्यवस्था न हो और श्रद्धालु कतारबद्ध होकर शांतिपूर्वक जलाभिषेक कर सकें। प्रशासन ने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

## चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने किया रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** एएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के सहयोग से गोंमती सोशल फाउंडेशन एवं गोंमती शिक्षण संस्थान द्वारा पलहीपुर, सरस्वती नगर भटपुरवा में एक भव्य चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 50 से 60 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से कल्पनाशीलता, रंग संयोजन और सामाजिक विषयों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। विशेष रूप से 6 बच्चों द्वारा बनाई गई आकर्षक रंगोलियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय की प्रिंसिपल नशीमा बानो ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। विद्यालय के प्रबंधक नसीम ने प्रतियोगिता के विजेताओं को बेस्ट पेंटिंग पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में अर्क शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त सभी प्रतिभागियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया, जिससे बच्चों में आगे और बेहतर करने की प्रेरणा मिली।




# पुलवामा हमले में शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति द्वारा शिक्षक/ शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ दीप प्रज्वलित कर शहीदों को नमन करते हुए की गई। इसके उपरांत सभी ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों की पावन आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। न्यू स्टैंडर्ड बालिका विद्या मंदिर में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद देश के वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने देश के वीर शहीदों को पुश्पचक्र सहित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। तद्श्चात स्कूल की हेड-मिस्ट्रेस संध्या अग्रवाल सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम के समापन में प्रधानाचार्य ने बच्चों को पुलवामा घटना के बारे में बताते हुए कहा कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ, जिसमें 40 से अधिक भारतीय सुरक्षाकर्मी शहीद हो गए।



### पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर लोगों ने शहीदों को किया नमन और दी श्रद्धांजलि

**लालगंज, रायबरेली।** पुलवामा शहीदी दिवस पर लोगों ने घटना में शहीद होने वाले वीर सैनिकों को नमन किया है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, विधायक मनोज पांडे, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धी लाल पासी, क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, जिला महामंत्री शरद सिंह, प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, भाजपा नेताजेपी सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य शिवेंद्र सिंह, भाजपा नेता अनूप पांडे भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, दल बहादुर सिंहएडवोकेट, राजेश सिंह फौजी , कैलाशबाजपेई, रामप्रताप सिंह, डॉ अविनाश सिंह, किसानमोर्चा जिला उपाध्यक्ष संतोषसिंह, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह,चंदन त्रिवेदी, सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, मंटू बाजपेई, शिवम मिश्रा, मनोज मिश्रा एडवोकेट,सत्येंद्र सिंह ,राजेश निर्मल, सानू बाजपेई ,अखिलेश बाजपेई, राजन अवस्थी, विमल धानुक आदि ने पुलवामा में शहीद हुए सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की है और कहा है कि हर भारतवासी को शहीदों पर गर्व है। उनसे प्रेरणा लेकर हमें राष्ट्र कार्य करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गए थे। यह हमला जैश-ए-मोहम्मद नामक आतंकी संगठन ने किया था, जिसका सरगना अजहर मसूद था। हमले में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी कार को जवानों की बस से टकरा दिया था, जिससे जोरदार धमाका हुआ और बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

संक्षेप

## बांके बिहारी मंदिर के गोस्वामी ने श्रद्धालु को किया लहूलुहान

**मथुरा।** शनिवार को वृंदावन में श्रद्धा और आस्था की नगरी को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई, जब बांके बिहारी मंदिर के एक गोस्वामी और श्रद्धालु के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। घटना राधा बल्लभ मंदिर के पास सीढ़ियों वाले मार्ग पर हुई, जहां गोस्वामी ने श्रद्धालु पर बेंत से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। घायल श्रद्धालु खून से लथपथ हो गया। गोस्वामी को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस उसे बांके बिहारी पुलिस चैकी ले गई।



घटना के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि आस्था के केंद्र वृंदावन में इस तरह की हिंसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। श्रद्धालुओं ने मांग की है कि आरोपी गोस्वामी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी भक्त के साथ इस तरह की घटना न हो। सरेआम हुई इस मारपीट की घटना ने मंदिर क्षेत्रों की व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो ने प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी सख्ती से कार्रवाई करता है। मंदिर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई हो, ताकि वृंदावन आने वाले श्रद्धालु खुद को सुरक्षित महसूस कर सकें।

# कांशीराम बस्ती का हिंदू सम्मेलन आयोजित

## संघ हिंदुओं को जागरूक कर रहा है : ऋतेश्वर महाराज



**मथुरा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक महेंद्र शर्मा ने रिफाइनरी नगर की काशीराम बस्ती के हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत हिंदुओं का देश है, यहां अन्य लोग रह सकते हैं, मगर यह देश हिंदुओं का ही कहलायेगा। भारत में जितनी भी चीजें आगे बढ़ाएंगे उसका दायित्व भी हिंदुओं का है।

बीबीआर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता महेंद्र शर्मा क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि हम लोगों को संगठित होना चाहिए और संगठित भी लोहे की फुटबॉल की तरह होना होगा। हिंदू संगठित होंगे तो कोई भी हमारी तरफ आंख उठाकर भी नहीं देख सकता। हिंदुओं को शेर की तरह शक्तिशाली बनना होगा। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदू संगठन की बात करता है। हम संरक्षित होंगे तो हमारा भारतवर्ष समर्थ होगा। हम संगठित होंगे तो हमारा भारतवर्ष पुनः विश्वगुरु बनेगा। क्षेत्र प्रचारक ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझना है तो पहले संघ की शाखा में आना होगा, तभी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को समझा जा सकता है। मुख्य अतिथि परम पूज्य पीठाधीश्वर सद्गुरु ऋतेश्वर जी महाराज में ने कहा कि हिंदू समाज को जागृत करने के लिए मातृशक्ति और युवा वर्ग आगे आए। उन्होंने कहा कि अपने बच्चों का भविष्य बनाना है, परिवार सुरक्षित रहना है तो देश को सुरक्षित रखना होगा। बच्चों, परिवार और देश को सुरक्षित करने के लिए लिए कोई साधु संत या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नहीं आएगा उसके लिए आपको स्वयं आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि देश के अंदर फैल रही विभाजित करने की गतिविधियों को तोड़ना होगा। अगर देश सुरक्षित रहेगा तो हिंदू सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में हिंदू हुआ करते थे, लेकिन अब समाप्त हो गए। पाकिस्तान में मंदिरों में पूजा होती थी, अब धीरे-धीरे करके मंदिर तोड़ दिए गए। अब वही स्थिति बांग्लादेश में है। हिंदुओं पर अत्याचार की घटनाएं बढ़ती जा रही है। बहन- बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन अब आप सबको एकजुट होने की जरूरत है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हिंदुओं को जागरूक करने के लिए सौ वर्ष से निरंतर काम कर रहा है। प्रांत कार्यवाहिका राष्ट्र सेविका समिति ब्रज प्रांत ललिता जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पंच परिवर्तन के सिद्धांत पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषियों ने हमे वसुदेव कुटुंबकम का मंत्र दिया है, जब हम सभी एक ही परिवार हैं तो सब अलग-अलग क्यों हैं ? उन्होंने कहा कि मानव शरीर पंचतत्वों से मिलकर बना है जो पंचतत्व पृथ्वी में विराजमान है उन्हें संरक्षित रखना हमारा नैतिक दायित्व है। कार्यक्रम अध्यक्ष सियाराम प्रधान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाजार में नया माल आने से पहले गुटका सिगरेट पर की जा रही कालाबाजारी

- ब्लैक खोरी पर रोक न लगी तो 31 मार्च से पहले ब्लैक खोर नशे के कारोबार से करोड़ों की कर लेंगे काली कमाई

**फिरोजाबाद।** सरकार की ओर से स्वास्थ्य कर शुल्क लगाने की घोषणा से पहले ही गुटका और सिगरेट बेचने वाले दुकानदारों ने गुटका पर ब्लैक खोरी शुरू कर दी है। बाजार में 5 रुपये वाला गुटका 6 रुपये और 10 वाला गुटका 12 रुपये व 20 वाला गुटका 25 रुपए में खुले आम बिक रहा है। जब कि अभी नया माल बाजार में आया नहीं है। यह ब्लैक खोरी की रकम गुटका बेचने वाले व्यापारियों की जेब में जा रही है। नशाखोरी का सामान बेचने वालों ने सिगरेट में कस लगाने वालों की जेब पर डाका डालना शुरू कर दिया है। सिगरेट पर भी एक रुपये से लेकर दो रुपये तक प्रति सिगरेट पर बढ़ा दिए हैं। सरकार की ओर से एक फरवरी को जारी किए गए बजट में गुटका और सिगरेट के दामों की बढ़ोतरी के संकेत देते हुए स्वास्थ्य उपकर लगाने की बात कही थी। गुटका और सिगरेट का व्यापार करने वाले व्यापारियों ने अभी से पुराने माल पर ही रेट बढ़ा दिए हैं। जब कि गुटका बनाने वाली कंपनियों ने अभी पुराने माल पर कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

## थोक व्यापारियों की बल्ले बल्ले

गुटका व सिगरेट का थोक व्यापार करने वाले व्यापारियों ने गुटका के रेट बढ़ा दिए हैं। फुटकर दुकानदारों को अब मुनाफा देना बंद कर दिया है। पांच रुपये वाले गुटका को पांच में ही थोक में खरीद रहे हैं मगर वह अपनी दुकान पर जाकर गुटके को छह रुपये में बेच रहे हैं जब कि दस बाले गुटका को 12 रुपये और 20 वाले गुटके को 25 में बेच रहे हैं। अगर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने इस ब्लैक खोरी पर रोक नहीं लगाया तो 31 मार्च से पहले ही ब्लैक खोर थोक विक्रेता नशे के कारोबार से करोड़ों रुपये का लेन देन करके काली कमाई पर कब्जा कर लेंगे। सिगरेट पर एक से लेकर दो रुपये तक बढ़ाये : गुटका की तरह सिगरेट के दाम भी महंगे कर दिये हैं। सिगरेट के कस लगाने वालों की जेब पर बिना नये रेट के ही बढ़ोतरी कर दी गई है। दुकानों पर हो रही ब्लैकखोरी पर किसी अधिकारी का कोई ध्यान इस ओर नहीं है। थोक विक्रेता पुराने माल को ही ओवर रेट में फुटकर विक्रेताओं को दे रहे हैं, जिस कारण फुटकर विक्रेता उसे और बढ़ा चढ़ा कर उपभोक्ताओं को बेच रहे हैं।

# धूमधाम से निकाली गयी बाबा खाटू श्याम की निशान यात्रा



**फिरोजाबाद।** नगर शिकोहाबाद में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ लाडले श्याम के समिति रजि.द्वारा शुक्रवार को भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। निशान यात्रा में सैकड़ों की तादाद में लोगों ने भाग लिया। यात्रा का शुभारंभ सदस्य उ.प्र. राज्य स्तरीय दिशा कमेटी, ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार अंकुर वर्मा द्वारा खाटू श्याम की पूजा-अर्चना कर आरती उतार कर किया गया। निशान यात्रा बड़ा बाजार काली देवी मंदिर से शुरू होकर नगर के स्टेट बैंक चौराहे, नारायण होटल चौराहा, तहसील तिराहा, पक्का तालाब, कटरा बाजार होते हुए अग्रवाल धर्मशाला में पहुंची। निशान यात्रा में बाबा का दिव्य रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसका भव्य श्रृंगार श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रहा था। यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालु हाथों में निशान लेकर भजन-कीर्तन करते हुए झूमते, नाचते और गाते आगे बढ़ रहे थे। बैंड-बाजों की मधुर धुनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं एवं नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह स्वागत द्वार बनाकर जलपान एवं सेवा की भी उत्तम व्यवस्था की गई। इस अवसर पर विश्वनाथ सिंह पीयूष कपूर संजीव गर्ग, अजय अग्रवाल संजीव अग्रवाल अंकित कश्यप मनीष राठौर, नितिन गुप्ता आकाश मित्तल अमन मित्तल सजल योगेश ध्रुव, गौरव मोहित संजय अंशु निखिल विनय शिवम सहित अनेक श्रद्धालु एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। अंत में भजन-कीर्तन एवं आरती के साथ यात्रा का समापन हुआ तथा सभी श्रद्धालुओं ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# सफाई कर्मियों को बिना कटौती वेतन दिलाने के लिए मंडलायुक्त से मिले कर्मचारी नेता

**आगरा।** नगर निगम फिरोजाबाद व नगर निगम मथुरा वृन्दावन में सफाई कर्मचारियों को शासनादेशो के बावजूद बिना कटौती के वेतन नहीं दिया जा रहा है। शासनादेशों की अनदेखी करके ठेका सफाई कर्मचारियों के वेतन से ई0पी0एफ0 के नाम पर कटौती कर शासनादेशो का उल्लघंन किया जा रहा है। नगर निगम फिरोजाबाद व मथुरा वृन्दावन, झांसी और शाहजहाँपुर में सेवा प्रदाता द्वारा नियोजित सफाई कर्मचारियों को बिना कटौती के वेतन दिलवाये जाने के लिए उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुन्दर बाबू चंचल एवं उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन, प्रमुख सचिव नगर विकास, लखनऊ को पत्र भेजा है। वही आगरा मण्डल के अन्तर्गत आने बाली नगर निगम फिरोजाबाद व नगर निगम मथुरा वृन्दावन में ठेका सफाई कर्मचारियों को बिना कटौती के वेतन दिलवाये जाने के लिए एक प्रतिनिधिमण्डल आगरा मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप से मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने मण्डल आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शासनदेश संख्याः- 499/9-1-21 -66 सा/2001 नगर विकास अनुभाग-1, लखनऊः दिनांक 03 मार्च 2021, शासनादेश संख्याः-468/9-1-22-66 सा/ 2001 नगर विकास अनुभाग-लखनऊ; दिनांक 04 अप्रैल 2022, और शासनादेश संख्याः 1671/9-1-19-66 सा/2001 नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊःदिनांक 25 सितम्बर 2019 का पालन न करने पर जारी एक अन्य शासनादेश संख्याः 3727/9-1- 2024-1861456 नगर विकास अनुभाग-1 लखनऊः दिनांक 07 नवम्बर 2024 में स्पष्ट आदेश हैं कि स्थानीय निकायों में सेवा प्रदाता/ ठेके के माध्यम से नियोजित सफाई श्रमिकों/ कर्मिकों को बिना किसी कटौती के भुगतान कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। स्पष्ट आदेशों के बाद भी फिरोजाबाद, मथुरा वृन्दावन, झांसी और शाहजहाँपुर में सेवा प्रदाता द्वारा नियोजित सफाई कर्मचारियों को बिना कटौती के वेतन न देना शासनादेश का उल्लघंन, शोषण व उत्पीड़न की पराकाष्ठा है।

# पोस्टर बनाकर डायरिया से बचाव का दिया संदेश




**मथुरा।** ‟डायरिया से डर नहीं” कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय मुड़ेसी में पॉपुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया (पीएसआई इण्डिया) और केन्वयू के सहयोग से डायरिया जागरूकता हेतु पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय की प्राधनाचार्य विमलेश द्वारा सभी को बेहतर स्वास्थ्य से होने वाले फायदे और साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विद्यालय की 60 छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें कक्षा 10 की अम्बिका को प्रथम, कक्षा 8 की बबली को द्वितीय, कक्षा 10 की मोहिनी को तृतीय पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कक्षा 9 की कुमकुम मीणा को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से आशा पूनम और शीला द्वारा बच्चों को टीकाकरण के बारे में जानकारी प्रदान की गई। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को डायरिया रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से डायरिया से बचाव के जरूरी संदेश दिए गए और टीकाकरण सारणी के अनुसार सारे टीके लगवाने के बारे में बताया गया। साथ ही रोटावायरस, विटामिन-ए को लेना ना भूलें, डायरिया (दस्त) से बचाव के लिए स्वच्छता और खानपान में सावधानी बहुत जरूरी है बार-बार हाथ धोएं हमेशा साफ पानी पियें (उबालकर या फिल्टर किया हुआ) और ताजा ढका हुआ भोजन ही खाएं ओआरएस गोल का सेवन निर्जलीकरण को रोकता है जबकि रोटावायरस टीकाकरण बच्चों को डायरिया से बचाता है।

जिंक की खुराक को दस्त ठीक होने के बाद भी 14 दिनों तक जारी रखें। पीने के पानी को निकालने के लिए दंडीदार लोटे का प्रयोग करें। 6 माह से छोटे बच्चों को दस्त होने पर भी स्तनपान जारी रखें। विद्यालय की प्राधनाचार्य विमलेश द्वारा सभी को बेहतर स्वास्थ्य से होने वाले फायदे और साफ-सफाई के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पीएसआई टीम से अजय कुमार और चोबसिंह सहित विद्यालय स्टाफ के रागिनी शाक्य, मालती, पूजा छाबड़ा, लक्ष्मी, प्रतिमा, ऋचा, हुदा खान और शालिनी का विशेष सहयोग रहा।

# आगरा में जूता उद्योग से जुड़े प्रतिष्ठित उद्योगपति को उगाही और जान से मारने की धमकी

आगरा। जूता उद्योग से जुड़े एक प्रतिष्ठित उद्योगपति द्वारा कथित उगाही, फर्जी बकाया दिखाकर मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी के आरोपों के मामले में अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय, आगरा ने थाना सिकंदरा को आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधि अनुसार विवेचना करने के निर्देश दिए हैं। मामले के अनुसार, एचके-एचआर इंटरनेशनल एक्सपोर्ट पार्क के संचालक एवं वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना ने अधिवक्ता अनिल अग्रवाल के माध्यम से अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म अरतोनी स्थित एसके सेल्स कॉर्पोरेशन से जूतों का माल क्रय करती रही है। दोनों पक्षों के बीच चल रहे लेन-देन का समायोजन 31 मार्च 2020 को कर लिया गया था, जिसके बाद कोई भी बकाया राशि शेष नहीं रही। पीड़ित का आरोप है कि इसके बावजूद फर्म के साझीदार - सौरभ जैन, सुरेंद्र कुमार जैन और अंशुल जैन ने कथित रूप से धन उगाही के उद्देश्य से एक मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया। इस नंबर से संस्था के कर्मचारियों को लगातार फोन कॉल और संदेश भेजकर भुगतान के लिए दबाव बनाया गया तथा धमकियां दी गईं। प्रार्थी के अनुसार, उनका लेन-देन आगरा की फर्म एसके इंटरप्राइजेज और एसके सेल्स कॉरपोरेशन से रहा था। संबंधित बकाया राशि 31 मार्च 2020 तक समायोजित कर समाप्त कर दी गई थी तथा आयकर अभिलेखों में भी इसका समुचित उल्लेख किया गया था। इसके बावजूद आरोप है कि इन फर्मों के साझेदारों - सौरभ जैन, सुरेंद्र कुमार जैन एवं अंशुल जैन ने कथित रूप से एक वसूली संस्था सपोर्ट@क्रेडिटक.इन के माध्यम से दबाव बनाना शुरू किया। प्रार्थी ने आरोप लगाया कि 21 नवंबर 2025 को सुबह लगभग 11:02 बजे एक कॉल के दौरान उनसे कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और भुगतान न करने पर घर से उठवा लेने तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

# महिला बीएलओ से की छेड़खानी ससुर ने दर्ज करायी रिपोर्ट

**टूंडला।** एक व्यक्ति ने बीएलओ के साथ छेड़खानी कर जबरन बीएलओ महिला को ले गया। ओर डराने धमकाने लगा। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित ससुर ने थाने में दर्ज कराई है। विमल कुमार पुत्र प्रताप सिंह निवासी गांव राजा का ताल थाना टूंडला ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि मेरी पुत्र वधू शशि कुमारी पत्नी योगेश कुमार जो भारतीय वायु सेना में है। प्राथमिक विद्यालय खगरई ब्लाक फीरोजाबाद में सहायक अध्यापक के पद है तथा गाँव अलीनगर केंजरा में विधानसभा शिकोहाबाद के भाग संख्या 19 की बीएलओ है। विगत काफी समय से बीएलओ का कार्य गाँव केंजरा में कर रही है। केंजरा गाँव का सतेन्द्र कुमार पुत्र श्याम सुन्दर करीव 6 माह से छेडछाड कर रहा है। अश्लील हरकत करता है तथा रास्ता रोकता है। मेरे पुत्र वधू के मोबाइल से सभी गुप्त व निजी जानकारी सतेन्द्र उर्फ सचिन ने ले रखी है। तथा धमकी देता है कि तू वही कर जो मै कहता हू नही तो सारी जानकारी तेरे पति व घरवालों को बता दूँगा। 12 फरवरी को मेरी पुत्र वधू के जवरन गाडी में डालकर ले जाने लगा चिल्लाकर वह बच कर आई तथा शाम को मेरे पुत्र योगेश कुमार जो वायु सेना में है, के मोबाइल पर कहा कि तू अपनी पत्नी से तलाक ले ले मैं उसे रखूँगा यदि ऐसा नही किया तो तुझे जान से मार दूंगा। मेरी पुत्र वधू सरकारी कार्य वीएलओ का नही कर पा रही है, डर के कारण घर से नही निकल रही है।

# केबिनेट मंत्री ने रंगोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर की बैठक



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी की अध्यक्षता में रंगोत्सव 2026 की तैयारियों के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में महापौर विनोद अग्रवाल, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप, पुलिस उपमहानिरीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय, माननीय सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, नगर आयुक्त जग प्रवेश, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लक्ष्मी एन जी, उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ0 पंकज कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एस0पी0 ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत, उप जिलाधिकारी गोवर्धन श्रीमती प्राजक्ता त्रिपाठी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

24 फरवरी को फाग आमंत्रण नंदगाँव एवं लडडू होली बरसाना, 25 फरवरी को लठामार होली बरसाना, 26 फरवरी को लठामार होली नन्दगाँव एवं रंग लठामार होली गॉव रावल, 27 फरवरी को श्री कृष्णजन्म स्थान मंदिर में रंगो की होली, वृन्दावन के श्री बॉके बिहारी जी मन्दिर में रंगो की होली तथा मथुरा श्री द्वारिकाधीश जी मंदिर में कुंज की होली, 1 मार्च को छड़ीमार होली गोकुल, 3 मार्च को चतुर्वेदी समाज का डोला मथुरा तथा होलिका दहन, गॉव फालैन (ब्रह्म मुहूर्त), 4 मार्च को धुलेंडी मथुरा जनपद, 5 मार्च को दाऊजी का हुरंगा बल्देव, ग्राम जाँब का हुरंगा, चरकुला मुखराई एवं नन्द गांव का हुरंगा, 6 मार्च को गॉव बठैन का हुरंगा एवं गिडोह का हुरंगा, 9 मार्च को छडीमार होली महावन तथा 12 मार्च 2026 को श्रीरंग जी मन्दिर वृन्दावन में होली का आयोजन होगा।

बरसाना में आयोजित विश्व प्रसिद्ध लडडू होली तथा लठामार होली की तैयारियों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मेला क्षेत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजनों से सम्बन्धित मंचो, साज-सज्जा, प्रवेश द्वार, सेल्फी पॉइन्ट आदि का निर्माण एवं लाइव प्रसारण आदि की व्यवस्था पर्यटन विभाग एवं उ०प्र० ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा समन्वय स्थापित कर किया जायेगा। श्री राधा बिहारी इंटर कॉलेज में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न स्थलों पर प्रवेश द्वारों की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 05, नन्दगाँव में 04, रावल में 02, गोकुल में 02, बल्देव में 02, फालैन में 02, महावन में 01 तथा मथुरा में 05 कुल 23 द्वार बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत बरसाना, नन्दगाँव, फालैन एवं मथुरा जनपद के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु 25 छोटे स्टेज बनाए जाएंगे। रंगोत्सव 2026 के अन्तर्गत जनपद मथुरा के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर 12 सेल्फी प्वाइंट की स्थापना की जाएगी, जिसमें बरसाना में 5, नंदगांव में 2, गोकुल में 1, महावन में 1, बलदेव में 1, रावल ने 1 तथा फालैन में 1 सेल्फी प्वाइंट बनाया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया है। बरसाना हेतु 56 पार्किंग स्थल तथा 94 बैरियर बनाए जा रहे है। 13 स्थलों पर स्वास्थ्य केंद्र तथा 05 दो पहिया एम्बुलेंस लगाई जाएंगी। बरसाना में 5 वॉचटावर तथा 5 स्थानों पर अग्निशमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में माननीय मंत्री ने निर्देश दिए कि सभी कर्मचारी एवं अधिकारी श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों से विनम्र रहे। मंडलायुक्त नगेन्द्र प्रताप ने निर्देश दिए कि नकली गुलाल बेचने वालों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा कही पर भी नकली गुलाल नहीं बिकना चाहिए।

# जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ नौ ब्लॉकों के खिलाड़ियों ने दिखायी प्रतिभा




**फिरोजाबाद।** दाऊ दयाल स्टेडियम में खेलो इंडिया के तहत 33वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक मनीष असीजा रहे, जबकि अध्यक्षता बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडे ने की। जनपद के नौ ब्लॉकों से आए छात्र-छात्राओं ने मार्चपास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई और प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया। अपने संबोधन में विधायक असीजा ने कहा कि अपने से बेहतर खिलाड़ी का सम्मान करना सीखें तभी खेल की असली भावना जीवित रहती है। उन्होंने कहा कि खेल हमेशा जीतने के लिए खेलना चाहिए, लेकिन अनुशासन और सम्मान के साथ। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। बीएसए आशीष कुमार पांडे ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेल विधाओं में मुकाबले आयोजित किए गए। विजेताओं को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र उसायनी का किया निरीक्षण

**फिरोजाबाद।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राम बदन राम ने शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसायनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने अनुपस्थित चिकित्सा अधिकारी तथा कर्मचारियों का वेतन कटौती के लिए निर्देशित किया। सफाई व्यवस्था संतोष जनक पाई गई प्रभारी अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उसायनी को निर्देशित किया गया कि वह स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें, टीवी रोगियों की जांच कर उनका समुचित उपचार प्रदान करवाना सुनिश्चित करें, खोजी अभियान चलाकर कुष्ठ के रोगियों को खोज कर उनका इलाज करवाना सुनिश्चित करें।

# शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम की परमिशन न होने पर पुलिस ने कार्यक्रम बंद कराया



**टूंडला।** वीरांगना फूलनदेवी और सात साल पहले हुए पुलवामा हमले में मारे गए जवानों को श्रद्धांजलि देकर शहादत दिवस मना रहे वीर फूलनदेवी जन संगठन तथा जनसेवा दल के पदाधिकारियों को पुलिस ने रोक दिया। साथ ही प्रशासनिक परमिशन न होने पर कार्यक्रम पर रोक लगा दी। इसके उपरांत पुलिस कार्यक्रम के आयोजक पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। वीर फूलन देवी जन संगठन तथा जनसेवा दल के प्रदेश प्रभारी व कार्यक्रम के आयोजक पूरन सिंह तत्वावधान में वीर फूलन देवी व पुलवामा हमले में शहीदों हुए जवानों को श्रद्धांजलि सभा का कार्यक्रम आयोजन की तैयारी चल रही थीं। तभी थाना नगला सिंघी प्रभारी पारुल मिश्रा पुलिस बल के साथ कार्यक्रम में पहुंच गईं। प्राशसनिक परमिशन न होने पर कार्यक्रम पर रोक लगा दी। कार्यक्रम के आयोजक ने बताया कि कार्यक्रम के लिए थाने में लिखित पत्र दिया था। कार्यक्रम को लेकर थाना प्रभारी पारुल मिश्रा ने एसडीएम की परमीशन लेने की सलाह दी थी, किंतु तत्काल में परमीशन नहीं मिल सकी। कार्यक्रम रोकने की वीडियो गांव के लोगों ने बना ली। वीडियो बना रहे लोगों से पुलिस की झड़प हो गई। इसके उपरांत थाना पुलिस आयोजक व उनके बेटे हरी सिंह को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

# मथुरा में बनेगा देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति म्यूजियम



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के परिसर में देश का पहला राष्ट्रीय गो-संस्कृति म्यूजियम स्थापित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की पहल उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा की गई है, जिसके लिए विश्वविद्यालय परिसर में भूमि का चयन कर लिया गया है। यह म्यूजियम गोवंश के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से गाय और उसके उत्पादों की उपयोगिता को आम जनमानस तक पहुंचाएगा। परंपरा और विज्ञान के इस अनूठे संगम के माध्यम से गो-संरक्षण, गो-पालन और गो-आधारित जीवनशैली की समग्र समझ विकसित की जाएगी। शनिवार को ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप, जिलाधिकारी सीपी सिंह, परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सूरज पटेल तथा मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी एन , परिषद के पर्यावरण सलाहाकर मुकेश शर्मा, वेटरनेरी यूनिवर्सिटी से डा. अमित शुक्ला ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण कर परियोजना की रूपरेखा पर चर्चा की। मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने बताया कि म्यूजियम में डिजिटल और प्रतीकात्मक स्वरूप में गोवंश के 100 मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे। इसमें देश में पाई जाने वाली सभी प्रमुख गोवंशीय नस्लों के साथ-साथ लुप्तप्राय प्रजातियों को भी शामिल किया जाएगा, ताकि भावी पीढ़ी को भारत की समृद्ध गो-परंपरा का समग्र परिचय मिल सके। म्यूजियम का एक प्रमुख आकर्षण गाय के दूध और उससे बनने वाले उत्पादोंकृदूध, दही, पनीर, घी आदि की प्रदर्शनी होगी। यहां इन उत्पादों की वैज्ञानिक, पोषणात्मक और आयुर्वेदिक उपयोगिता को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त परिसर में दुग्ध उत्पाद पार्लर भी विकसित किया जाएगा, जहां आगंतुकों को शुद्ध दुग्ध उत्पाद उपलब्ध होंगे। परियोजना के अंतर्गत गाय को भारतीय संस्कृति में प्राप्त ‟माता” का स्थान सनातन परंपरा में उसकी आध्यात्मिक भूमिका को यहाँ विशेष रूप से रेखांकित किया जाएगा। इसके माध्यम से यहाँ बताया जाएगा कि गो-संरक्षण केवल आर्थिक या कृषि विषय नहीं, बल्कि धार्मिक साधना, सात्त्विक जीवनशैली और लोककल्याण से गहराई से जुड़ा हुआ है। श्री मंडलायुक्त नगेंद्र प्रताप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर विकसित किया जा रहा यह गो-संस्कृति म्यूजियम ब्रज क्षेत्र की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और गो-आधारित अर्थव्यवस्था को वैज्ञानिक मानकों पर समझने व अपनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# कंगना रनौत मामले में पुलिस आख्या पर हुई तीखी बहस, कोर्ट ने 6 मार्च की तिथि की नियत

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश के मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मामले में शुक्रवार को स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए अनुज कुमार सिंह की कोर्ट में वादी पक्ष की ओर से पुलिस आख्या पर काफी लंबी बहस हुई। वादी वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सुखबीर सिंह चौहान एवं राजवीर सिंह ने कहा कि पुलिस ने पुनः पूर्ववत आख्या प्रस्तुत कर दी है। कंगना रनौत का कोई बयान नहीं लिया है। कंगना रनौत की ओर से उनकी अधिवक्ता अनसूया चौधरी द्वारा बयान दिया गया है जो कानूनी तौर पर सही नहीं है तथा माननीय न्यायालय के आदेश की घोर अब मानना है। अधिवक्ताओं ने बहस में कोर्ट से पूछा भी कि क्या कोर्ट इस बात की इजाजत देता है कि वादी या विपक्षी की पैरवी करने वाला अधिवक्ता वादी अथवा विपक्षी की ओर से बयान दे सकता है ? कोर्ट ने इस पर सहमति व्यक्त करते हुए वादी पक्ष के अधिवक्ताओं से इस संबंध में रूलिंग प्रस्तुत करने के लिए कहा तथा बहस के लिए 6 मार्च 2026 की तिथि नियत कर दी। रमाशंकर शर्मा एडवोकेट की ओर से बी.एस. फौजदार, आईडी श्रीवास्तव, कुमारी प्रीति, कुमारी तान्या जैन सहित कई अधिवक्ताओं ने भाग लिया।

संक्षेप

## इंडियन ओवरसीज बैंक ने किया नेटवर्क विस्तार

चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने अपने 90वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्टार्टअप बैंकिंग शाखाओं के उद्घाटन के साथ अपने स्टार्टअप बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत किया है। एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चेन्नई स्थित मुख्यालय वाले इस बैंक ने अपना ग्रामीण संपर्क कार्यक्रम आईओबी ग्राम स्वीकर शुरू किया, जिसके तहत तमिलनाडु के 14 जिलों और केरल के तिरुवनंतपुरम में 90 ग्राम पंचायतों को अपनाया गया। बैंक ने एक बयान में कहा, "इंडियन ओवरसीज बैंक ने अपने 90वें स्थापना दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण पहलें शुरू कीं, जो भारत के स्टार्टअप परिवेश को मजबूत करने और ग्रामीण समुदायों में वित्तीय समावेशन को बढ़ाने पर केंद्रित हैं।

## जुआरी इंडस्ट्रीज को 26.42 करोड़ का घाटा

नयी दिल्ली। अधिक खर्च होने की वजह से वित्तवर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में जुआरी इंडस्ट्रीज को 26.42 करोड़ रुपये का शुद्ध एकीकृत घाटा हुआ है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि उसे पिछले साल की समान तिमाही में 25.23 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के दौरान कंपनी की कुल आय बढ़कर 301.48 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी समय में 274 करोड़ रुपये थी। आलोच्य अवधि में कंपनी का कुल खर्च एक साल पहले के 312.75 करोड़ रुपये के मुकाबले बढ़कर 334.24 करोड़ रुपये हो गया। जुआरी इंडस्ट्रीज के प्रबंध निदेशक अतहर शहाब ने कहा, तीसरी तिमाही हमारे चीनी, बिजली और एथेनॉल खंड में लगातार परिचालन प्रगति को दिखाती है, जिसे पेराई सत्र के दौरान मजबूत जमीनी कार्यान्वयन से समर्थन मिला है।

## इक्सिगो करेगी ट्रेनेस का अधिग्रहण

नयी दिल्ली। यात्रा बुकिंग पोर्टल इक्सिगो के निदेशक मंडल ने स्पेन के दूसरे सबसे बड़े ट्रेन बुकिंग मंच ट्रेनेस में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का 1.17 करोड़ यूरो (लगभग 125 करोड़ रुपये) में अधिग्रहण करने संबंधी बाध्यकारी समझौते को मंजूरी दे दी है। इक्सिगो का यह पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय अधिग्रहण है। ट्रेनेस मंच का संचालन करने वाली कंपनी ऑनलाइन ट्रैवल सॉल्यूशंस में नियंत्रक हिस्सेदारी का अधिग्रहण इक्सिगो के लिए यूरोप के बाजार में रणनीतिक प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करता है। इक्सिगो ने एक बयान में कहा इस निवेश से ट्रेनेस मंच के मजबूत ग्राहक आधार और स्थानीय रेल सेवा प्रदाताओं के साथ उसके जुड़ाव को इक्सिगो के एआई-आधारित नवाचार और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञता के साथ जोड़कर बेहतर तालमेल बनाने की उम्मीद है। कंपनी ने बताया कि इस अधिग्रहण के साथ उसका लक्ष्य यूरोप में विकास के नए अवसरों को तलाशने के लिए ट्रेनेस के उत्पाद विकास को गति देना, उसे कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस करना और ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाना है।

## 11,000 करोड़ के रोड प्रोजेक्ट मंजूर

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र, तेलंगाना और गुजरात में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। शनिवार को आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने शुक्रवार को 3,320.38 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर महाराष्ट्र में एनएच-160ए के घोटी-त्रयंबक (मोखाडा)-जवाहर-मनोर-पालघर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को मंजूरी दे दी। सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि नासिक के पश्चिमी क्षेत्र, खासकर अंबाड़ और सतपुर के आसपास, महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम द्वारा विकसित औद्योगिक इकाइयों का घना समूह स्थित है, जिससे इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर माल परिवहन होता है। मंत्रालय ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महाराष्ट्र में एनएच-160ए के 154.635 किलोमीटर खंड के पुनर्वास और उन्नयन को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) मोड पर मंजूरी दे दी है।

# 500 अरब डॉलर पहुंचेगा भारत-अमेरिका का व्यापार

### अमेरिका के साथ व्यापार समझौते से भारत को प्रतिस्पर्धी दाम पर मिलेगा कच्चा तेल : गोयल

एजेंसी

मुंबई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच हुआ अंतरिम व्यापार समझौता देश की ऊर्जा जरूरतों को भी शामिल करेगा और इससे भारत को कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी दरों पर हासिल करने में मदद मिलेगी। गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई है और सरकार इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रयासरत है।




उन्होंने कहा कि प्रस्तावित 500 अरब डॉलर के व्यापार में कच्चा तेल, एलएनजी और रसोई गैस जैसी भारत की ऊर्जा जरूरतें भी शामिल होंगी। गोयल ने कहा भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है और इसकी ऊर्जा मांग प्रतिवर्ष लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। आयात बढ़ाने और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या अधिक होने से कच्चा तेल अधिक प्रतिस्पर्धी कीमतों पर प्राप्त किया जा सकेगा। भारत और अमेरिका ने पिछले सप्ताह एक अंतरिम व्यापार समझौते की रूपरेखा पर सहमति की घोषणा की थी, जिसके तहत कई वस्तुओं पर आयात शुल्क में कटौती कर द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा दिया जाएगा। समझौते के तहत अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करेगा, जबकि भारत सभी अमेरिकी औद्योगिक उत्पादों और खाद्य एवं कृषि उत्पादों की एक व्यापक शृंखला पर आयात शुल्क खत्म कर देगा या उसमें कटौती करेगा। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत वर्तमान में करीब 14 करोड़ टन इस्पात का वार्षिक उत्पादन करता है और आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की उम्मीद है। इसके लिए देश को इस्पात निर्माण में प्रयुक्त विशेष कोयला कोकिंग कोल की जरूरत होगी, जिसका आयात फिलहाल लगभग 1.50 लाख करोड़ रुपये का है और इसके तीन लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत कोकिंग कोल के आयात के लिए दो-तीन देशों पर निर्भर है और आपूर्तिकर्ताओं की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धी मूल्य और आपूर्ति सुरक्षा सुनिश्चित होगी। गोयल ने कहा कि अमेरिका बुनियादी ढांचा, कनेक्टिविटी और वितरण से जुड़े उत्पादों में मजबूत है और भारत इन क्षेत्रों में अधिक पहुंच चाहता है ताकि डेटा सेंटर जैसे क्षेत्रों में विस्तार किया जा सके।

## बुनियादी ढांचे और उद्योग को बढ़ावा देगा बजट

मुंबई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय बजट 2026-27 में बुनियादी ढांचा, रेलवे और उद्योग के लिए किए गए प्रावधानों का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र इस बजट के सबसे बड़े लाभार्थियों में से एक होगा जिसका राज्य की वृद्धि पर सीधा असर होगा। गोयल ने केंद्रीय बजट के बारे में यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुंबई और नवी मुंबई डेटा केंद्रों के लिए प्रमुख गंतव्य हैं क्योंकि वहां समुद्र के अंदर केबल बिछाई जाती है, जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करेगी और रोजगार पैदा करेगी। उन्होंने कहा बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 12.21 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वधावन बंदरगाह, नया हवाई अड्डा और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे जैसी परियोजनाओं से महाराष्ट्र को सीधे लाभ होगा।

# तीन दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे आरएसएस प्रमुख भागवत


जिला संवाददाता



गोरखपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत शनिवार शाम संगठन के शताब्दी वर्ष कार्यक्रमों के सिलसिले में तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर पहुंचे। वह हवाई मार्ग से शहर पहुंचे और यहां उनका माधव धाम स्थित संघ कार्यालय में प्रवास है। आरएसएस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। आरएसएस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपने प्रवास के दौरान, भागवत कई बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को आरएसएस प्रमुख सुबह 9:30 बजे एक सामाजिक सद्भाव बैठक को संबोधित करेंगे, जिसमें प्रांत भर से विभिन्न जातियों, समुदायों और सामाजिक समूहों के प्रमुख सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है। वह प्रतिभागियों से बातचीत करेंगे और सामाजिक सद्भाव तथा एकता पर अपने विचार भी साझा करेंगे। बाद में उसी दिन भागवत अपराह्न तीन बजे एक प्रमुख जनगोष्ठी में भाग लेंगे, जो समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिष्ठित नागरिकों का एक सम्मेलन है। जनगोष्ठी में चर्चा का मुख्य विषय विभिन्न सामाजिक समूहों के बीच आपसी विश्वास, समन्वय और सहयोग को मजबूत करना होगा।

# दुर्घटनाएं रोकने में मदद कर रहा एआई

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारत में फैली 64 लाख किलोमीटर लंबी सड़कों पर होने वाली जानलेवा दुर्घटनाओं को कम करने में अब कृत्रिम मेधा (एआई) का भी बखूबी इस्तेमाल किया जा रहा है। वर्ष 2024 में सड़क हादसों में 1,77,177 लोगों की मौत का आंकड़ा मानवीय निगरानी की सीमाओं को स्पष्ट करता है। प्रतिदिन औसतन 485 लोगों की मौत का आंकड़ा बताता है कि भारतीय सड़कों की जटिलता, मिश्रित यातायात और अप्रत्याशित ड्राइविंग व्यवहार इसे विश्व की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक बनाते हैं।

यद्यपि, विज़न-आधारित एआई की नयी लहर अब इस परिदृश्य को फॉरेंसिक विश्लेषण से हटाकर वास्तविक समय में हस्तक्षेप की ओर ले जा रही है। यह प्रौद्योगिकी भारतीय सड़कों की अव्यवस्था को बाधा के स्थान पर समृद्ध प्रशिक्षण डेटा के रूप में प्रयुक्त कर रही है। नेट्राडाइन के कार्यकारी उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग) तेजा गुडेना ने कहा, ये एआई कैमरे कोचिंग सिस्टम के रूप में कार्य करते हैं जो चालक के व्यवहार का वास्तविक समय में विश्लेषण करते हैं। ये प्रणालियां असुरक्षित दूरी पर वाहन चलाना, लेन का उल्लंघन और मोबाइल के उपयोग जैसे प्रतिरूपों को पहचानती हैं। जोखिम बढ़ने पर प्रणाली केबिन के भीतर तत्काल चेतावनी (अलर्ट) जारी करती है, जिसका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि समय रहते हस्तक्षेप करना है।

## डीयू में महिला यूट्यूबर ने लगाया हमले का आरोप

नयी दिल्ली। एक महिला यूट्यूबर ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैम्पस में प्रदर्शन के दौरान उसके साथ हाथापाई की गई और उसे जबरन ले जाने का प्रयास किया गया, जबकि एक छात्र समूह ने इस आरोप को खारिज करते हुए दावा किया कि उनके सदस्यों को निशाना बनाया गया है। इस बीच, दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कुलपति योगेश सिंह ने कहा, यह घटना चिंता का विषय है और सामाजिक सद्भाव बनाये रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने एक बयान में दावा किया कि यूजीसी नियमों को लेकर किया गया विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण था।

# भारत ने जलवायु के लिए बढ़ाया जीडीपी

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि भारत ने पिछले छह वर्षों में जलवायु कार्वाई पर खर्च बढ़ाकर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.6 प्रतिशत कर दिया है, जो कार्बन उत्सर्जन पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के राष्ट्रीय प्रयास को दर्शाता है।

सीतारमण ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में एक समिति की चर्चा में शिरकत करते हुए कहा कि भारत ने जलवायु कार्वाई के लिए अपनी प्रतिबद्धता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा छह साल पहले भारत अपने जीडीपी का लगभग 3.7 प्रतिशत जलवायु सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण पर खर्च करता था।



आज यह खर्च बढ़कर करीब 5.6 प्रतिशत हो गया है। हमने इसके लिए आवश्यक धन पहले ही निवेश कर दिया है। हम किसी और देश या स्रोत से वित्त या प्रौद्योगिकी मिलने का इंतजार नहीं कर रहे हैं, लेकिन ये संसाधन उपलब्ध होना जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश करना जारी रखेगा और हम उस प्रतिबद्धता पर लगातार आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्बन नियंत्रण रणनीतियों को केंद्रीय बजट 2026-27 में विशेषांकित किया गया है ताकि उन्हें पूरे देश में लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारत ने नवीकरणीय क्षेत्र में अपनी राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित प्रतिबद्धताओं में से दो-तिहाई हासिल कर ली है और वह भी लक्ष्य तिथि से चार साल पहले। सीतारमण ने कहा कि जो देश कम प्रदूषण फैला रहे हैं, उन्हें जलवायु कार्वाई में कम योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा जितना ध्यान हम उत्सर्जन नियंत्रण पर देते हैं, उतना ही हमें जुझारूपन और अनुकूलन की ओर भी देखना होगा। ऐसा नहीं होने पर हमें बहुत कुछ खोना पड़ सकता है। प्रौद्योगिकियों का आपस में समन्वय करना होगा।

# सीएम हिमंत के खिलाफ याचिका पर 16 को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के खिलाफ कार्वाई की मांग वाली याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है। इन याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि एक वायरल वीडियो में वह कथित तौर पर एक समुदाय विशेष के लोगों पर राइफल से निशाना साधते और गोली चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं।


उच्चतम न्यायालय की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ द्वारा इस मामले की सुनवाई किए जाने की संभावना है। उच्चतम न्यायालय ने शर्मा के खिलाफ कार्वाई के अनुरोध वाली वाम नेताओं की एक याचिका पर सुनवाई करने पर 10 फरवरी को सहमति जतायी थी। शीर्ष अदालत ने असम में आसन्न विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा समस्या यह है कि चुनाव का कुछ हिस्सा उच्चतम न्यायालय में लड़ा जाता है। उसने वकील निजाम पाशा की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि वह याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का एक कथित वीडियो भारतीय जनता पार्टी की असम इकाई ने सात फरवरी को अपने आधिकारिक एक्स खाते से साझा किया था जिसमें शर्मा को राइफल से दो लोगों की ओर निशाना साधते हुए देखा जा सकता है -जिनमें से एक ने नमाजी टोपी पहनी है और दूसरे ने दाढ़ी रखी है।

# सिग्नेचर ग्लोबल 7,500 करोड़ का करेगा निवेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी देश की प्रमुख कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लिमिटेड ने गुरुग्राम में एक बड़ी वाणिज्यिक परियोजना विकसित करने के लिए आरएमजेड ग्रुप के साथ एक संयुक्त उद्यम बनाया है। इस परियोजना में कुल मिलाकर लगभग 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

गुरुग्राम स्थित सिग्नेचर ग्लोबल और बेंगलुरु की कंपनी आरएमजेड ग्रुप ने गुरुग्राम में सदर्न पेरिफेरल रोड (एसपीआर) पर 18 एकड़ में व्यावसायिक परियोजना विकसित करने के लिए संयुक्त उद्यम बनाया है। जिसमें दोनों की बराबर हिस्सेदारी है। इस परियोजना में 55 लाख वर्ग फुट का क्षेत्र पट्टे पर देने योज्ञ होगा। इसमें प्रमुख कार्यालय स्थल के साथ खुदरा बिक्री स्थल




और लगभग 500 कमरों वाले दो होटल होंगे। सिग्नेचर ग्लोबल ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरएमजेड ने परियोजना में 50 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 1,283 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इस सौदे के तहत, सिग्नेचर ग्लोबल की अनुषंगी कंपनी गुरुग्राम कॉमर्सिटी लिमिटेड (जीसीएल) और आरएमजेड की इकाई मिलेनिया रियल्टर्स प्राइवेट लि. ने प्रतिभूति अभिदान और खरीद समझौता (एसएसपीए) किया है। इस समझौते के अंतर्गत, आरएमजेड की इकाई शेयर खरीद और शेयर अभिदान के माध्यम से जीसीएल में 50 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करेगी। संयुक्त उद्यम कंपनी के पास 18 एकड़ जमीन है। प्रतिभूति अभिदान एवं खरीद समझौता निवेशक और कंपनी (जारीकर्ता) के बीच नए शेयर या ज्‍ण की खरीद के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध है, जिससे कंपनी में प्रत्यक्ष निवेश होता है।

# मुंबई में निर्माणाधीन मेट्रो लाइन का स्लैब गिरने से एक की मौत

एजेंसी

मुंबई। मुंबई के मुलुंड इलाके में शनिवार दोपहर निर्माणाधीन मेट्रो रेल लाइन-चार के पुल का स्लैब कुछ वाहनों पर गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक ने दावा किया कि उन्होंने पिछले महीने मेट्रो निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान ठेकेदार द्वारा बरती जा रही खामियों को उजागर किया था। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मृतक के परिजन को पांच लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की और गहन जांच का वादा किया। वहीं, विपक्षी नेताओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार की आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि क्या मुंबई के लोगों की जान की कोई कीमत नहीं है। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब 12:15 बजे एलबीएस रोड पर जॉनसन एंड जॉनसन फैक्टरी के पास गर्डर पुल की पैरापेट दीवार का एक स्लैब एक ऑटो रिक्शा और स्कोडा कार पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। दमकल विभाग के अधिकारी ने बताया कि ऑटो रिक्शा में सवार होकर यात्रा कर रहे रामधन यादव की मौत हो गई, जबकि राजकुमार इंद्रजीत यादव (45), महेंद्र प्रताप यादव (52) और दीपा रुहिया (40) घायल हो गए।

## पेज एक का शेष

### नौकरी की

की संख्या कम होती जा रही, वे मर रहे हैं। ऐसे में गिद्धराज के प्रति कृतज्ञता जताने और उनको संरक्षण देने के लिए कैम्पियरगंज में संरक्षण केंद्र बनाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब कैम्पियरगंज में प्रदेश का पहला वानिकी एवं उद्यान विज्ञान विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। यहां युवाओं को जो डिप्लोमा व डिग्री मिलेगी, वह देश-दुनिया में नौकरी की गारंटी वाली होगी। आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण प्रदूषण की है। वायु प्रदूषण से फेफड़े खराब होंगे और धीरे-धीरे पूरा शरीर खराब हो जाएगा। जब प्रदूषण नहीं होगा तो बीमारी भी नहीं होगी। उन्होंने वायु प्रदूषण को लेकर दिल्ली की चर्चा करते हुए कहा कि वहां डॉक्टर दमा रोगियों, बुजुर्गों और बच्चों को घर से बाहर न निकलने की सलाह देते हैं। यह स्थिति पर्यावरण के साथ खिलवाड़ से बनती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास भी है और दमघोंटू वातावरण से मुक्ति भी। इसी क्रम में कैम्पियरगंज में बनने जा रहा वानिकी विश्वविद्यालय पर्यावरण की चुनौतियों से निपटने में और कारगर सिद्ध होगा। यह वनाच्छादन बढ़ाने और किसानों की आमदनी में वृद्धि का भी नया प्रयास होगा। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 के बाद प्रदेश और गोरखपुर के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि जब नीयत साफ हो तो परिणाम अपने आप आ जाते हैं। अच्छी दिशा में किए गए प्रयास से आज गोरखपुर में खाद कारखाना चालू हो चुका है। गोरखपुर में एम्स सेवाएं दे रहा है, बीआरडी मेडिकल कॉलेज चिकित्सा का उत्कृष्ट केंद्र बन चुका है। पिपराइच में चीनी मिल दोबारा चालू हो गई है। धुरियापार में कम्प्रेस्ड बायो गैस का प्लांट लग चुका है। गीडा में उद्योग ही उद्योग नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर और प्रदेश में विकास के बहुत बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। विकास की सोच ही वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगी।

अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जंगल कौड़िया ब्लॉक के हर गांव से जुड़ाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह यहां एक-एक गांव गए हैं। हर गांव की समस्या जानते हैं, समस्या समाधान के लिए संघर्ष किया है। बाढ़ की स्थिति में पानी में घुसकर लोगों तक पहुंचे हैं। समस्याओं की तस्वीर पहले से सामने थी तो लखनऊ से उन सभी समस्याओं का समाधान भी करा दिया है।

### पुलवामा हमले

के सर्वोच्च बलिदान को हार्दिक श्रद्धांजलिउ राष्ट्र की रक्षा के प्रति उनका साहस, वीरता और समर्पण देशवासियों के लिए सदा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा, पुलवामा में 14 फरवरी, 2019 को हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में भारत माता के चरणों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों को हार्दिक श्रद्धांजलि और नमन। गौरतलब है कि 14 फरवरी, 2019 को एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों को ले जा रही एक बस से टकरा दिया, जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। जवाबी कार्वाई में, भारत ने हमले के कुछ दिनों बाद बालाकोट हवाई हमला किया।

### कांग्रेस ने असम

से अब तक पूर्वोत्तर के 125 से अधिक लोगों को पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने 2019 में पुलवामा में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि दुनिया ने देखा है कि सरकार ने आतंकवादी हमले पर कैसे प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी देश की प्रतिक्रिया देखने को मिली थी। मोदी ने आरोप लगाया कांग्रेस ने देश की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया, बल्कि केवल बयानबाजी की और हथियारों की खरीद के समय घोटालों में लिप्त रही। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने आज सुबह डिब्रूगढ़ के मोरान बाईपास पर जिस आपात लैंडिंग सुविधा (ईएलएफ) का उद्घाटन किया है, वह सिर्फ एक लैंडिंग सुविधा नहीं बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक तरीका है।

### पूर्वोत्तर के पहले

पट्टी के रूप में कार्य करेगा और रक्षा, रसद और आपदा राहत प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि इसे असैन्य और सैन्य उपयोगों के उद्देश्य से बनाया गया है और यह आपात स्थिति में डिब्रूगढ़ हवाई अड्डे के विकल्प के रूप में कार्य करेगा। ईएलएफ पर मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंदा सोनोवाल, एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह और असम मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। हवाई पट्टी पर उतरने के बाद मोदी पास के एक कार्यक्रम स्थल के लिए रवाना हुए जहां से उन्होंने भारतीय वायु सेना के लड़ाकू और परिवहन विमानों के साथ-साथ हेलीकॉप्टर का हवाई करतब देखा। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद जनसमूह का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। शर्मा ने पारंपरिक मुगा गामोसा (गमछा) और असमिया जापी (टोपी) पहनाकर मोदी का स्वागत किया तथा उन्हें अंतिम चुटिया रानी सती साधनी का चित्र भेंट किया गया। साथ ही एयर चीफ मार्शल द्वारा वायु सेना की ओर से दिया गया स्मृति चिह्न भी भेंट किया गया।

### प्रधानमंत्री, गृहमंत्री

जवाबी हमला किया जिसे बालाकोट एयरस्ट्राइक के नाम से जाना जाता है। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने अपने प्राण न्योछावर करने वाले सीआरपीएफ कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका बलिदान राष्ट्र की स्मृति में सदा अंकित रहेगा। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में अपनी जान गंवाने वाले बहादुर नायकों को याद करता हूं। राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण, दृढ़ संकल्प और सेवा हमारी सामूहिक चेतना में हमेशा के लिए अंकित रहेगी। प्रत्येक भारतीय उनके अटूट साहस से प्रेरणा लेता है।

### आतंकवाद को

अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। परिवारों को सरकार की ओर से लगभग 2.25 करोड़ से तीन करोड़ रुपये की राहत राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि शहीद परिवारों की वास्तविक चिंताओं को दूर करने के लिए वीर परिवार ऐप शुरू किया गया है। सिंह ने कहा कि सीआरपीएफ कल्याण निदेशालय सभी शहीद परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उनसे सक्रिय रूप से संपर्क में है।

सीआरपीएफ प्रमुख ने कहा कि पिछले साल विभिन्न अभियानों में बल ने अपने आठ जवान खो दिए। उन्होंने कहा हम उनके परिवारों के संपर्क में हैं और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं, उनकी सभी जरूरतों को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं। मैं सभी शहीद परिवारों को आश्वस्त करता हूं कि सीआरपीएफ उनके साथ खड़ी है और उनकी सभी आवश्यकताओं को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेगी। यह हमला 14 फरवरी, 2019 को हुआ था, जब जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के एक आत्मघाती हमलावर ने श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर सीआरपीएफ के काफिले में शामिल एक बस से विस्फोटक से भरा एक वाहन टकरा दिया था। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवानों की जान चली गई थी।

### राष्ट्र निर्माण में

के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए करें। साथ ही, विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना के नेतृत्व की सराहना करते हुए संस्थान की चिकित्सा एवं शिक्षा सेवाओं को सराहा। समारोह में मेडिकल, एलाइड हेल्थ, नर्सिंग, मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग, योग विज्ञान एवं बायो-साइंसेज संकायों के विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की गईं। समारोह में 31 विद्यार्थियों को अकादमिक अवार्ड, दो छात्रों को स्वामी राम बेस्ट ग्रेजुएट अवार्ड, 14 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) का ऑनलाइन शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, सांसद त्रिवेन्द्र सिंह रावत, राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, कुलपति डॉ. राजेंद्र डोभाल, प्रबंधन मंडल, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### शहरी अवसंरचना

के निर्माण पर जोर दिया जाएगा। शहरी अवसंरचना के विकास पर केंद्रित यह कोष उच्च गुणवत्ता वाले शहरी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए बाजार वित्तपोषण, निजी क्षेत्र की भागीदारी और नागरिक-केंद्रित सुधारों का लाभ उठाएगा। बयान के अनुसार, इस कोष का लक्ष्य शहरों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति सुदृढ़, उत्पादक, समावेशी और जलवायु-अनुकूल बनाना है, ताकि उन्हें देश की आर्थिक वृद्धि के अगले चरण के प्रमुख चालक के रूप में स्थापित किया जा सके। यह कोष वित्त वर्ष 2025-26 से वित्त वर्ष 2030-31 तक प्रभावी रहेगा, जिसे वित्त वर्ष 2033-34 तक बढ़ाया जा सकता है। यह योजना बजट 2025-26 के उस दृष्टिकोण को लागू करती है जिसमें शहरों को वृद्धि के केंद्र के रूप में विकसित करने और शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास का प्रस्ताव दिया गया था।

### नोएडा मेट्रो

पहुंच और सुगम होगी। एक्सटेंशन कॉरिडोर से नोएडा के कई प्रमुख व्यावसायिक, औद्योगिक और शैक्षणिक क्षेत्रों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। सेक्टर-142 स्थित एडवांट बिजनेस पार्क, सेक्टर-98 का स्काईमार्क वन मॉल, सेक्टर-93 का मॉल ऑफ नोएडा, सेक्टर-145 में माइक्रोसॉफ्ट, सेक्टर-157 में टीसीएस, सेक्टर-126 में हैवेल्स, सेक्टर-132 में इंफोसिस और एडोबी, सेक्टर-135 में कॉग्निजेंट तथा सेक्टर-127 में ओरेकल जैसे बड़े संस्थानों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र भी इस विस्तार से जुड़ेंगे। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय, सेक्टर-91 का पंचशील बालक इंटर कॉलेज, सेक्टर-44 का महामाया बालिका इंटर कॉलेज और सेक्टर-128 का मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल अब मेट्रो नेटवर्क से बेहतर तरीके से कनेक्ट होंगे। इसके अलावा बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-93 पार्क जैसे प्रमुख सार्वजनिक स्थलों तक पहुंच आसान होगी। इस विस्तार से सड़क यातायात का दबाव कम होगा और यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी। मेट्रो को सड़क परिवहन का प्रभावी विकल्प बताते हुए अधिकारियों का कहना है कि इससे ट्रैफिक जाम में कमी, सड़क सुरक्षा में सुधार और ईंधन की बचत होगी। पर्यावरणीय दृष्टि से भी यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार से जीवाश्म ईंधन आधारित परिवहन पर निर्भरता घटेगी और कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। इस बाबत आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ शरद कोहली ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास में बेहतर कनेक्टिविटी की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। जिस तरह से नोएडा व ग्रेटर नोएडा विभिन्न औद्योगिक गतिविधियों का हब बन रहे हैं, यह नया मेट्रो रूट दिल्ली व नोएडा/ग्रेटर नोएडा के बीच कनेक्टिविटी को सुगम कर नए निवेश को बढ़ावा देने के साथ-साथ मेट्रो स्टेशनों के आसपास व्यावसायिक गतिविधियों को भी बल देगा। योगी सरकार का लक्ष्य नोएडा और ग्रेटर नोएडा को राष्ट्रीय और वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूत स्थान दिलाना है। यह परियोजना उसी व्यापक दृष्टि का हिस्सा है, जो उत्तर प्रदेश को आधुनिक, सुव्यवस्थित और सतत शहरी विकास की दिशा में आगे बढ़ा रही है।

### सड़क दुर्घटना

व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक नकदी-रहति (कैशलेस) इलाज मिलेगा, जो दुर्घटना की तारीख से सात दिनों तक मान्य होगा। गंभीर मामलों में प्राथमिक उपचार 48 घंटे तक और गैर-गंभीर मामलों में 24 घंटे तक उपलब्ध रहेगा। आधिकारिक बयान के मुताबिक, पीड़ति, राहगीर या घटना-स्थल पर मौजूद कोई भी व्यक्ति 112 नंबर पर फोन कर नजदीकी अस्पताल और एम्बुलेंस की जानकारी प्राप्त कर सकता है।




# आयरलैंड ने ओमान को हराया

## टी-20 वर्ल्डकप : वर्ल्डकप का सबसे बड़ा स्कोर बनाया, टकर ने नाबाद 94 रन बनाये

एजेंसी



कोलंबो। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप के 22वें मुकाबले में आयरलैंड ने ओमान को 96 रन से हराकर टूनार्मेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। शनिवार को कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी, लेकिन यह फैसला टीम के लिए उलटा साबित हुआ। आयरलैंड ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 235 रन बनाए, जो इस वर्ल्ड कप का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। जवाब में ओमान की टीम 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई। लॉर्कन टकर (94) को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। जोशुआ लिटिल ने 3 विकेट लिए टारगेट का पीछा करने उतरी ओमान के लिए ओपनर आमिर कलीम ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 29 हॉल पर 50 रन बनाए।

उनके अलावा हम्माद मिर्जा ने 37 बॉल पर 46 रन बनाए। आयरलैंड के लिए जोशुआ लिटिल ने 3, मैथ्यू हम्फ्रीज और बैरी मैकार्थी ने 2-2 विकेट लिए। जॉर्ज डॉकरेल को 1 विकेट मिला। आशीष ओडेदरा और हम्माद मिर्जा रन आउट हुए। टकर ने नाबाद 94 रन बनाए आयरलैंड के लिए कप्तान लॉर्कन टकर और गैरेथ डेलानी ने शानदार अर्धशतक जड़े। टकर ने 51 गेंदों पर नाबाद 94 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि डेलानी ने 30 गेंदों में 56 रन बनाए। वहीं जॉर्ज डॉकरेल ने आखिरी ओवर में लगातार तीन छक्के जड़ते हुए महज 9 गेंदों में नाबाद 35 रन बनाकर पारी को धमाकेदार अंदाज में समाप्त किया। ओमान की ओर से शकील अहमद ने 3 विकेट झटके, जबकि शाह फैजल और आमिर कलीम को 1-1 सफलता मिली।

बैरी ने ओमान की पारी का अंत कर दिया। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर शॉर्ट गेंद पर सुफियान ने मिड-ऑन के ऊपर से पुल शॉट खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से से लगकर हवा में चली गई। मिड-ऑन से अपनी बाईं ओर दौड़ते हुए रॉस ने सिर के ऊपर शानदार कैच लपका और इसके साथ ही ओमान की पारी 18 ओवर में 139 रन पर सिमट गई।

आयरलैंड ने मुकाबला 96 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। 16वें ओवर की चौथी बॉल पर मैथ्यू हम्फ्रीज ने ओमान को एक और झटका दे दिया। शकील अहमद कैच एंड बोल्ड होकर पवेलियन लौटे। जोशुआ लिटिल ने अपने स्पेल का शानदार समापन किया। उन्होंने 16 रन देकर 3 विकेट लिए। 15वें ओवर की चौथी बॉल पर नदीम खान को लिटिल ने क्लीन बोल्ड कर दिया। फुल लेंथ गेंद अंदर की ओर आई, नदीम ने फ्रंट फुट हटाकर ऑन साइड में बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधा लेग स्टंप से जा टकराई। नदीम 2 गेंद में बिना खाता खोले आउट हुए। मैथ्यू हम्फ्रीज के ओवर में ओमान को एक और झटका लगा। हम्माद मिर्जा 46 रन बनाकर रन आउट हो गए। मिर्जा ने गेंद को ऑन-साइड में हल्का सा धक्का दिया और तुरंत दूसरे रन के लिए कॉल कर दी, लेकिन उनके साथी ने रिस्पॉन्ड नहीं किया। डीप मिडविकेट से कार्टिस कैम्फर तेजी से अपनी बाईं ओर दौड़े और सटीक थ्रो बॉलर एंड पर फेंका। मिर्जा दूसरे रन के लिए आधी पिच तक आ चुके थे, लेकिन फिर रुक गए और वापसी का मौका नहीं मिला। थ्रो को कलेक्ट कर हैरी टेक्टर की मदद से रन आउट पूरा किया गया। मिर्जा गुस्से में पवेलियन लौटे। उन्होंने 37 गेंदों पर 46 रन बनाए, जिसमें 6 चौके और 1 छक्का शामिल था। जोशुआ लिटिल ने आयरलैंड को लगातार तीसरे ओवर में तीसरी सफलता दिलाई। उनकी शॉर्ट गेंद पर मोहम्मद नदीम ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से से लगकर ऊंची चली गई। डीप स्क्वेयर लेग पर डेलानी ने आसान कैच लपक लिया। लिटिल ने दोनों हाथ ऊपर उठाकर जश्न मनाया। ओमान ने तीन ओवर के अंदर तीन विकेट गंवा दिए हैं। 12वें ओवर की 5वां बॉल पर ओमान का चौथा विकेट गिरा।

विनायक शुक्ला बिना खाता खोले आउट हुए। बैरी मैकार्थी ने ओमान को बड़ा झटका दिया। 11वें ओवर की 5वीं बॉल 134.7 किमी/घंटा की रफ्तार से फेंकी गई बाउंसर पर आमिर कलीम ने पुल शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनकी उम्मीद से ज्यादा उछाल ले गई। बल्ले का टॉप-एज लगा और फाइन लेग से दौड़ते हुए मैथ्यू हम्फ्रीज ने शानदार डाइव लगाकर कैच लपक लिया। कलीम ने पवेलियन लौटते समय अपना बल्ला उठाकर अर्धशतक का अभिवादन किया। उन्होंने 29 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। ओमान ने टी-20 वर्ल्ड कप में पावरप्ले में नया रिकॉर्ड बना दिया। टीम ने आयरलैंड के खिलाफ पावरप्ले में 63/2 का स्कोर बनाया, जो टूनार्मेंट इतिहास में उसका हाईएस्ट पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले 2024 में नॉर्थ साउंड में स्कॉटलेंड के खिलाफ 53/2 उसका हाईएस्ट पावरप्ले स्कोर था। मार्क अडायर के इस ओवर में ओमान के बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और 14 रन बटोर लिए। 5वें ओवर तीन चौके लगे। पांच ओवर के बाद ओमान का स्कोर 51/2 है। मैथ्यू हम्फ्रीज ने इस ओवर में ओमान को दो बड़े झटके दिए। ओवर की पहली ही गेंद पर उन्होंने ज,तिंदर सिंह को छइह आउट कर दिया। फ्लैट और सीधी गेंद पर स्विच-हिट की कोशिश नाकाम रही और गेंद सीधे पैड पर लगी। अंपायर ने तुरंत उंगली उठाई और जतिंदर 7 रन बनाकर लौट गए।

# प्रमोद भगत ने एसएल3 स्वर्ण जीता छठा विश्व खिताब किया अपने नाम



मनामा। भारत के प्रमोद भगत ने शनिवार को यहां बीडब्ल्यूएफ पैरा विश्व चैंपियनशिप में इंडोनेशिया के मोहम्मद अल इमरान पर सीधे गेम में शानदार जीत दर्ज करते हुए पुरुषों के एसएल3 वर्ग का स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सैंतीस वर्षीय भगत ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी को 21-12, 21-18 से हराकर विश्व चैंपियनशिप में लगातार चौथा एकल स्वर्ण और इस वर्ग में कुल मिलाकर छठा विश्व खिताब जीता। यह जीत एसएल3 वर्ग में भगत के दबदबे को दर्शाती है। एसएल3 वर्ग में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं जिनके निचले अंगों में गंभीर दिव्यांगता होती है। भगत को पाच साल की उम्र में पोलियो हो गया था। उन्होंने 2009, 2015, 2019, 2022 और 2024 में विश्व चैंपियनशिप एकल स्वर्ण पदक जीते थे। शनिवार की इस जीत से उन्होंने चीन के दिग्गज लिन डैन को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने सक्षम (एबल बॉडी) बैडमिंटन में पुरुष एकल के पांच विश्व खिताब जीते हैं। इस तरह भगत विश्व चैंपियनशिप इतिहास में खेल के सबसे सफल एकल खिलाड़ी बन गए। यह जीत भगत के लिए शानदार वापसी भी साबित हुई क्योंकि उन पर बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) के डोपिंग रोधी के अपने स्थल की जानकारी देने वाले (वेयरअबाउट्स) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने का निलंबन लगा था जिसकी वजह से वह 2024 पेरिस पैरालंपिक में भाग नहीं ले सके थे। बाद में भगत ने सुकांत कदम के साथ मिलकर पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 का खिताब जीता जिसमें उन्होंने फाइनल में हमवतन जे दिल्ली और एन शिवकुमार को 21-19, 21-16 से शिकस्त दी। शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने फाइनल मुकाबले में नियंत्रण रखते हुए भगत के लिए दूसरा स्वर्ण तय किया। अन्य नतीजों में एन शिवकुमार पुरुष एकल एसएल4 वर्ग में फाइनल में फ्रांस के शीर्ष वरीय लुकास माजुर से 12-21, 21-19, 14-21 से हारकर उप विजेता रहे। महिला एकल एसयू5 में भारत की शीर्ष वरीय एम रामदास को फाइनल में चीन की यांग किउशिया से 11-21, 11-21 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त एन सुमति सिवान भी महिला एकल एसएच6 वर्ग में उपविजेता रहीं। उन्हें तीन गेम के कड़े फाइनल में चीन की ली फेंग से 14-21, 21-12, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा।

### दिल्ली ओपन : करन और मानस धामने को मिला एकल वाइल्ड कार्ड

नयी दिल्ली। डेविस कप खिलाड़ी करन सिंह और मानस धामने को सोमवार से यहां डीएलटीए परिसर में शुरू हो रहे एटीपी दिल्ली ओपन के मुख्य ड्रॉ एकल मुकाबलों के लिए वाइल्ड कार्ड प्रदान किए गए हैं। दिल्ली लॉन टेनिस संघ (डीएलटीए) ने हाल ही में नीदरलैंड के खिलाफ खेले गए डेविस कप मुकाबले में भारतीय टीम के रिजर्व सदस्य रहे दिग्विजय प्रताप सिंह को भी मुख्य ड्रॉ वाइल्ड कार्ड देने की पुष्टि की है। इसके साथ ही चार क्वालीफाइंग वाइल्ड कार्ड भी घोषित किए गए हैं।

करन को यह मौका बेंगलुरु में डेविस कप टाई में भारत की जीत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बाद मिला है, जबकि 18 वर्षीय मानस को भारतीय टेनिस की सबसे उज्ज्वल युवा प्रतिभाओं में से एक माना जाता है। डीएलटीए अध्यक्ष रोहित राजपाल ने विज्ञप्ति में कहा, करन सिंह और दिग्विजय प्रताप सिंह ने हालिया डेविस कप अभियान में अहम भूमिका निभाई थी और यह वाइल्ड कार्ड टीम की सफलता में उनके योगदान की मान्यता है।

## संक्षेप

### नेपाल व वेस्टइंडीज आमने-सामने

मुंबई। आत्मविश्वास से लबरेज वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप ग्रुप सी के मुकाबले में रविवार को वानखेड़े स्टेडियम पर नेपाल से भिड़ेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय बरकरार रखकर शीर्ष पर अपना स्थान पुख्ता रखने का होगा। वेस्टइंडीज टीम ने अभी तक दोनों मैच जीते हैं और नेट रनरेट (1.625) के आधार पर ग्रुप में शीर्ष पर है। एक और जीत से शीर्ष पर उसका स्थान और पक्का हो जायेगा। इसके बाद वेस्टइंडीज को कोलकाता में इटली से खेलना है और इन दोनों मैचों में जीत से ग्रुप में शीर्ष पर उसका रहना तय हो जायेगा लेकिन उसे आत्ममुग्धता से बचना होगा। नेपाल की टीम भले ही जीत नहीं सकी हो लेकिन उसने टुकड़ों में प्रतिभा का परिचय दिया है और वह उलटफेर कर सकती है। ऐसे में वेस्टइंडीज को संभलकर खेलना होगा और विरोधी को हलके में लेने की गलती से बचना होगा। नेपाल ने पिछले साल सितंबर में टी20 श्रृंखला में वेस्टइंडीज को 2 .। से हराया था। उसे पिछले मैच में इटली ने मात दी है। टी20 विश्व कप से पहले वेस्टइंडीज को न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखलाओं में हराया लेकिन टूर्नामेंट में यह टीम बदली हुई नजर आ रही है। सही समय पर इसने लय हासिल कर ली है और पहले मैच में स्कॉटलैंड को 35 रन से हराने के बाद इंग्लैंड को 30 रन से मात दी। दोनों मैचों में अलग अलग खिलाड़ी मैच जिताने वाले बने हैं और मुख्य कोच डेरेन सैमी यह देखकर जरूर खुश होंगे।

### सुपर आठ में कायम रहना चाहेगा अमेरिका

चेन्नई। नीदरलैंड पर मिली जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका टी20 विश्व कप ग्रुप ए के महत्वपूर्ण मुकाबले में नामीबिया को हराकर सुपर आठ में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रखना चाहेगा। अभी तक दोनों मैच जीतकर भारत और पाकिस्तान ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों पर है। अमेरिका अगर यह मैच जीतता है तो शीर्ष दोनों टीमों में से एक के हारने पर उसका मौका बन सकता है। पहले दोनों मैच हारने के बाद अमेरिका ने नीदरलैंड को 93 रन से हराया जो टी20 विश्व कप के इतिहास में किसी एसोसिएट टीम का रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। विभिन्न प्रारूपों में पिछले छह मैचों में नीदरलैंड से हारने के बाद अमेरिका की यह पहली जीत थी जिसकी नींव उम्दा बल्लेबाजी और अनुशासित स्पिन गेंदबाजी ने रखी। अंतिम एकादश में शामिल किये गए साइतेजा मुक्कामल्ला ने मौके का पूरा फायदा उठाते हुए बेहतरीन पारी खेली।

# भारत और पाकिस्तान मुकाबला आज

## भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला कौशल का नहीं, दबाव को झेलने का

एजेंसी



कोलंबो। क्रिकेट में सियासत के घालमेल के कारण पैदा हुआ गतिरोध अस्थायी तौर पर दूर होने के बाद टी20 विश्व कप के सबसे चर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी आमने सामने होंगे तो भारत के मध्यक्रम के सामने पाकिस्तान के स्पिनरों की चुनौती होगी और मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए अब दोनों टीमें किसी तरह की कोताही बरतना नहीं चाहेगी। पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार के अपने फैसले पर यू टर्न लेकर प्रेमदासा स्टेडियम पर यह मैच खेलने का फैसला लिया। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद , बांग्लादेश और श्रीलंका क्रिकेट के बीच हफ्तों तक लंबी बातचीत हुई। व्यवहारिक तौर पर पूरा दक्षिण एशिया इस मैच को कराने के प्रयासों में जुटा हुआ था चूंकि प्रसारकों, प्रायोजकों से लेकर दर्शकों तक के लिये यह मैच सबसे अहम रहता है। विवाद की शुरूआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान का कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ आईपीएल करार रद्द करने से हुई। बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाते हुए पाकिस्तान ने मैच के बहिष्कार का फैसला ले लिया था। वहीं दोनों टीमों के क्रिकेटरों ने इसे आम मैच बताकर हाइप कम करने की पूरी कोशिश की। लेकिन दोनों टीमों की क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता और खासकर इस मैच की पृष्ठभूमि को देखते हुए यह तो तय है कि अब कोई इसे हारना नहीं चाहेगा। हारने पर अपने प्रशंसकों का कोपभाजन बनना दोनों में से किसी टीम को मंजूर नहीं होगा और वह भी तब जबकि विश्व कप के अहम मुकाबले अभी आने बाकी हैं। भारत के सामने समस्या अभिषेक शर्मा को लेकर है जो पेट के संक्रमण के कारण दो दिन अस्पताल में रहे और नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल सके थे। उनके नहीं खेलने पर या तो संजू सैमसन को ही उतारा जाये या ईशान किशन के साथ पारी की शुरूआत के लिये वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया जाये जो फिट हो गए हैं। सुंदर प्रेमदासा स्टेडियम की धीमी पिच पर अच्छी आफ स्पिन गेंदबाजी भी कर सकते हैं। पिच को देखते हुए बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को भी उतारा जा सकता है। ऐसे में रिंकू सिंह को बाहर रहना पड़ सकता है। बाबर आजम के खिलाफ कुलदीप के शानदार रिकॉर्ड और एशिया कप फाइनल में उनके चार विकेट को देखते हुए उन्हें इस मैच में मौका देना अच्छा विकल्प होगा। विश्व कप से पहले भारत की बल्लेबाजी काफी मजबूत लग रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दो मैचों में बल्लेबाजों का प्रदर्शन चिंता का सबब है। अमेरिका के खिलाफ भारत के छह विकेट 77 रन पर गिर गए थे जबकि नामीबिया के खिलाफ डैथ ओवरों में मेजबान टीम ने चार रन के भीतर पांच विकेट गंवा दिये थे लेकिन 200 रन से अधिक का स्कोर और 93 रन से जीत के कारण यह कमजोरियां दब गई। दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन और हार्दिक पंड्या ने संकटमोचक की भूमिका निभाई। लेकिन बड़े टूर्नामेंट में एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन जरूरी है। पिछले साल हाइब्रिड मॉडल पर सहमति बनने के बाद पाकिस्तान टीम के मैच कोलंबो में हो रहे हैं जिससे उसे हालात और पिच की बेहतर जानकारी है। पिच धीमे गेंदबाजों की मददगार है और पाकिस्तान के पास उस्मान तारिक, सईम अयूब, अबरार अहमद, शादाब खान और मोहम्मद नवाज जैसे स्पिनर हैं। तारिक का गेंदबाजी एक्शन पहले ही चर्चा का विषय बन चुका है और भारतीय बल्लेबाजों से उनकी टक्कर रोचक रहेगी। पाकिस्तान की बल्लेबाजी साहिबजादा फरहान पर निर्भर होगी जबकि अयूब और हरफनमौला फहीम अशरफ उनका साथ देंगे। पाकिस्तान का सामना अभी तक बेहतरीन गेंदबाजी आक्रमण से नहीं हुआ है जो भारत के पास है। जसप्रीत बुमराह से लेकर वरूण चक्रवर्ती तक भारत के पास मैच विनर हैं और हरफनमौला शिवम दुबे की गेंदबाजी भी बेहतर हुई है। वैसे तमाम समीकरणों , टीम संयोजन और कौशल से इतर यह मुकाबला जज्बात पर काबू पाने का है और बाहरी तथा भीतरी दबाव झेलने वाली टीम की विजयी रहेगी। समयः मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। वहीं दूसरी ओर आधुनिक टी20 क्रिकेट में डेटा की भूमिका काफी अहम होती है और इसी वजह से मैच-अप (एक टीम के खिलाड़ी विशेष का दूसरे टीम के खिलाड़ी विशेष से मुकाबला) को शीर्ष अंतरराष्ट्रीय टीमों के कोचिंग स्टाफ की चर्चा में अहम स्थान प्राप्त होता है।

# पाम गोल्फ क्लब में 'डोर भाई कप' टूर्नामेंट का शानदार आयोजन



खेल संवाददाता

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी स्थित द पाल्मस गोल्फ क्लब में शुक्रवार को 'डोर भाई कप' गोल्फ टूनार्मेंट का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता खास तौर पर आर्किटेक्ट ग्रुप के खिलाड़ियों के लिए रखी गई थी, जिसमें कुल 25 खिलाड़ियों ने पूरे जोश और खेल भावना के साथ हिस्सा लिया। टूनार्मेंट के आयोजन में अशोक कुमार और राहुल सूरी की अहम भूमिका रही।

उनकी मेहनत और बेहतर व्यवस्थाओं की वजह से पूरा कार्यक्रम बेहद व्यवस्थित और सफल रहा। सुबह से ही खिलाड़ियों में खासा उत्साह देखने को मिला और पूरे दिन मैदान पर दोस्ताना माहौल बना रहा। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के विजेता योगेश त्यागी रहे, जबकि उपविजेता का खिताब आर. पी. शाही ने जीता। महिला वर्ग में सुश्री दीक्षा पटेल ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की और अवितेश वैष्णवी सिंह उपविजेता रहीं। ओवरऑल विजेता का सम्मान भी श्री योगेश त्यागी को मिला। विशेष पुरस्कारों में होल नंबर 5 पर लॉन्गेस्ट ड्राइव के लिए एस. के. सिंह (आईएएस, सेवानिवृत्त) को सम्मानित किया गया। होल नंबर 8 पर मॉन्स्टर ड्राइव का खिताब ऋषि दुग्गल ने जीता।



### भारत-पाक मुकाबले पर कोलंबो में कड़ी सुरक्षा

कोलंबो। श्रीलंका पुलिस ने शनिवार को कहा कि रविवार को कोलंबो में भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप क्रिकेट मुकाबले से पहले विशेष सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान रविवार को यहां स्थित आर प्रेमदासा स्टेडियम में आमने-सामने होंगे। श्रीलंका के अधिकारियों ने कहा कि मैच के आयोजन की सुरक्षा के मामले में कोई जोखिम नहीं लिया जाएगा। पुलिस प्रवक्ता एफ टी वूटलर ने संवाददाताओं से कहा, हमने (श्रीलंका पुलिस) ने एक विशेष यातायात और सुरक्षा व्यवस्था की है।

## सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया पर प्रसारित होगा आईएसएल

नयी दिल्ली। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2025-26 सत्र का प्रसारण करेगा क्योंकि लीग के मीडिया अधिकार धारी फैनकोड ने ब्रॉडकास्टर को लीनियर टेलीविजन अधिकार का सबलाइसेंस दिया है। इस करार के अंतर्गत एसपीएनआई के पास भारत में आईएसएल 2025-26 सत्र के लिए एक्सक्लूसिव टीवी प्रसारण अधिकार होंगे जबकि अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका में गैर एक्सक्लूसिव अधिकार होंगे। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के उप महासचिव एम सत्यनारायण ने एक विज्ञप्ति में कहा, यह भागीदारी आईएसएल की पहुंच को विस्तार करने की एआईएफएफ की प्रतिबद्धता दिखाती है। आईएसएल 2025-26 सत्र शनिवार से शुरू हो रहा है जिसमें एक चरण के राउंड-रॉबिन प्रारूप के तहत 91 मैच होंगे।

### जम्मू कश्मीर व उत्तराखंड की नजरें दिग्गजों को हराने पर

कोलकाता। पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड की नजरें रविवार से शुरू हो रहे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में अपनी लय कायम रखते हुए बंगाल और कर्नाटक जैसे दिग्गजों को हराने पर लगी होंगी। जम्मू कश्मीर ने इंदौर में मध्यप्रदेश को 56 रन से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। रणजी ट्रॉफी में 1959 .60 में पदार्पण करने के बाद से यह उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। तेज गेंदबाज आकिब नबी ने 110 रन देकर 12 विकेट चटकाते हुए जीत की नींव रखी। नबी अब तक टूर्नामेंट में 46 विकेट ले चुके हैं ।

# इंग्लैंड ने स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हराया

## इंग्लैंड की इस टी-20 वर्ल्डकप में दूसरी जीत, बैंटन ने नाबाद 63 रन बनाये, रशीद को 3 विकेट

एजेंसी



कोलकाता । इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 23वें मुकाबले में स्कॉटलैंड को 5 विकेट से हरा दिया। शनिवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए दिन के दूसरे मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्कॉटलैंड की टीम 19.4 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में इंग्लैंड ने 18.2 ओवर में 5 विकेट गंवाकर मैच अपने नाम कर लिया।

इंग्लैंड की इस टूनार्मेंट में तीन मैचों में यह दूसरी जीत है। इससे पहले 8 फरवरी को टीम ने नेपाल को रोमांचक मुकाबले में 4 रन से हराया था। इस जीत के साथ इंग्लैंड ग्रुप-सी के पॉइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं, स्कॉटलैंड की तीन मैचों में यह दूसरी हार रही। इससे पहले उसे वेस्टइंडीज के खिलाफ भी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। बैंटन ने नाबाद 63 रन की पारी खेली टारगेट का पीछा करते हुए इंग्लैंड के लिए टॉम बैंटन ने 41 बॉल पर नाबाद 63 रन बनाए। विल जैक्स 10 बॉल पर 16 रन बनाकर नाबाद लौटे। इनके अलावा जैकब बेथेल ने 32, सैम करन ने 28, हैरी ब्रुक ने 4, जोस बटलर ने 3 और फिल सॉल्ट ने 2 रन बनाए।

स्कॉटलैंड के लिए ब्रैंडन मैक्मुलेन, ओलिवर डेविडसन, ब्रैड व्हील, ब्रैड करी और माइकल लीस्क को 1-1 विकेट मिला। रिची बेरिंगटन ने 49 रन बनाए स्कॉटलैंड के लिए कप्तान रिची बेरिंगटन अर्धशतक चूक गए। उन्होंने 32 बॉल पर 49 रन बनाए। उनके अलावा माइकल जोन्स 33, टॉम ब्रूस 24 और ओलिवर डेविडसन नाबाद 20 रन बनाए।

इंग्लैंड के लिए आदिल रशीद ने 3, लियम डॉसन और जोफ्रा आर्चर ने 2-2 विकेट लिए। जैमी ओवरटन और सैम करन को 1-1 विकेट मिला। 19वें ओवर की पहली बॉल पर ब्रैड व्हील की धीमी फुल गेंद जो लेग स्टंप के बाहर थी, इस पर विल जैक्स आगे बढ़े और अपने हाथ खोलते हुए सीधा लॉन्ग-ऑन के ऊपर शानदार छक्का जड़ दिया। अगली ही गेंद पर व्हील ने शॉर्ट ऑफ लेंथ डाली। जैक्स लेग स्टंप के बाहर हटे और जोरदार पुल शॉट खेलते हुए डीप स्क्वेयर लेग बाउंड्री पार कर चौका जड़ दिया। इसी चौके के साथ इंग्लैंड ने टारगेट हासिल कर 5 विकेट से मैच अपने नाम कर लिया। 17वें ओवर की पहली बॉल पर स्कॉटलैंड को बड़ी सफलता मिली। तेज गेंदबाज ब्रैड व्हील ने सैम करन को आउट कर दिया।

ऑफ स्टंप पर हार्ड लेंथ की क्रॉस-सीम गेंद पर करन ने फ्रंट लेग हटाकर जोरदार हिट लगाने की कोशिश की, लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लग गया। गेंद काफी ऊंची हवा में गई। विकेटकीपर मैथ्यू क्रॉस ने दाईं ओर बढ़ते हुए खुद कॉल किया और आसान कैच लपक लिया। करन 20 गेंदों में 28 रन (1 चौका, 2 छक्के) बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड को 9.3 ओवर में बड़ा झटका लगा। ओलिवर डेविडसन ने सेट बल्लेबाज जैकब बेथेल को आउट कर 66 रन की साझेदारी तोड़ दी।

# राहुल गांधी की नीति, गुमराह करो

एजेंसी

करा‌ईकल (पुडुचेरी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि हाल में किए गए मुक्त व्यापार समझौतों एवं भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में देश के किसानों और मछुआरों के हितों की पूरी तरह से रक्षा की गई है। उन्होंने

- जनता जान चुकी है : अमित शाह

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी पर झूठ बोलकर किसानों एवं मछुआरों को गुमराह करने और भ्रम पैदा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता पर तीखा हमला बोलते हुए शाह ने आरोप लगाया कि गांधी ने रोजाना झूठ बोलने की एक नयी परंपरा शुरू कर दी है। पुडुचेरी के कराईकल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक बड़ी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, झूठ बोलना, जोर-जोर से झूठ बोलना और उसे दोहराना राहुल गांधी की नीति है। लेकिन लोग आपकी झूठ गढ़ने वाली फैक्टरी को पहचान चुके हैं। शाह ने आरोप लगाया, राहुल गांधी देश के मछुआरों और किसानों को गुमराह करना चाहते हैं। उनका इरादा झूठ बोलकर भ्रम फैलाना है। शाह ने कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ हस्ताक्षरित मुक्त व्यापार समझौतों के अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों, मछुआरों और पशुपालकों की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित की है।



गांधी जी से एफटीए और व्यापार समझौते के प्रावधानों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह करते हुए शाह ने दोहराया कि भारतीय हितधारकों के हितों को 100 प्रतिशत सुनिश्चित किया गया है। मछुआरों को एफटीए से लाभ होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान किसानों के हितों को बेच दिया गया था।

उन्होंने कहा, मुक्त व्यापार समझौते और व्यापारिक संधियों से हमारे किसानों को कोई नुकसान नहीं होगा। किसानों को नुकसान मनमोहन सिंह के शासनकाल में हुआ था।

उस समय कई वैश्विक समझौते हुए थे जिनमें किसानों के हितों की बलि दी गई थी। यहां नरेन्द्र मोदी जी ने किसानों और पशुपालकों की सुरक्षा सुनिश्चित की है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों, पशुपालन से जुड़े भाइयों और बहनों एवं मछुआरों को 100 प्रतिशत सुरक्षा प्रदान करने के लिए काम किया है। भाजपा के शीर्ष नेता ने भ्रष्टाचार को लेकर वी. नारायणसामी के नेतृत्व वाली पुडुचेरी की कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार (2016 से 2021) को निशाना बनाया और कैग (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में 15,000 करोड़ रुपये का पूरा विकास कोष हड़प लिया गया।

उन्होंने कहा कि मामले की जांच शुरू हो चुकी है। पुडुचेरी में अप्रैल में चुनाव होने वाले हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जल्द पुडुचेरी का दौरा करेंगे और विभिन्न विकास योजनाओं की घोषणा एवं उद्घाटन करेंगे। उन्होंने पुडुचेरी के मतदाताओं से मुख्यमंत्री एन रंगास्वामी के नेतृत्व वाली एआईएनआरसी-भाजपा सरकार और क्षेत्र के विकास के लिए मोदी के नेतृत्व को फिर से चुनने की अपील की। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने यह भी भरोसा जताया कि 2029 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) केंद्र में फिर से सत्ता में आएगा।

## महिला सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है : मंत्री अन्नपूर्णा देवी

नयी दिल्ली। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं की सुरक्षा राष्ट्रीय विकास की दिशा में पहला कदम है और यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। उन्होंने कहा कि महिलाएं अब नीति निर्माण और शासन के केंद्र में हैं।




## संक्षेप

### तेलंगाना में कांग्रेस की नीतियों का समर्थन

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि तेलंगाना में स्थानीय निकाय चुनावों में उनकी पार्टी की जीत राज्य सरकार की उन जन-केन्द्रित नीतियों का समर्थन है, जो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास पर आधारित हैं।

## भारत-अमेरिका समझौता किसानों के लिए फायदेमंद

बीड। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौता किसानों के लिए फायदेमंद होगा क्योंकि इससे उस देश में एक बड़ा नया बाजार खुलेगा, लेकिन कुछ लोग और दल इसके बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। फडणवीस ने परली में राज्य के पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित महा पशुधन प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा कोई समझौता कभी नहीं किया जाएगा जिसका भारत के किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।


## पाक के पंजाब प्रांत में 26 आतंकवादी गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में प्रतिबंधित टीटीपी और अल-कायदा के आतंकियों सहित कम से कम 26 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने विभिन्न शहरों में महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बनाने की साजिश रची थी। यह दावा कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने शनिवार को किया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की पुलिस ने एक बयान में कहा कि पिछले एक महीने के दौरान प्रांत के विभिन्न हिस्सों से 26 व्यक्तियों के कब्जे से हथियार, विस्फोटक और अन्य प्रतिबंधित सामग्री भी बरामद की गई, जिनमें अल-कायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के पांच खतरनाक आतंकवादी शामिल हैं।

## निर्वाचन आयोग ने नवनिर्वाचित सांसदों का गजट जारी किया

ढाका। बांग्लादेश के निर्वाचन आयोग ने 13वें आम चुनाव में नवनिर्वाचित सांसदों की सूची वाला एक गजट प्रकाशित किया है। मीडिया में आईं खबरों में शनिवार को यह जानकारी दी गई। गजट प्रकाशन के बाद सांसदों के शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार देर रात 300 संसदीय क्षेत्रों में से 297 के लिए गजट प्रकाशित किया गया।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com